राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 267
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
शनिवार 09 अप्रैल 2022
मूल्य : 1.50/-

RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट
पेज 3 जेवर पुलिस ने गाड़ियों की चोरी करके पार्ट्स को अलग-अलग कर बेचने वाले दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार
पेज 5 पेपर लीक कर पंचायत भवन में लिखी जा रही थी यूपी बोर्ड एग्जाम की कापियां, गाजीपुर में एसटीएफ ने छह को पकड़ा
पेज 7 देश में मधुमेह से पीड़ित लोगों में ओरल हेल्थ के प्रति जागरुकता के लिए कोलगेट से जुड़े अश्विन

## वैक्सीनेशन का अगला फेज

### 10 अप्रैल से 18+ के सभी लोगों को तीसरा डोज लगेगा

नई दिल्ली। 18 साल से अधिक उम्र के लोगों को 10 अप्रैल से कोरोना वैक्सीन का तीसरा डोज लगाया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसे प्रिकॉशन डोज नाम दिया है। हेल्थ वर्कर्स ओर 60 साल से अधिक उम्र के लोगों को यह मुफ्त लगाया जाएगा, जबकि बाकी वयस्कों को भुगतान करना होगा। यह प्राइवेट वैक्सीनेशन सेंटर्स पर लगाया जाएगा। यह डोज सिर्फ उन्हीं लोगों को लगाया जाएगा जिनकी उम्र 18 साल से अधिक है और जिन्होंने दूसरा डोज नौ महीने या उससे पहले लगवाया था।



#### कोवीशील्ड की कीमत 600 रुपए होगी

सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सीईओ अदार पूनावाला ने बताया कि कोवीशील्ड के प्रिकॉशन डोज की कीमत 600 रुपए होगी। इस पर टैक्स भी लगेगा, जिसके बाद इसकी कीमत कुछ और होगी। पूनावाला ने बताया कि कोवावैक्स को जब बूस्टर डोज के तौर पर मान्यता मिलेगी तो इसकी कीमत 900 रुपए होगी। इसके ऊपर टैक्स भी लगेगा।

#### भारत में कोविड वैक्सीन के आंकड़े

स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देश में 15 से अधिक उम्र वालों में से करीब 96त्न को लोग कोविड-19 का सिंगल डोज लग चुका है। जबकि 83 प्रतिशत लोगों को दोनों डोज लगाए जा चुके हैं। हेल्थ वर्कर्स, फ्रंटलाइन वर्कर्स और 60+ एज ग्रुप को 2.4 करोड़ से अधिक बूस्टर डोज लगाए गए हैं। 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग के 45 प्रतिशत लोगों ने भी पहली डोज ले ली है।

#### भारत में प्रिकॉशन डोज की क्यों जरूरत पड़ी

**प्रिकॉशन डोज कोरोना वैक्सीन का ही तीसरा डोज है। इस डोज की आवश्यकता दुनियाभर में कोविड-19 के नए वैरिएंट के आने के बाद महसूस की गई। भारत में इस साल 10 जनवरी को फ्रंटलाइन वर्कर्स और गंभीर बीमारियों से ग्रसित 60 साल से अधिक उम्र के लोगों को बूस्टर डोज देना शुरू किया था।**

## बेंगलुरु में 7 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, बम स्क्वॉड ने सर्च ऑपरेशन चलाया

एजेंसी

बेंगलुरु । बेंगलुरु में ईमेल के जरिए 7 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे धमकी भरा मेल मिलने के बाद स्कूलों से छात्रों को निकालना शुरू किया गया। बेंगलुरु सिटी के पुलिस कमिश्नर कमल पंत ने बताया कि पुलिस टीमें इन स्कूलों में छानबीन कर रही हैं। हालांकि सभी स्कूलों की जांच के बाद कोई बम नहीं मिला।

#### नहीं मिला कोई बम

बेंगलुरु ईस्ट के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त डॉ. सुब्रमण्येश्वर राव ने कहा कि इस तरह के ईमेल ज्यादातर अफवाह होते हैं, लेकिन हमने इसे गंभीरता से लिया है। सभी स्कूलों में छानबीन पूरी हो चुकी है, वहां कोई बम नहीं मिला है।

इनमें से कुछ स्कूलों में एग्जाम चल रही थी। पेरेंट्स को बच्चों को वापस लेने बुलाया गया।

हालांकि, पुलिस ने कहा है कि एग्जाम में कोई व्यवधान नहीं पड़ा था। पुलिस की टीम ईमेल के सोर्स की भी जांच कर रही है।

#### मेल में लिखा- देर न करें

जिस मेल के जरिए स्कूलों को धमकी दी गई है, उसमें लिखा है- आपके स्कूल में बहुत शक्तिशाली बम लगाया गया है। ध्यान दीजिए, ये मजाक नहीं है। तुम्हारे साथ-साथ हजारों जिंदगियां खतरे में पड़ सकती हैं। तुरंत पुलिस को इस बारे में खबर दीजिए। देर ना करें। अब सब कुछ सिर्फ आपके हाथों में है।

#### 7 स्कूलों जिन्हें धमकी मिली

1. दिल्ली पब्लिक स्कूल, वरथुर 2. गोपालन इंटरनेशनल स्कूल, महादेवापुरा 3. न्यू एकेडमी स्कूल, मराठाहल्ली 4. सेंट विंसेंट पॉल स्कूल 5. इंडियन पब्लिक स्कूल, गोविंदपुरा 6. एबेनेजर इंटरनेशनल स्कूल, इलेक्ट्रॉनिक सिटी

## देश के 17 शहरों में 44 पार पहुंचा पारा

### राजस्थान के अलवर में सबसे ज्यादा 45.8 ए तापमान

नई दिल्ली। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने शुक्रवार को देश में सबसे ज्यादा गर्म शहरों की लिस्ट जारी की, जिसमें राजस्थान के अलवर को सबसे ज्यादा गर्म बताया गया है। यहां 45.8ए सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है। वहीं सौराष्ट्र, गुजरात, विदर्भ, महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, पश्चिमी राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब और झारखंड के 17 शहरों में पारे ने 44 का आंकड़ा पार कर लिया है।

#### पिछले साल 8 अप्रैल को हो रही थी बारिश

बात अगर पिछले साल की गर्मी की करें तो मौसम विभाग ने 8 अप्रैल 2021 को अधिकतम तापमान 36ए से 41ए के बीच रहने की संभावना जताई थी, लेकिन रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण अधिकतम तापमान 40ए तक भी नहीं पहुंच सका था। लिहाजा गर्मी से राहत मिल गई थी।

#### लू की चपेट में दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्से पिछले सप्ताह से लू की चपेट में हैं और उनका अधिकतम तापमान 40ए सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है। मौसम विभाग ने कहा है कि दिल्ली में लू के और तेज होने की आशंका है। सफदरजंग वेधशाला का अधिकतम तापमान शनिवार को



42ए सेल्सियस को छू सकता है। हालांकि मंगलवार से बादल छाए रहने से भीषण गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है।

#### राजस्थान के 10 शहरों में ऑरेंज अलर्ट

जयपुर मौसम केन्द्र ने 11 अप्रैल तक प्रदेश में लू का अलर्ट जारी किया है। बाड़मेर, श्रीगंगानगर, जैसलमेर के अलावा बांसवाड़ा, बारां, डूंगरपुर, सवाई माधोपुर, टोंक, झुंझुनूं, बूंदी और कोटा में लू चलने की चेतावनी जारी करते हुए इन शहरों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

#### उत्तर प्रदेश के 6 जिलों में 44 पार होगा पारा

उत्तर प्रदेश में गर्मी के तेवर लोगों को डरा रहे हैं। मौसम विभाग ने राज्य में 12 अप्रैल तक भीषण गर्मी का अलर्ट जारी किया है। अप्रैल के पहले हफ्ते में ही लखनऊ, मेरठ, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर समेत कई शहरों में पारा 40ए के पार पहुंच गया है। मेरठ में गुरुवार को गर्मी ने पिछले 42 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। यहां का अधिकतम तापमान 39.4ए सेल्सियस दर्ज किया गया।

#### बिहार के 7 जिलों में अलर्ट जारी

राज्य के अधिकतर शहरों में अधिकतम तापमान 40ए पार हो गया है। मौसम विभाग ने राज्य के 7 जिलों में रेड अलर्ट जारी करते हुए अगले 3 दिनों में तापमान में 4ए तक बढ़ोतरी का पूर्वानुमान जताया है। राज्य के उत्तरी भागों में सतह से 0.9 किमी ऊपर तक पूर्वी एवं दक्षिण-पूर्वी हवा का प्रवाह हो रहा है। इसकी गति 6 से 8 किलो मीटर प्रति घंटे की है। इससे अगले 5 दिनों तक मौसम शुष्क बना रहेगा।

#### छत्तीसगढ़ में कम रहेगा गर्मी का असर

छत्तीसगढ़ का बिलासपुर हर बार की तरह इस बार भी अप्रैल में ज्यादा तप रहा है। यहां सात अप्रैल को तापमान 40.4ए दर्ज किया गया। राज्य के बाकी शहरों में पारा 40ए के नीचे रहा। दक्षिण छत्तीसगढ़ में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने या गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

## उत्तरप्रदेश : बाराबंकी में 5 टाइमर बम मिले

### रेलवे स्टेशन के पास मिले संदिग्ध बम, टिक-टिक की आवाज सुनकर ग्रामीण ने पुलिस को बुलाया

**बाराबंकी।** बाराबंकी से बड़ी खबर है। यहां सफेदाबाद रेलवे स्टेशन के पास 5 संदिग्ध टाइमर बम मिले हैं। एक बम में डिजिटल जैसी दिखने वाली वॉच लगी हुई है। राजधानी लखनऊ से महज 20 किमी दूर इन संदिग्ध बम मिलने से हड़कंप मच गया है। आनन-फानन में बम स्क्वॉड और एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड टीम मौके पर पहुंच गई।

जहां यह संदिग्ध बम मिले हैं, उस जगह की घेराबंदी करके सील कर दिया गया है। आसपास से लोगों को हटा दिया गया। रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों को भी कुछ देर के लिए रोका गया। इसके बाद बम डिस्पोजल यूनिट ने बम को डिफ्यूज किया। संदिग्ध बम के सैंपल को लैब में जांच के लिए भेजा गया है।

शुक्रवार दोपहर को सफेदाबाद रेलवे स्टेशन से पीछे की तरफ 100 मीटर दूर यह संदिग्ध बम नजर आए। इनकी साइज ईंट से कुछ छोटी थी। वहां से गुजर रहे एक युवक की सबसे पहले नजर पड़ी।

वह कुछ समझ नहीं पाया, लेकिन बाद में ध्यान से सुना तो इनसे टिक-टिक की आवाज आ रही थी। इसके बाद आसपास के ग्रामीण वहां पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी।

बताया गया कि कुछ बम जमीन के अंदर गड़े हुए थे, जबकि एक-दो बाहर पड़े थे। देखने से ऐसा लग रहा था कि जैसे किसी ने इनको यहां छिपाने की



कोशिश की हो। एक संदिग्ध बम में डिजिटल वॉच की तरह से दिखने वाला टाइमर लगा है।

#### सैंपल की जांच रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा यह क्या हैः एसपी

बाराबंकी के एसपी अनुराग वत्स ने बताया कि यह टाइमर बम है या कुछ और ? इस बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है।

गांव के एक युवक ने पुलिस को सूचना दी थी कि यहां बम जैसी चीज है। बम निरोधक दस्ता और एटीएस कमांडो मौके पर पहुंचे। रिस्क को खत्म करने के लिए उनको टीम ने नष्ट किया। जो सैंपल मौके पर मिले हैं उनको लैब भेजा गया है। सैंपल की जांच रिपोर्ट के बाद ही बताया जा सकेगा कि आखिर यह क्या हैं ?

#### एक बम फटा, लेकिन आवाज हल्की थी

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बम डिस्पोजल यूनिट ने सभी बम को डिफ्यूज किया। इस दौरान एक बम फट गया था। हालांकि, उसकी आवाज हल्की थी। हालांकि, इस बारे में पुलिस अफसरों ने कुछ भी नहीं बताया है। जहां बम मिले हैं, वहां से लखनऊ की दूरी महज 20 किमी है। पहले गोरखनाथ मंदिर पर हमला और फिर अब लखनऊ के पास संदिग्ध बम मिलने से पुलिस में हड़कंप मचा है। फिलहाल, पुलिस यह पता करने की कोशिश में जुटी है कि आखिर इन संदिग्ध बम को यहां किसने रखा था। इसके साथ ही, लैब रिपोर्ट का भी इंतजार किया जा रहा है।

## देश में कोरोना के 1,109 नये मामले

नयी दिल्ली। देश में कोरोना वायरस महामारी के नये मामलों के उतार-चढ़ाव के बीच पिछले 24 घंटे के दौरान एक हजार 109 नये मामले दर्ज किए गए हैं। इसी के साथ देश में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर चार करोड़ 30 लाख 33 हजार 67 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक 185 करोड़ 38 लाख 88 हजार 663 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के एक हजार 109 नये मरीज सामने आये हैं। देश में कोरोना सक्रिय रोगियों की संख्या 11 हजार 492 है। देश में सक्रिय मामलों की दर 0.03 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 0.24 प्रतिशत हो गयी है। इसी अवधि में एक हजार 213 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं।

## मोदी-आरएसएस के खिलाफ एकजुट हो रहा है विपक्ष : राहुल



एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार देश में नफरत फैलाकर समाज को बांटने का काम कर रही है इसलिए विपक्षी दल श्री मोदी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ विपक्ष एकजुट हो रहे हैं।

राष्ट्रीय जनता दल के नेता शरद यादव से उनके आवास पर मिलने के बाद श्री गांधी ने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा कि आरएसएस और मोदी के खिलाफ सबको एक साथ आना चाहिए। इस बारे में सभी दलों के नेता एकजुट हो रहे हैं और किस फ्रेमवर्क के साथ सभी दल सामने आएंगे इस पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा, यादव ने सही कहा कि देश की हालत बहुत खराब है। देश को बांटा जा रहा है। सबको एक साथ लाना है और अपनी एकता के इतिहास के रास्ते पर चलना है। शरद जी काफी लम्बे समय से बीमार थे। उनसे मिलने पर बहुत खुशी हुई है। उनके पास बहुत कुछ सीखने को मिला। काफी समय पहले आंध्र प्रदेश में कहीं गाड़ी में तीन घंटे उनके साथ बैठकर गया और उन्होंने इन तीन घंटों में देश की राजनीति को लेकर जो जानकारी दी वह मैं भूल नहीं सकता। श्री शरद यादव जी मेरे गुरु हैं इसलिए गुरु से मिलने आया था। शरद जी से मैंने बहुत कुछ सीखा है। बहुत अच्छा लगता है उनसे मिलकर।

गांधी ने महंगाई पर पूछे गये एक सवाल के जवाब में कहा महंगाई की कंडीशन से अलग है। जिस देश में सौहार्द नहीं होगा वहां महंगाई और बेरोजगारी बढ़ेगी।

#### बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई से गरीबों की आई शामत

कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार में महंगाई तेजी से बढ रही है और बेरोजगारी का आंकड़ा लगातार बढ रहा है जिसके कारण गरीबों की शामत आ गई है। कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी राज में बेरोजगारी और महंगाई ने गरीबों का जीना दूभर कर दिया है और आम जनता की शामत आ गई है। उन्होंने कहा कि महंगाई का जुल्म लगातार बढ रहा है और इसको लेकर एक रोचक सर्वेक्षण विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कल सामने आया है। इसमें लोगों ने कहा कि कोरोना से जयादा भय महंगाई का है। इसमें 52 प्रतिशत लोगों का कहना है कि महंगाई से ज्यादा उन्हें किसी और की चिंता नहीं है।

## आसाराम के गोंडा आश्रम में मिली बच्ची की लाश

### 3 साल की किशोरी का शव 8 महीने से खड़ी कार में मिला, 3 साल पहले गायब हुआ था बच्ची का पिता

**गोंडा।** रेप के मामले में जेल में बंद आसाराम के गोंडा आश्रम में कार के अंदर एक 13 साल की बच्ची की लाश मिली है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। बच्ची बीते 3 दिनों से अपने घर से गायब थी। यह आश्रम विमौर गांव में है। पुलिस ने पूरे आश्रम को सील कर दिया है।

आश्रम के चौकीदार ने बताया कि यह कार करीब 8 महीनों से यहां खड़ी है। कार से अचानक तेज बदबू आने की वजह से जब कार को खोलकर देखा तो उसमें लड़की की लाश दिखी जिसके बाद पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चौकीदार से पूछताछ की और शव निकालकर कार को सील कर दिया। पहचान छिपाने के लिए बच्ची के चेहरे पर केमिकल डाला गया है।

बताया जा रहा है कि परिवार का मुखिया 3 साल पहले गायब हुआ था। आजतक परिवार के मुखिया का पता नहीं चला।

माना जा रहा है कि घटना जमीन विवाद को लेकर हुई है। बच्ची की मां ने 7



लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। अब पुलिस फॉरेंसिक टीम की मदद से जांच कर रही है।

पुलिस आस-पास के कई लोगों से पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि शव सुबह 3 बजे से 4 बजे के बीच बरामद हुआ है। वहीं कोतवाल का कहना है कि देखने में शव काफी पुराना लग रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद खुलासा हो सकेगा।

#### जेल में बंद है आसाराम

**नाबालिग लड़की से रेप के मामले में आसाराम आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। इस वक्त आसाराम जोधपुर जेल में बंद है। अगस्त 2013 में रेप के मामले के सामने आने के बाद से आसाराम की गिरफ्तारी हुई। रेप केस में फैसला आते-आते करीब 5 साल लग गए। इस दौरान आसाराम ने कभी बेल मांगी तो कभी लड़की को नाबालिग मानने से इनकार कर दिया, लेकिन पीड़िता और उसके वकीलों ने हार नहीं मानी।**

## विदेशी चंदा हासिल करने का दावा नागरिकों का अधिकार नहीं : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि विदेशी चंदा हासिल करने का दावा करना नागरिकों का अधिकार नहीं है।

न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने %विदेशी योगदान (विनियमन) संशोधन अधिनियम-2020% की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा। इस अधिनियम में गैर सरकारी संगठनों, संघों और व्यक्तियों द्वारा प्राप्त धन के उपयोग सहित सख्त नियम लागू किए गए थे।

पीठ ने अपने 132 पन्नों के फैसले संशोधित अधिनियम को उचित बताते



हुए कहा कि बड़े सार्वजनिक हितों, सार्वजनिक व्यवस्था, और विशेष रूप से देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए विदेशी योगदान से संबंधित यह कानून सही है।

शीर्ष न्यायालय ने कहा कि राज्य में एक ऐसी व्यवस्था हो सकती है जो विदेशी चंदा प्राप्त करने पर पूरी तरह से रोक लगा सकती है, क्योंकि नागरिक को विदेशी योगदान प्राप्त करने का दावा करने का कोई अधिकार नहीं है।

पीठ ने कहा कि विदेशी चंदा न्यूनतम स्तर पर होना चाहिए क्योंकि यह राजनीतिक विचारधारा को प्रभावित या थोपने का कारगर माध्यम हो सकते हैं।पीठ ने यह भी कहा कि किसी भी देश की आकांक्षाएं विदेशी चंदे के आधार पर पूरी नहीं हो सकतीं। इसके लिए उस देश के अपने नागरिकों की कड़ी मेहनत और लक्ष्य हासिल करने का दृढ़ दृष्टिकोण जरूरी हैं।

पीठ ने हालांकि यह भी कहा कि यह संसद के समक्ष विकल्प खुला है कि वह प्रतिबंधों के स्तर को उच्च मानक से निम्न मानक या इसके विपरीत परिस्थितियों और अनुभव के आधार पर बदल सके।

## घूसखोर अफसर

### घर से बरामद हुए 4 करोड़ कैश, पकड़े जाने पर बोला- 1 हजार करोड़ का आदमी हूं

## राजस्थान में घूसखोर अफसर के पास 100 करोड़ की संपत्ति

जयपुर। राजस्थान में 5 लाख रुपए की रिश्वत लेने के मामले में पकड़े गए अफसर के घर से 100 करोड़ से ज्यादा की प्रॉपर्टी मिली है। राजस्थान बायोफ्यूल अथॉरिटी के सीईओ सुरेंद्र सिंह राठौड़ को गुरुवार रात राजस्थान एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने पकड़ा था। उसके लिए अथॉरिटी का एक संविदाकर्मी 5 लाख रुपए की रिश्वत ले रहा था। छापे के बाद राठौड़ के कई ठिकानों पर सर्चिंग की गई। आज एसीबी राठौड़ को कोर्ट में पेश करेगी। गुरुवार रात से शुरू हुई कार्रवाई में अब तक एसीबी को राठौड़ के घर और फ्लैट से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और महंगी शराब भी मिली है। इसके



आधार पर उनके खिलाफ ज्योति नगर थाने में आबकारी एक्ट में मामला दर्ज किया गया है।

एसीबी को राठौड़ के घर में सर्च के दौरान महंगी कार के साथ-साथ करोड़ों रुपए की जमीनों के दस्तावेज मिले हैं। इनकी जांच की जा रही है। अभी तक मिले दस्तावेजों के अनुसार राठौड़ लगभग 100 करोड़ की सम्पत्ति का मालिक है। राठौड़ की लग्जरी लाइफ और ठाट-बाट का इतना शौक था कि गाड़ी का नंबर भी वीआईपी 0007 ले रखा था।

#### घर से मिले 4 करोड़ कैश, बोले- एक हजार करोड़ का आदमी हूं

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने बायोफ्यूल प्राधिकरण के प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुरेंद्र सिंह राठौड़ को गुरुवार देर रात रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

डायरेक्टर के लिए संविदाकर्मी ने 5 लाख रुपए की रिश्वत ली थी। जयपुर में गुरुवार को देर शाम योजना भवन में



यह कार्रवाई की गई। ACB की जयपुर ग्रामीण यूनिट को रिश्वत को लेकर शिकायत मिली थी।

कार्रवाई के बाद डायरेक्टर ने एसीबी अधिकारियों से कहा- 1 हजार करोड़ का आदमी हूं।

तुम लोग मेरा क्या बिगाड़ लोगे ? एसीबी टीम ने डायरेक्टर के फ्लैट-घर पर सर्च किया। घर से इतना कैश मिला कि नोट गिनने की मशीन लानी पड़ी। नोट गिनने के लिए 10 मशीनें लगानी पड़ी। उसके घर से कुल 4 करोड़ कैश भी मिला है। डायरेक्टर ने पकड़े जाने के बाद एसीबी के अधिकारियों से कहा कि मैं एक हजार करोड़ का आदमी हूं, मेरा क्या बिगाड़ लोगे।

एडीजी एसीबी आईपीएस अधिकारी दिनेश एमएन ने बताया कि एसीबी अपनी जांच करने के बाद इनकम टैक्स, ईडी को भी राठौड़ के बारे में जांच करने के लिए लिखेगी। राठौड़ के घर से मिले दस्तावेजों की जांच करने के लिए टीमें आज भी कई जगहों पर दबिश देंगी।

## शार्ट न्यूज

### दो साल बाद जामिया मस्जिद में जुमे की नमाज

श्रीनगर। पिछले दो साल में पहली बार रमजान के महीने में यहां ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में जुमे की नमाज अदा की गई। जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में नोहट्टा इलाके स्थित जामिया मस्जिद पिछले दो साल से कोरोना प्रतिबंधों के कारण रमजान के महीने के दौरान बंद रही। रमजान के महीने के पहले शुक्रवार को मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करने के लिए महिलाओं और बच्चों सहित हजारों की संख्या में लोग आज मस्जिद में पहुंचे। जुमे की नमाज पढ़ाने वाले मौलाना सैयद अहमद सैयद नक्शबंदी ने नमाज से पहले खुतबा पढ़ा। नमाज के बाद लोगों के एक समूह ने 'आजादी समर्थक' नारे लगाए। इसके साथ नमाज शांति के साथ पूरी हुई। मस्जिद की प्रबंधक समिति, अंजुमन औकाफ जामा मस्जिद ने कहा कि लोग अलगाववादी नेता मीरवाइज उमर फारूक को हिरासत में रखे जाने के कारण नाराज हैं। उन्होंने खेद व्यक्त किया कि मीरवाइज लगातार तीसरे वर्ष मनमाने ढंग से नजरबंद हैं। इस दौरान अंजुमन ने अधिकारियों से मीरवाइज को रिहा करने के लिए कहा।

### जम्मू-कश्मीर में सड़क दुर्घटना में झारखंड के चार पर्यटक घायल

श्रीनगर। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के गंदेरबल जिले में शुक्रवार को एक वाहन के अनियंत्रित होकर पलटने से झारखंड के चार पर्यटक घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी है। उसने बताया कि एक टेम्पो ट्रैवलर श्रीनगर से कारगिल की ओर जा रहा था, तभी दक्षिणी कश्मीर में गंदेरबल जिले के दुरसुमा इलाके में चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण वह पलट गया। चार घायलों में से तीन को प्राथमिक उपचार देने के बाद छुट्टी दे दी गयी है जबकि गंभीर रूप से घायल विनोद वास्की इलाज के लिए शेर-ए-कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसकेआईएमएस) भेजा गया है। शेष तीन घायलों की पहचान गुड्डू के पुत्र कार्तिक पुजारी, राजिंदर साईं के पुत्र जतिंदर साईं तथा नंद राय के पुत्र संजीत राय के रूप में की गयी है।

### बदमाशों ने अब बाजपुर में थोक दुकान को बनाया शिकार

नैनीताल। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के गृह नगर खटीमा में बैंक लूट के बाद उधमसिंह नगर के बाजपुर में बदमाशों ने शुक्रवार को दिनदहाड़े हथियारों की नोंक पर एक थोक की दुकान को लूट लिया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। पुलिस अधिकारी मौके पर जुटे हैं। मिली जानकारी के अनुसार बाजपुर के संजय कालोनी वार्ड नंबर सात में में जतिन गोयल की गोयल इंटर प्राइजेज के नाम से थोक की दुकान है। बताया जा रहा है कि दोपहर में तीन सशस्त्र बदमाश दुकान में आ धमके। इनमें से कुछ ने मास्क लगाया था। उस वक्त दुकान में जतिन गोयल की माता जी श्रीमती टीकम गोयल मौजूद थीं। बदमाशों ने पहले कुछ सामान मांगा और उसके बाद पिस्तौल निकाल ली और उन्हें धमकाने की कोशिश की। इतने में महिला ने शोर मचा दिया। शोर शराबा होने पर बदमाश हड़बड़ा गये और भागने की कोशिश की। इतने में एक बदमाश वापस दुकान के गल्ले के पास गया और गल्ले से दोनों हाथों के बीच काफी नोट (रूपये) दबाकर फरार हो गया। हालांकि पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। इस घटना के बाद पुलिस सकते में आ गयी।

### यूक्रेन से लौटे सभी छात्रों को सहायता देगी द्रमुक सरकार : सुब्रमण्यन

चेन्नई। तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री एमए सुब्रमण्यन ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार यूक्रेन से वापस आए सभी 1,890 मेडिकल विद्यार्थियों की पढ़ाई पूरी करने में सहायता करेगी। विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्यों द्वारा प्रस्तावित एक ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब देते हुए श्री सुब्रमण्यन ने कहा कि द्रमुक सरकार केंद्र से अनुरोध करती आई है कि वह यूक्रेन से लौटे छात्रों को भारत या किसी अन्य देश में पढ़ाई पूरी करने की अनुमति दे। उन्होंने यूक्रेन में रूसी हमले के बाद छात्रों को वापस लाने के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने यह भी बताया कि श्री स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखे और व्यक्तिगत रूप में मिलकर भी उनसे अनुरोध किया कि स्वदेश लौटे छात्रों को शिक्षा जारी रखने की अनुमति दी जाए। श्री सुब्रमण्यन ने कहा कि तमिलनाडु में छात्रों को दिये गए मनोवैज्ञानिक परामर्श से दो मांगें सामने आई हैं।

### मंत्री रेखा का दिल्ली में सफलता पूर्वक ऑपरेशन

देहरादून। उत्तराखंड की खाद्य आपूर्ति एवं महिला विकास मंत्री रेखा आर्य के पेट का नयी दिल्ली में शुक्रवार को सफल ऑपरेशन हो गया। उनकी स्थिति अब नियंत्रित है। आर्य के पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि आज सुबह नयी दिल्ली स्थित एक निजी अस्पताल में उनका ऑपरेशन सफलता पूर्वक सम्पन्न हो गया। वह पिछले लंबे समय से पेट में रिसौली की समस्या से ग्रस्त थीं। इस बीच लगातार चुनाव, फिर विधानसभा सत्र के कारण व्यस्त होने के कारण उन्हें दो दिन पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सूत्रों ने बताया कि सोमवार को उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी जायेगी।

### ओडिशा में वन्यजीव अपराधी गिरफ्तार

भुवनेश्वर। ओडिशा में पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और बलांगीर वन अधिकारियों ने दो वन्यजीव अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक जीवित पैंगोलिन को बरामद किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बलांगीर जिले में तुसुरा थाने के अंतर्गत ऐंथपाली गांव के पास एसटीएफ ने वन अधिकारियों के सहयोग से गुरुवार रात को तलाशी ली थी, जिसमें दो वन्यजीव अपराधियों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से एक जीवित पैंगोलिन को बरामद किया। आरोपियों की पहचान बलांगीर के लक्ष्मीधर नाईक और हेमसागर महानदा के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 11 किलो वजनी एक पैंगोलिन और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई।

### उत्तराखंड में लीसा फैक्ट्री में भीषण आग से भारी नुकसान की आशंका

नैनीताल। उत्तराखंड के बागेश्वर के बैजनाथ डंगोली स्थित रिद्धि-सिद्धि कैमोरिजन लीसा फैक्ट्री में गुरूवार देर रात को भीषण आग लगने से भारी नुकसान हुआ है। गरूड़ व बागेश्वर की अग्निशमन इकाइयों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। बागेश्वर पुलिस के अनुसार रात को डेढ़ से दो बजे के बीच आग लगने का अंदेशा है। गरूड़ अग्निशमन इकाई को रात 2.10 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली। गरूड़ की फायर टीम मौके पर पहुंची लेकिन आग इतनी भयावह थी कि बागेश्वर व कपकोट से भी अग्निशमन वाहनों व अग्निशमन इकाइयों को मौके पर बुलाया गया। चार वाहनों ने घंटों की मशक्कत के बाद पानी व फोम डालकर आग पर बमुश्किल काबू पाया। कुछ दूरी पर बह रही नदी से तोहात्सों पंपों के से पानी खींचा गया और जिससे आग पर काबू पाया जा सका। आग में फैक्ट्री के अंदर खड़ा एक वाहन भी जल कर नष्ट हो गया। मौके पर स्थानीय प्रशासन के अधिकारी में जुट गये।

### पंजाब में 15 पुलिस अधिकारियों के तबादले

**चंडीगढ़।** पंजाब में शुक्रवार को पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) स्तर के 15 अधिकारियों के तबादले किये गये। गृह विभाग के जारी आदेशों के अनुसार जालंधर रेंज के आईजीपी अरुण पाल सिंह को अमृतसर के पुलिस आयुक्त के रूप में, आईजीपी (मुख्यालय चंडीगढ़) कौस्तुभ शर्मा को लुधियाना के पुलिस आयुक्त, उप पुलिस महानिरीक्षक गुरप्रीत सिंह को जालंधर पुलिस आयुक्त, स्वप्न शर्मा को जालंधर ग्रामीण एसएसपी, खन्ना के एसएसपी जे एलंचेज़ियन को बठिंडा एसएसपी, अमृतसर ग्रामीण के एसएसपी दीपक हिल्लोरी को लुधियाना एसएसपी, बटाला के एसएसपी गौरव तूरा को मानसा एसएसपी और अवर पुलिस महानिरीक्षक लुधियाना भूपिंदर सिंह को फजिल्का एसएसपी के रूप में स्थानांतरित किया गया है।वार्ता

# मुंबई : शरद पवार के घर के बाहर प्रदर्शन, बेटी सुप्रिया सुले को घेरा

**इस दौरान कई कर्मचारियों ने शरद पवार के घर पर चप्पल भी फेंके**

मुंबई। शुक्रवार को महाराष्ट्र स्टेट रोड़ ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन के 100 से ज्यादा कर्मचारियों ने एनसीपी नेता शरद पवार की बेटी और सांसद सुप्रिया सुले को उन्हीं के घर के बाहर घेर लिया। बताया जा रहा है इस दौरान कुछ लोगों ने सुप्रिया सुले के साथ बदतमीजी भी की। जानकारी के मुताबिक MSRTC के 100 से ज्यादा कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर शरद पवार के घर के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे और उनके खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सुप्रिया सुले की गाड़ी को घेर लिया।



#### शरद पवार के घर फेंके गए चप्पल-जूते

MSRTC कर्मचारी पिछले साल नवंबर से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे हैं। उनकी मांग है कि उनके विभाग को राज्य सरकार के अंतर्गत लाया जाए और उन्हें राज्य सरकार के कर्मचारी का दर्जा दिया जाए।

बॉम्बे हाईकोर्ट ने प्रदर्शनाकारी कर्मचारियों से कहा था कि वो 22 अप्रैल तक ड्यूटी ज्वाइन कर लें। हाई कोर्ट का आदेश आने के बाद राज्य परिवहन मंत्री अनिल परब ने सभी प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को भरोसा दिलाया था कि अगर वो सुप्रीम कोर्ट की डेडलाइन से पहले ड्यूटी ज्वाइन करते हैं तो उनके खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया जाएगा। इस बीच प्रदर्शनकारी कर्मचारी मुंबई में शरद पवार के घर सिल्वर ओक के सामने पहुंच गए और प्रदर्शन करने लगे। उन्होंने शरद पवार और सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान कई कर्मचारियों ने शरद पवार के घर पर चप्पल भी फेंके।

#### हमारी इस हालत के लिए शरद पवार जिम्मेदार

ट्रांसपोर्ट विभाग के एक कर्मचारी के मुताबिक धरना प्रदर्शन शुरू होने के बाद से 120 से ज्यादा कर्मी आत्महत्या कर चुके हैं। उन्होंने कहा ये आत्महत्या नहीं बल्कि मर्डर है जो राज्य की पॉलिसी ने किया है। शरद पवार ने इस मामले में कुछ नहीं किया। ट्रांसपोर्ट विभाग के प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने कहा- हम बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले का सम्मान करते हैं लेकिन हम अपनी समस्या राज्य सरकार के सामने उठा रहे हैं जिसे लोगों ने चुना है। चुनी हुई सरकार हमारे लिए कुछ नहीं कर रही है। इस सरकार के चाणक्य कहे जाने वाले शरद पवार हमे हो रहे नुकसान के लिए जिम्मेदार हैं।

# धामी ने किया भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड एप- 1064 का शुभारंभ

देहरादून। उत्तराखंड में बहुत जोर-शोर से लोकायुक्त बनाने की बात करने वाले दौर को भुलाकर, शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुलिस के सतर्कता विभाग (विजिलेंस) द्वारा द्वारा निर्मित एप 'भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड- 1064' का शुभारम्भ किया। उन्होंने इस एप का क्रियान्वयन मजबूती करने की भी अधिकारी और कर्मचारियों से अपेक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि एप पर जो भी शिकायते आती हैं, उनका यथाशीघ्र निस्तारण किया जाय। यदि किसी शिकायतकर्ता की शिकायत विजिलेंस से संबंधित नहीं है, तो उसे सीएम हेल्पलाईन एवं संबंधित विभाग को भेजा जाय। यह भी सुनिश्चित किया जाय कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई, उसके स्टेटस अपडेट की पूरी जानकारी उन्हें मिले। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विजिलेंस के दो इन्सपेक्टर को विवेचना करने के लिए टेबलेट भी प्रदान किये। उन्होंने कहा कि विभाग के अन्य कार्मिकों को भी विवेचना के लिए टेबलेट दिये जायेंगे। श्री धामी ने कहा कि भ्रष्टाचारियों पर सख्त कारवाई की जाय। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने किया जाय। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सरलीकरण, समाधान, निस्तारण एवं संतुष्टि के सिद्धान्त पर कार्य किये जाय। जन समस्याओं का समाधान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने विजिलेंस निदेशक को निर्देश दिये कि भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड एप- 1064 का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाय। आम जन को इस एप की पूरी जानकारी हो। निदेशक, विजिलेंस अमित सिन्हा ने जानकारी दी कि 1064 नम्बर पर एप के माध्यम से एवं फोन से कोई भी व्यक्ति शिकायत कर सकता है। यह नम्बर भारत सरकार से प्राप्त है। एप के माध्यम से प्रत्येक शिकायत रजिस्टर होगी, जिसका पूरा डाटा सुरक्षित रखा जायेगा। शिकायतकर्ता की पूरी गोपनीयता रखी जायेगी। यह एप हिन्दी एवं अंग्रेजी दानों भाषाओं में है। इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. एस.एस.संधु, सचिव कार्मिक एवं सतर्कता अरविन्द सिंह ह्यांकी, निरीक्षक मारूत शाह, विभा वर्मा आदि मौजूद थे।

## शेखावत की अध्यक्षता में जल मिशन सम्मेलन की बैठक संपन्न

**जयपुर।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत ने आज यहां जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन पर आठ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के साथ एक दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की। इस क्षेत्रीय सम्मेलन में गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, उतराखण्ड, जम्मु एवं कश्मीर, लद्दाख, दमन और दीव एवं दादरा और नगर हवेली सहित आठ राज्य और तीन केन्द्र शासित प्रदेश ने भाग लिया। शेखावत ने समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि गोवा, दमन और दीव एवं दादरा और नगर हवेली पहले ही हर घर जल के लक्ष्य को प्राप्त कर चुके हैं।

# कट्टर कैदियों में नहीं आता गुरमीत राम रहीम, इसलिए दी गई पैरोल: हाई कोर्ट

चंडीगढ़। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने कहा है कि जेल में बंद डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह पैरोल या फरलो पर रिहा होने के उद्देश्य से कट्टर कैदियों की श्रेणी में नहीं आता है। न्यायमूर्ति राज मोहन सिंह की अदालत ने पटियाला निवासी एक व्यक्ति की याचिका का भी निस्तारण किया, जिसने फरवरी में गुरमीत राम रहीम सिंह को दी गई फरलो को चुनौती दी थी। अदालत ने गुरुवार को यह आदेश सुनाया। याचिका को खारिज किया गया क्योंकि गुरमीत राम रहीम सिंह पहले ही जेल लौट चुका था।

डेरा सच्चा सौदा प्रमुख, जो रोहतक की सुनारिया जेल में बंद है, को 7 फरवरी को गुरुग्राम में अपने




परिवार से मिलने के लिए तीन सप्ताह की छुट्टी दी गई थी, क्योंकि हरियाणा सरकार ने निष्कर्ष निकाला था कि वह कट्टर कैदियों की श्रेणी में नहीं आता है। फरलो जेल से दोषियों की अल्पकालिक अस्थायी रिहाई है।

डेरा प्रमुख के वकीलों में से एक कनिका आहूजा ने शुक्रवार को कहा कि अदालत ने माना है कि राम रहीम कट्टर कैदियों की श्रेणी में नहीं आता है। याचिकाकर्ता परमजीत सिंह सहोली ने दलील दी थी कि राम रहीम ने एक जघन्य अपराध किया है जिसके लिए उन्हें दोषी ठहराया गया है और इसलिए उन्हें छुट्टी नहीं दी जानी चाहिए। डेरा प्रमुख के वकील ने तर्क दिया कि वह कट्टर कैदियों की श्रेणी में नहीं आते क्योंकि उन्हें हत्या के दो मामलों में आपराधिक साजिश के आरोप में दोषी ठहराया गया था।

गौरतलब है कि राम रहीम सिरसा में अपने आश्रम में दो महिला शिष्यों के साथ बलात्कार के आरोप में 20 साल की जेल की सजा काट रहा है, जहां %डेरा% का मुख्यालय है। उसे अगस्त 2017 में पंचकूला की एक विशेष सीबीआई अदालत ने दोषी ठहराया था। पिछले साल, डेरा प्रमुख रणजीत सिंह को 2002 में डेरा प्रबंधक रंजीत सिंह की हत्या की साजिश रचने के लिए चार अन्य लोगों के साथ दोषी ठहराया गया था। 2019 में, राम रहीम और तीन अन्य को दोषी ठहराया गया था। 2002 में एक पत्रकार की हत्या के लिए भी दोषी ठहराया गया था। उसे इन हत्याओं के लिए अपने सह-अभियुक्तों के साथ आपराधिक साजिश रचने का दोषी ठहराया गया था और धारा 120-बी के साथ धारा 302 आईपीसी के तहत दोषी ठहराया गया था। हत्या के दो अलग-अलग मामलों में उम्रकैद की सजा उसके बलात्कार के मामले में सजा पूरी करने के बाद शुरू होगी। राम रहीम को फरवरी में फरलो पर 21 दिनों की रिहाई के दौरान खालिस्तान समर्थक तत्वों से अपने जीवन के लिए उच्च-स्तरीय खतरे को देखते हुए जेड प्लस सुरक्षा कवर दिया गया था। छुट्टी की अवधि के दौरान, संप्रदाय प्रमुख अपने गुरुग्राम आश्रम में अपने परिवार के साथ थे, जहां उन्हें भारी सुरक्षा के बीच रखा गया था।

# अब निजी केंद्रों में मिलेगी कोरोना की बूस्टर डोज, लगवा सकेगा हर वयस्क : स्वास्थ्य मंत्रालय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण की रफ्तार तेजी से कम हो रही है और इस बीच इसके खतरे को पूरी तरह से खत्म करने के लिए सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। रविवार यानी 10 अप्रैल से देश के हर वयस्क नागरिक को कोरोना वैक्सीन की बूस्टर डोज लगवाने की सुविधा रहेगी। यदि कोई व्यक्ति बूस्टर डोज लेना चाहता है तो फिर वह निजी केंद्रों में जाकर लगवा सकता है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक 18 साल से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति टीका लगवा सकता है। हालांकि यह बूस्टर डोज लेना अनिवार्य नहीं है। यह पूरी तरह से ऐच्छिक है। यदि किसी को बूस्टर डोज लेना जरूरी लगता है तो



वह लगवा सकता है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि जिन लोगों की आयु 18 साल से अधिक है और दूसरी खुराक लिए हुए 9 महीने से ज्यादा का वक्त बीत गया है, वे प्रिकॉशन डोज ले सकते हैं। यह सुविधा निजी वैक्सीनेशन सेंटर्स पर उपलब्ध होगी। मंत्रालय ने कहा कि फिलहाल सरकारी केंद्रों पर पहली और दूसरी डोज लगाई जा रही है। इसके अलावा हेल्थकेयर वर्कर्स, फ्रंटलाइन वर्कर्स और 60 साल से ज्यादा आयु वाले लोगों को बूस्टर डोज भी इन केंद्रों पर दी जा रही है। इसके अलावा अन्य लोग जो भी बूस्टर डोज लेने के इच्छुक हैं, वे भी निजी वैक्सीनेशन सेंटर्स पर जाकर टीका लगवा सकते हैं।

#### 15 साल से अधिक वाले 96 फीसदी लोगों को लगी पहली डोज

देश में 15 साल से अधिक आयु के 96 फीसदी लोगों को कोरोना वैक्सीन की कम से कम एक डोज लग चुकी है। इसके अलावा 83 फीसदी आबादी को दोनों टीके लग चुके हैं। देश में अब तक 2.4 करोड़ लोग कोरोना वैक्सीन की बूस्टर डोज ले चुके हैं। इनमें से ज्यादातर लोग हेल्थकेयर वर्कर्स और फ्रंटलाइन वर्कर्स हैं। इसके अलावा 60 साल से अधिक आयु के बुजुर्गों ने भी बड़ी संख्या में बूस्टर डोज ली है। हेल्थ मिनिस्ट्री का कहना है कि 12 से 14 साल की उम्र के 45 फीसदी लोगों को वैक्सीन की पहली डोज लग चुकी है।

#### सरकार ने बताया- किन्हें मुफ्त में लगता रहेगा टीका

मंत्रालय ने कहा कि सरकार की ओर से फ्री टीकाकरण अभियान पहली और दूसरी डोज के लिए जारी रहेगा। इसके अलावा 60 साल से अधिक आयु के लोगों और फ्रंट लाइन वर्कर्स को मुफ्त में बूस्टर डोज भी सरकारी केंद्रों में लगती रहेगी। गौरतलब है कि देश में तेजी से कोरोना संक्रमण की रफ्तार तेजी से कम हो रही है और अब ऐक्टिव केसों की संख्या 12 हजार से भी कम रह गई है।

## मनरेगा परियोजना समन्वयक पद पर कल्याण कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता : स्टालिन



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शुक्रवार को कहा कि राज्य के 12 ,524 पंचायत गांवों में मनरेगा योजना के तहत परियोजना समन्वयक की नियुक्तियों में पूर्व कल्याण कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जायेगी। विधानसभा में अन्नाद्रमुक सरकार के पूर्व मंत्री और मदुरई पश्चिम से विधायक सेल्लूर केराजू ने यह मामला उठाया जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित कई मामलों पर फैसला आने के बाद ही कुछ किया जा सकेगा लेकिन यह भी कहा कि अगर नियुक्तियां होती हैं तो उन्हें ग्राम पंचायत में अतिरिक्त जिम्मेदारियां दी जायेंगी और प्रतिमाह सात हजार रूपये भी दिया जायेगी साथ ही कहा कि पिछले दस वर्षों में मारे गये कल्याण कार्यकर्ताओं के सम्मान में जिला पंचायतों में समंवयक की नियुक्तियों में उनके वैध वारिसों को प्राथमिकता दी जायेगी। गौरतलब है कि द्रमुक सरकार के कार्यकाल में तत्कालीन मुख्यमंत्री एम करूणानिधि ने सितंबर 1989 में 12,617 ग्राम पंचायतों में 25,234 कल्याण कार्यकर्ताओं को नियुक्त किया था लेकिन 1991 में अन्नाद्रमुक ने सत्ता में आते ही इन नियुक्तियों को रद्द कर दिया था तब के बाद से सरकार बदलने के साथ ही कभी आदेश बहाल तो कभी रद्द होने का सिलसिला चलता रहा और अब मामला मद्रास उच्च न्यायालय के बाद उच्चतम न्यायालय में लंबित है। इन कार्यकर्ताओं की नियुक्ति को लेकर वर्षों पुरानी मांग को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण विकास विभाग ने इनके साथ बात की और अब सत्तारूढ़ द्रमुक सरकार ने नया फैसला किया है लेकिन यह भी उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद ही मूर्त रूप ले पायेगा।

## गुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व के अवसर पर होगा गुरमत समागम: धामी

अमृतसर। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) 21 अप्रैल को श्री गुरु तेग बहादुर जी के 400वें प्रकाश पर्व के अवसर पर शताब्दी के समापन समारोह को चिह्नित करने के लिए एक विशेष गुरमत समागम आयोजित करेगा।

इस संबंध में एसजीपीसी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह ने शुक्रवार को एसजीपीसी कार्यालय में पदाधिकारियों, सदस्यों व अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होने कहा कि गत वर्ष एक मई को श्री गुरु तेग बहादुर जी के 400वें प्रकाश पर्व को समर्पित एक विशेष गुरमत समागम का आयोजन किया गया और पूरा वर्ष शताब्दी को समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि एसजीपीसी 21 अप्रैल को श्री गुरु तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर शताब्दी के समापन समारोह को चिह्नित करने के लिए एक विशेष गुरमत समागम आयोजित करेगा।

एसजीपीसी अध्यक्ष ने कहा कि श्री अखंड पाठ साहिब गुरु की जन्मस्थली गुरुद्वारा गुरु के महल और गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब दीवान हॉल में 19 अप्रैल को और भोग 21 अप्रैल को होगा।

उन्होंने कहा कि गुरुद्वारा गुरु के महल में सोदर रेहरास साहिब (शाम की प्रार्थना) की अरदास के बाद 20 अप्रैल को वहां कीर्तन दरबार का आयोजन किया जाएगा।

# किसान यूनियन ने ब्रिटिश सांसद ढेसी को किया सम्मानित

एजेंसी

फगवाड़ा/ जालंधर। ब्रिटिश संसद में बहस और सवालों के दौरान दिल्ली में किसान आंदोलन के बारे में जोर से आवाज उठाने के लिए विभिन्न किसान यूनियन ने आज फगवाड़ा के मौली गांव में हल्का सालोह, यूके के सांसद से मुलाकात कर तनमनजीत सिंह ढेसी का आभार व सम्मान किया।

भारतीय किसान यूनियन (दोआबा) द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम में संयुक्त किसान मोर्चा के किसान नेताओं और समर्थकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया, जिन्होंने दुनिया के सबसे बड़े किसान आंदोलन के दौरान संघर्षरत किसानों के साथ एकजुटता दिखाने वालों की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि यूके के सांसद ढेसी ने भारतीय किसानों को एनआरआई समुदाय द्वारा प्रदान की गई सहायता और देश में विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त दैनिक जानकारी, विशेष रूप से आदमपुर से अपने चाचा परमजीत सिंह रायपुर सदस्य एसजीपीसी द्वारा किए गए प्रयासों के बारे में विस्तार से बताया। ढेसी ने खुलासा किया कि उन्होंने ब्रिटेन के विदेश सचिव को 36 सांसदों द्वारा हस्ताक्षरित एक पत्र तैयार करने की पहल की थी ताकि शांतिपूर्ण विरोध करने वाले किसानों के मानवाधिकारों का मुद्दा भारतीय विदेश मंत्री के सामने उठाया जा सके, जो उन्होंने सही किया।

किसान नेताओं से बात करते हुए, उन्होंने कहा कि आंदोलन के बारे में उन्होंने यूके के प्रधान मंत्री बोरिस जॉनसन को भी एक पत्र लिखा था, जिस पर 100 से अधिक ब्रिटिश सांसदों द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जब आंसू गैस और लाठी चार्ज फुटेज वायरल हो गए थे तो पुलिस द्वारा किसानों के साथ दुर्व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए।

अपने संबोधन में श्री ढेसी ने विभिन्न एनआरआई के मुद्दों को भी उठाया, जैसे ब्रिटेन से अमृतसर और चंडीगढ़ के लिए और अधिक सीधी उड़ानों की आवश्यकता। सांसद ने अन्य चल रही गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला, जिसमें वह सक्रिय रूप से नेतृत्व कर रहे हैं, जिसमें विश्व युद्धों में सेवा करने वाले सिख सैनिकों के लिए मध्य लंदन में एक स्मारक का निर्माण और पिछले सात वर्षों से सालाना यूके गतका चैंपियनशिप के आयोजन से गतका को बढ़ावा देना शामिल है। इस मौके पर मनजीत सिंह राय, सतनाम सिंह साहनी, कृपाल सिंह मूसापुर सहित बीकेयू नेताओं ने किसानों के मुद्दे को उठाने के लिए श्री ढेसी को धन्यवाद दिया और कहा कि एनआरआई और दुनिया भर की मजबूत आवाजों के कारण ही किसान मोर्चा ने ऐतिहासिक सफलता हासिल की है।

इस अवसर पर जसपाल सिंह ढेसी, किसान नेता कुलदीप सिंह संघा, हरिंदर सिंह खैरा, हुसैन लाल सरपंच, पाला मौली, हरबंस सिंह हरदो फरोला और डॉ सुखी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय राजनीतिक नेता भी मौजूद थे।

# कमरतोड़ 'मूल्य वृद्धि' ने देश के हर परिवार का बजट बिगाड़ दिया है

जयपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव अविनाश पांडे ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा एक अप्रैल से देश की जनता पर लादी गई क्रूर, भारी और कमरतोड़ 'मूल्य वृद्धि' ने देश के हर परिवार का बजट बिगाड़ दिया है।

श्री पांडे ने आज यहां प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि महंगाई एक "दैनिक कार्यक्रम" बन गई है, जिसका जश्न भारतीय जनता पार्टी भाजपा और मोदी सरकार द्वारा देश के नागरिकों का उपहास करने के लिए मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार किसान आंदोलन का बदला किसानों से लेने की कोशिश कर रही है। 50 किलोग्राम के डीएपी खाद के पैकेट का मूल्य 150 रु. प्रति बैग बढ़ाकर इसे 1200 रु. प्रति बैग से 1350 रु. प्रति बैग तक पहुंचा दिया गया है। उन्होंने कहा कि देश के किसान हर साल एक करोड 20 लाख टन डीएपी खाद का इस्तेमाल करते हैं। इसलिए डीएपी खाद का मूल्य बढ़ने से देश के किसानों पर 3,600 करोड़ रु. का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीज़ल के मूल्य में रोज वृद्धि का "दैनिक गुड मॉर्निंग गिफ्ट" आज पिछले 15 दिनों में तेरहवीं बार पेट्रोल और डीज़ल के मूल्य बढ़ाए गए। पेट्रोल और डीज़ल का मूल्य देश में पिछले 15 दिनों में 9.20 रु. प्रति लीटर बढ़ गया है।

उन्होंने कहा कि 'पेट्रोलियम प्लानिंग एवं एनालिसिस सेल' के मुताबिक, साल 2020-21 में 27,969 हजार मीट्रिक टन पेट्रोल का उपभोग हुआ था। पेट्रोल के मूल्य में 9.20 रु. प्रति लीटर की वृद्धि से देश के नागरिकों पर 25,732 करोड़ रु. का अतिरिक्त सालाना बोझ पड़ेगा। पांडे ने कहा कि भारत सरकार के 'पेट्रोलियम प्लानिंग एवं एनालिसिस सेल' के मुताबिक, साल 2020-21 में 72,713 हजार मीट्रिक टन डीज़ल का उपभोग हुआ था। डीज़ल के मूल्य में 9.20 रु. प्रति लीटर की वृद्धि से देश के नागरिकों पर 66,896 करोड़ रु. का अतिरिक्त सालाना बोझ पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस-यूपीए की सरकार केंद्र में थी, उस समय पेट्रोल 71.41 रु. और डीज़ल 55.49 रु. प्रति लीटर हुआ करता था।

## शार्ट न्यूज

### गुरुग्राम में बेटे ने बुजुर्ग मां को बीच सड़क पर चाकू से गोदा

गुरुग्राम। दिल्ली से सटे गुरुग्राम में एक कलियुगी बेटे ने कथित तौर पर अपनी बुजुर्ग मां को बीच सड़क पर चाकू से गोद दिया। घायल महिला को गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना गली में लगे एक सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। गुरुग्राम में न्यू कॉलोनी थाना अंतर्गत आने वाली शिवपुरी कॉलोनी में 60 वर्षीय एक महिला को उसके ही बेटे ने चाकू मार दिया। महिला की पहचान वीना भंडारी के रूप में हुई है। पड़ोसियों द्वारा महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने कहा, बताया जा रहा है कि जब महिला अपने घर के पास गली में टहल रही थी तो उसका बेटा मनीष भंडारी उसके पास पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। मां द्वारा विरोध करने पर कि बेटे ने उसे कई बार चाकू मारा और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कहा कि आसपास के लोग और महिला के पड़ोसियों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने बताया कि घरेलू कलह के चलते आरोपी की पत्नी मानेसर में उससे अलग रहती थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया जा रहा है और घटना के बाद से फरार है। न्यू कॉलोनी थाने के एसएचओ राजेश कुमार ने कहा कि महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा है। हमें अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

### सीकरी मेले में आने वाले वाहनों के कारण दिल्ली-मेरठ रोड पर 10 घंटे से लगा जाम



**मोदीनगर।** अगर आप भी आज गाजियाबाद और दिल्ली-मेरठ मार्ग पर जाने की सोच रहे हैं तो सावधान हो जाइए। गाजियाबाद में मोदीनगर के सीकरी मेले में आने वाले वाहनों के कारण दिल्ली-मेरठ मार्ग गुरुवार रात करीब 12 बजे से अब तक लगा भीषण ट्रैफिक जाम लगा हुआ है। करीब 10 घंटे बीतने के बाद भी ट्रैफिक जाम के कारण दिल्ली मार्ग पर वाहन जहां-तहां खड़े हुए हैं। इसके साथ ही भीषण गर्मी ने भी जाम में फंसे लोगों के पसीने छुड़ा रखे हैं। गाजियाबाद में पुलिस और प्रशासन के तमाम प्रयास के बावजूद भी दिल्ली-मेरठ मार्ग पर लोगों को जाम से राहत नहीं मिल रही है। मेले में आने वाले वाहनों के चलते गुरुवार रात बारह बजे से दिल्ली-मेरठ मार्ग पर जाम लगा हुआ है। देर रात से लगा जाम शुक्रवार सुबह तक जारी है। जाम में एंबुलेंस व स्कूल बस भी फंसी दिखीं। इसके अलावा निवाड़ी मार्ग व सीकरी मेला मार्ग पर जाम लगा हुआ है। जाम के कारण सबसे ज्यादा परेशानी नौकरी पर जाने वाले लोगों को हो रही है।

### दनकौर पुलिस ने घरो में चोरी करने वाले वांछित चोर को किया गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। थाना दनकौर पुलिस ने शुक्रवार को घरो में चोरी करने वाला वांछित चोर सूरज पुत्र राजपाल निवासी ग्राम नेहरूपुर थाना खुर्जा नगर जिला बुलन्दशहर को थाना क्षेत्र के खेरली नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर मय दो कारतूस जिन्दा, एक जोड़ी पाजेब सफेद धातु, एक चन्दा सफेद धातु, एक सूरज पीली धातु और 2600 रुपये नगद बरामद किये है।दिनांक 25/26 अप्रैल 2021 एवं जनवरी 2022 की रात्रि में अभियुक्त सूरज पुत्र राजपाल निवासी ग्राम नेहरूपुर थाना खुर्जा नगर जिला बुलन्दशहर ने अपने साथियों के साथ मिलकर ग्रीष्म कॉलोनी खेरली हाफिजपुर मे मकान का ताला तोड़कर चोरी की थी। जिसके सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत किए गए थे।इसके अन्य साथी पूर्व मे गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके है। अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है।गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### बिसरख पुलिस ने कमीशन का लालच देकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** थाना बिसरख पुलिस ने कमीशन का लालच देकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन अभियुक्तों हर्षद उर्फ महेश पुत्र बीका भाई टाक निवासी भागवाडी थाना कालियाबिन्द्र जिला भावनगर गुजरात वर्तमान पता टावर 10 एग्जोटिका ड्रीम विले गौरसिटी 2 थाना बिसरख गौतमबुद्धनगर,पवन कुमार पुत्र औमप्रकाश निवासी कस्बा व थाना ऐका जिला फिरोजाबाद वर्तमान पता टावर 10 एग्जोटिका ड्रीम विले गौरसिटी 2 थाना बिसरख गौतमबुद्धनगर, अरविन्द कुमार पुत्र तुलसी राम निवासी गाँव विजयपुरा भीकनपुर थाना मटसैना जिला फिरोजाबाद वर्तमान पता-ईको विपेज 1 थाना बिसरख गौतमबुद्धनगर को थाना क्षेत्र के चेरीकाउन्टी सोसाइटी के सामने से गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने 25 लाख 50 हजार रुपये नगद और घटना में प्रयुक्त एक फोर्ड ईको स्पोर्टस कार नंबर डीएल 10 सीएफ 7386 बरामद की है।गौरतलब है कि 1 अप्रैल 2022 को थाना बिसरख पर वादी रोहित कुमार पुत्र शिव कुमार द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना बिसरख पर मुकदमा अपराध संख्या 178/2022 धारा 420, 406 भादवि पंजीकृत किया गया था। जिसमे अभियुक्तों द्वारा वादी को बहला-फुसलाकर 20 लाख रूपये हड़प लिए गए थे। अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम आम जनता के लोगों से एक लाख रूपये के बदले दस प्रतिशत कमीशन का लालच देकर बड़े नोट के बदले छोटे नोट देते थे व उससे ज्यादा धनराशि पर कमीशन की प्रतिशतता को बढ़ा देते थे। और जब तक उन्हे हम पर पूर्ण विश्वास न हो जाये तब तक कमीशन पूरी तरह देते थे व कमीशन बढ़ाने का लालच देकर बड़ी धनराशि लेते थे और जैसे ही बडी धनराशि मिलती थी हम लोग उसके बदले मे खाली बैग मे कागज भरकर वापस कर मौके से फरार हो जाते थे। आज से पहले हम एनसीआर क्षेत्र मे काफी लोगों के साथ धोखाधड़ी कर चुके है। अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं।जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ जनपद के प्रत्येक पात्र कृषकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न

ग्रेटर नोएडा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ जनपद के प्रत्येक पात्र किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिलाधिकारी सुहास एल वाई ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा बैठक करते हुए कहा की संबंधित विभागीय अधिकारियों के द्वारा कार्य योजना तैयार करते हुए इस प्रकार अपना कार्य किया जाए कि किसानों के हितार्थ चलाई जा रही इस योजना के लाभ से कोई भी पात्र किसान वंचित ना रहे। जिलाधिकारी ने बैठक की समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारियों के द्वारा अभियान चलाकर यह सत्यापित कर लिया जाए कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जितने भी किसानों को लाभ प्राप्त हो रहा है वह सभी पात्रता की श्रेणी में आते हैं। उन्होंने कहा कि सर्वे के दौरान यदि कोई भी किसान अपात्रता की श्रेणी में आता है और उनके द्वारा किसान सम्मान निधि ली जा रही है तो संबंधित किसान से वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने बैठक में उप कृषि निदेशक को यह भी निर्देश दिए कि उनके द्वारा इस प्रकार से कार्यवाही की जाए कि कोई भी पात्र किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से वंचित ना रहे।

# इंडिया स्टाइल फैशन वीक मे आईआईएफटी के गार्मेंट्स की धूम







**नई दिल्ली।** दो दिन के इंडिया स्टाइल फैशन वीक का आयोजन दिल्ली के बीकानेर हाउस में हुआ। बालीवुड डायरेक्टर व फैशन कोरियोग्राफर कौशिक घोष के इस आयोजन में दर्जनों डिजाइनर्स ने अपने गारमेंटस शो केस किए।

इसमें भारत के सबसे बडे फैशन इंस्टीट्यूट- इंटरनेशनल इस्टीट्यूट ओफ फैशन टेकनोलॉजी के कई सेंटर्स के युवा डिजाइनर्स ने अपने गारमेटस शोकेस किए। शो के आयोजक कौशिक घोष और आईआईएफटी के चेयरमैन रतनदीप लाल ने इस फैशन वीक की सफलता के लिए सभी डिजाइनर्स और वहां पहुंचे पेज-3 सेलीब्रीटीज का आभार जताया।

आईआईएफटी के शो के लिए शो स्टोपर्स के रुप में दिल्ली डार्लिंग्स शो फेम, मान्या पाठक, फैशन ब्लागर मीन मल्होत्रा, प्रीती वोरा और सेलीब्रीटी मॉडल एक्ट्रेस शालिनी भाटिया मौजूद थी। आए हुए सभी विशिष्ट अतिथियों का को आईआईएफटी के चेयरमैन रतनदीप लाल और आज की दिल्ली, समाचार पत्र के संस्थापक योगराज शर्मा ने सम्मानित किया।

इंडिया स्टाइल फैशन वीक की एक बडी खूबी रही राजस्थान के पारंपरिक वस्त्रो में बीकानेर हाउस के अधिकारियों व कारीगरों ने भी रैंप पर वॉक किया। राजस्थान फाउंडेशन के इस शो में शो-स्टोपर के रुप मे रुमा देवी पहुची, जिन्हें हम कौन बनेगा करोडपति कार्यक्रम मे भी होटसीट पर देख चुके है। महिला सशस्किकरण में रुमा देवी का नाम राजस्थान ही नहीं पूरे विश्व में सम्मान से लिया जाता है।

करोना बीतने के बाद दिल्ली में हुए इस सबसे बडे शो में दर्जनों टोप व सुपर मॉडल्स ने रैंप पर वॉक किया जो इंटरनेशनल स्तर पर भारत के लिए शो कर चुकी हैं।

दोनो दिन आईआईएफ का दबदबा रहा जिसमें करीब 80 डिजाइनर्स के डिजाइनों ने धूम मचाई। आईआईएफ के रुडकी, साउथ एक्स, नारायणा और ग्रेटर कैलाश सेंटरस् के डिजाइनर्स ने बहुत ही खूबसूरत ड्रेस शो केस की। शो डायरेक्टर कौशिक घोष ने कहा कि बीकानेर हाउस दिल्ली की एक हेरीटेज प्रोपर्टी है। इसमें राजस्थानी ड्रसों को रुमा देवी की एनजीओ के तरफ से तैयार किया गया था। बीकानेर हाउस की संचालिका प्यालीदास गुप्ता ने इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन बहुत ही सराहनीय रहा। इस शो में यूके से आए समाजसेवी व सीए अनिल भनोट को सम्मानित किया गया।

सुजीत बावा कि इंटरनेशनल डिजाइन्स को बहुत पसंद किया गया। सम्मानित किए गए लोगो मे विनय चौधरी, करन चौधरी, शालू जिंदल, सुभाष जिंदल, मान्या पाठक, सीमा गुंबर, पवन सूरी, अंकित नागपाल, संजना मेहरा, ज्योत्सना अत्री, दीपीका छापडी, जसप्रीत जस सिंह, देवाशीष भंडारी, मनोरथ खुल्लर, रिचा मेहरा, वंदना वढेरा, रजत मल्होत्रा, राजेंद्र आरपीजी, अभिषेक बच्चन, वरुण झाम, रिषा हेरिसन व सुनीता, रिचा मेहरा, सपना रहेजा, रुचि मेहरा, राजीव गुप्ता. पत्रकार आशा शर्मा व देवेंद्र पोपली, बीएसएफ से पूर्व डीआईजी प्रेम चौहान आदि प्रमुख थे।

# केजरीवाल ने की दिल्ली बजट प्रगति की समीक्षा

### 5 साल में 20 लाख नौकरियां देने का लक्ष्य

नई दिल्ली। दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली बजट की प्रगति की समीक्षा करने और अगले पांच वर्षों में 20 लाख नौकरियां मुहैया कराने के लिए योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के वास्ते शुक्रवार को एक बैठक की। आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार ने पिछले महीने अपना बजट पेश किया था और उसे रोजगार बजट का नाम दिया था, क्योंकि इसका लक्ष्य अगले पांच वर्षों में 20 लाख नौकरियां देने का है।

मुख्यमंत्री कार्यालय ने ट्वीट किया, रोजगार बजट की समीक्षा के दौरान आज माननीय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी ने कहा कि जिस तरह आज पूरा देश शिक्षा-स्वास्थ्य, बिजली-पानी को लेकर दिल्ली की तरफ देखता है। ठीक ऐसे ही हम रोजगार का समाधान भी देंगे।



अधिकारियों ने बताया कि बैठक में अगले पांच वर्षों में 20 लाख नौकरियां मुहैया कराने के मकसद से प्रत्येक विभाग के लिये लक्ष्य और समय-सीमा तय की गई है।

बैठक के बाद केजरीवाल ने ट्वीट किया कि दिल्ली के बजट में हमने अगले पांच साल में 20 लाख नौकरियां पैदा करने का लक्ष्य रखा है। ऐसा काम देश में पहली बार हो रहा है। आज सभी विभागों की बैठक ली। हर विभाग के लिये लक्ष्य और समय-सीमा निर्धारित की गई। सभी खूब उत्साहित हैं। मुझे विश्वास है कि हम अपना लक्ष्य जरूर पूरा करेंगे। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक में शामिल हुए। बैठक सुबह 11 बजे हुई।

सिसोदिया ने बैठक के बाद कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रोजगार बजट में चल रहे और नए कार्यक्रमों के विवरण की समीक्षा तथा उनके क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिए एक बैठक की।

उनके नेतृत्व में दिल्ली सरकार अगले पांच वर्षों में 20 लाख नौकरियां पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### जेवर पुलिस ने गाड़ियों की चोरी करके पार्ट्स को अलग-अलग कर बेचने वाले दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। थाना जेवर पुलिस ने शुक्रवार को गाड़ियों की चोरी करके पार्ट्स को अलग-अलग कर बेचने वाले दो वांछित अभियुक्तों रिजवान पुत्र गुलामू निवासी मौहल्ला कम्बुहान कस्बा व थाना जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर,फिरोज उर्फ छंगा पुत्र बुन्दू निवासी मौहल्ला किला कॉलौनी कस्बा व थाना जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर को बैना पुलिया जेवर-टप्पल रोड से गिरफ्तार कर लिया।उपरोक्त अभियुक्तगण थाना जेवर पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 47/2022 धारा 411, 413, 414,420, 201, 120बी भादवि के तहत वांछित चल रहे थे। अभियुक्तों द्वारा विभिन्न जगह दिल्ली, एनसीआर क्षेत्र से गाड़ियां चोरी करके जेवर में गाड़ियों के पार्ट्स को अलग-अलग कर बेच दिया जाता है। 3 फरवरी 2022 को अभियुक्तों के दो अन्य साथियों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है जिनके कब्जे से चोरी की गाड़ियों के पार्ट्स व गाड़ी काटने का सामान बरामद किया गया था। अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं। जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय दस्तकारों तथा पारंपरिक कारीगरों के विकास के लिए विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना संचालित

**ग्रेटर नोएडा।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र गौतमबुद्धनगर अनिल कुमार ने जनपद के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय दस्तकारों तथा पारंपरिक कारीगरों का आह्वान करते हुए उन्हें जानकारी दी है कि उनके विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना संचालित की गई है। जिसके तहत गौतमबुद्धनगर जिले के पारंपरिक कारीगर दर्जी एवं नाई को आजीविका के साधनों को सुदृढीकरण करते हुए उनके जीवन स्तर को उन्नत किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि उक्त योजना के तहत कारीगरों को कौशल वृद्धि के लिए 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और प्रशिक्षण के बाद आधुनिकतम तकनीक पर आधारित उन्नत किस्म के टूल किट का वितरण पर प्रशिक्षार्थियों को किया जाएगा।उन्होंने उक्त योजना में पात्रता के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि योजना में प्रशिक्षण के लिए शैक्षिक योग्यता अनिवार्य नहीं है। आवेदक उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए तथा उसकी न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। आवेदक ने केन्द्र सरकार या राज्य सरकार से पिछले 2 वर्षों में टूलकिट के संबंध में कोई लाभ प्राप्त नहीं किया हो, योजना के अनुसार या उसके परिवार को कोई भी सदस्य केवल एक बार ही योजना में आवेदन करने के लिए पात्र होगा।

# व्यापमं घोटाले के व्हिसलब्लोअर आनंद राय दिल्ली से गिरफ्तार

### सरकारी अधिकारी की शिकायत के मामले में हुई कार्रवाई

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश पुलिस ने व्यापमं घोटाले के व्हिसलब्लोअर डॉ. आनंद राय को मुख्यमंत्री सचिवालय में पदस्थ एक अधिकारी द्वारा दी गई शिकायत के सिलसिले में शुक्रवार तड़के दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया। एक अधिकारी ने इस बारे में जानकारी दी।

मुख्यमंत्री सचिवालय के उप सचिव लक्ष्मण सिंह मरकाम ने 25 मार्च को आयोजित मध्य प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी)-2022 का एक प्रश्नपत्र कथित रूप से लीक होने के विवाद में उनका नाम घसीटने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए आनंद राय और मध्य प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता के. के. मिश्रा के खिलाफ पिछले महीने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।



उक्त परीक्षा मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित की गई थी, जिसे पहले व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) के रूप में जाना जाता था। लीक हुए प्रश्न-सह-उत्तरपुस्तिका का एक कथित स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें किसी लक्ष्मण सिंह का नाम लिखा हुआ देखा जा सकता था।

भोपाल पुलिस की क्राइम ब्रांच के सहायक पुलिस आयुक्त शिवपाल सिंह कुशवाहा ने को बताया कि राय को गुरुवार आधी रात के तुरंत बाद दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि राय को भोपाल लाया जा रहा है।

आनंद राय के करीबी सूत्रों ने बताया कि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने राय द्वारा उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने का अनुरोध करने वाली याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। राय अदालत के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने के उद्देश्य से दिल्ली गए थे। अपनी शिकायत में मरकाम ने राय और मिश्रा पर उनकी (मरकाम) छवि खराब करने का आरोप लगाया है। मध्य प्रदेश के विभिन्न विभागों में भर्तियों और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए होने वाली परीक्षाओं में धांधली को लेकर व्यापमं सुर्खियों में रहा है। व्यापमं में घोटाला 2011 में सामने आया था। सीबीआई ने 2015 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इस भर्ती और प्रवेश घोटाले की जांच अपने हाथ में ले ली थी।

### सरकारी कर्मचारियों के लिए गुड न्यूज

# दिल्ली सरकार ईएमआई पर दे सकती है इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली में बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने को प्रोत्साहित करने के मद्देनजर आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने अपने कर्मचारियों को आसान मासिक किश्तों (ईएमआई) पर इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन उपलब्ध कराने की योजना बना रही है।

अधिकारियों ने कहा कि सरकार ने गुरुवार को ई-साइकिल को प्रोत्साहित करने के लिए एक बड़ी योजना की घोषणा की थी - पहले 10,000 इलेक्ट्रिक साइकिल खरीदारों को 25 प्रतिशत (10,000 रुपये तक) का खरीद प्रोत्साहन मिलेगा, जबकि पहले 1,000 को 2,000 रुपये का अतिरिक्त प्रोत्साहन मिलेगा। आधिकारिक अनुमान के मुताबिक, दिल्ली सरकार के पास दो लाख से ज्यादा कर्मचारी हैं।

अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि दिल्ली सरकार अब अपने कर्मचारियों को इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन उपलब्ध कराने के लिए ऊर्जा दक्षता सेवा लिमिटेड की सहायक कंपनी कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (सीईएसएल) के साथ करार करने पर विचार कर रही है। अधिकारी ने कहा कि चूंकि दिल्ली में दो-तिहाई नए वाहनों के पंजीकरण में दोपहिया (स्कूटर और मोटरसाइकिल) का योगदान है, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि राजधानी में वायु प्रदूषण में उल्लेखनीय कमी लाने में मदद करने के लिए यह सेगमेंट इलेक्ट्रिक मोड में बदल जाए।



एक अन्य अधिकारी ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के लिए इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर योजना आम जनता को लागत और प्रौद्योगिकी से संबंधित मनोवैज्ञानिक बाधाओं को दूर करते हुए ऐसे वाहनों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगी। कर्मचारियों को अपने विभाग के माध्यम से इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा और उनके पास एडवांस पेमेंट करने या ईएमआई का विकल्प चुनने का विकल्प होगा, जिसे उनके वेतन से काट लिया जाएगा।

सीईएसएल के एक अधिकारी ने कहा कि उन्होंने पिछले साल नवंबर में दिल्ली सरकार से संपर्क किया था और साझेदारी के लिए बातचीत जारी है। सीईएसएल हाईवे और एक्सप्रेसवे समेत राजधानी में चार्जिंग के बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और उसके रखरखाव के लिए जिम्मेदार होगी। कंपनी ने केरल, गोवा और आंध्र प्रदेश से पहले ही करार कर लिया है।

सरकारी अनुमानों के अनुसार, दिल्ली में लगभग 1.33 करोड़ रजिस्टर्ड वाहन हैं और उनमें से लगभग 67 प्रतिशत दोपहिया वाहन हैं। 2016 में आईआईटी-कानपुर द्वारा की गई एक स्टडी से पता चला है कि परिवहन क्षेत्र में दिल्ली में PM 2.5 और राजधानी में कुल प्रदूषण भार का 41 प्रतिशत है।

वायु प्रदूषण में ट्रकों और ट्रैक्टरों के बाद दुपहिया वाहनों का दूसरा सबसे बड़ा योगदान है। दिल्ली सरकार वायु प्रदूषण को कम करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर बढ़ने के लिए ठोस प्रयास कर रही है। सरकार ने अगस्त 2020 में साल 2024 तक कुल वाहन बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी को 25 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन नीति पेश की थी।

इसके साथ ही इस साल फरवरी में, सरकार ने सभी एग्रीगेटर्स और डिलीवरी सेवा प्रदाताओं को अपने नए बेड़े में इलेक्ट्रिक वाहनों को शामिल करने के लिए अनिवार्य रूप से एक ड्राफ्ट पॉलिसी नाटिफाई की थी।

पॉलिसी के लागू होने के बाद एग्रीगेटर्स और डिलीवरी सेवा प्रदाताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके नए दोपहिया वाहनों में से 10 प्रतिशत और नए चार पहिया वाहनों में से पांच प्रतिशत पहले तीन महीनों में इलेक्ट्रिक हों।

उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उनके नए दोपहिया वाहनों में से 50 प्रतिशत और नए चार पहिया वाहनों में से 25 प्रतिशत मार्च 2023 तक इलेक्ट्रिक हों।

### दिल्ली दंगे : हथियार सप्लायर बाबू वसीम गिरफ्तार, शाहरुख को मुहैया कराए थे हथियार

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली में हए दंगे के आरोपी शाहरुख खान उर्फ पठान को हथियार सप्लाई करने वाले फरार हथियार सप्लायर बाबू वसीम को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया है। बता दें कि दंगों के दौरान पठान की एक तस्वीर वायरल हुई थी जिसमें वह ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी पर पिस्तौल तान रहा था। इस मामले में बाबू वसीम लगभग दो साल से ज्यादा समय से फरार था और उसे ट्रायल कोर्ट ने अपराधी घोषित किया गया था। बताया जा रहा है कि बाबू वसीम पर कॉन्ट्रेक्ट किलिंग जैसे कई मामले दर्ज हैं। वहीं, वह दिल्ली के नामी बदमाशों को बाबू वसीम हथियार सप्लाई कर चुका है। स्पेशल सेल के डीसीपी जसमीत सिंह के मुताबिक एसीपी अतर सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर शिवकुमार और इंस्पेक्टर जितेंद्र मावी ने 34 साल के बाबू वसीम दिल्ली के ताहिरपुर इलाके से 7 अप्रैल को गिरफ्तार किया ,बाबू वसीम मूलरूप से मेरठ का रहने वाला है,गिरफ्तारी के वक्त उसके पास से एक पिस्टल और 5 कारतूस बरामद हुए गिरफ्तार वसीम शाहरुख खान उर्फ पठान के एक मामले में वांछित था, शाहरुख ने 2020 में जाफराबाद क्षेत्र में उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के दौरान ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी की ओर एक पिस्टल तानी थी। शाहरुख खान उर्फ पठान का दंगों के दौरान एक पुलिसकर्मी पर पिस्तौल तानने का यह वीडियो वायरल हो गया था। वसीम ने दिल्ली में हुए इन दंगों से पहले शाहरुख खान को वीडियो में दिख रही उस पिस्टल की सप्लाई की बात स्वीकार की है। मामले में गिरफ्तारी से बचने के लिए वीडियो वायरल होने के बाद बाबू वसीम फरार हो गया था। निचली अदालत ने उस मामले में 16 मार्च 2021 को उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था। स्पेशल सेल को सूचना मिल रही थी कि बाबू वसीम दिल्ली-एनसीआर के यमुना पार और पश्चिमी यूपी के आसपास के इलाकों में बार-बार आता-जाता रहता है। 7 अप्रैल को बाबू वसीम के ताहिरपुर दिल्ली में शाम 6 बजे से शाम 7 बजे के बीच अपने एक संपर्क से मिलने आया उसी वक्त उसे जाल बिछाकर गिरफ्तार कर लिया गया पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार बाबू वसीम एक कुख्यात हथियार सप्लायर है, जिसने पिछले 10 सालों के दौरान पश्चिमी यूपी और दिल्ली एनसीआर में कई कुख्यात गैंगस्टरों और अपराधियों को हथियारों की सप्लाई करने की बात स्वीकार की है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में नवनियुक्त पराविधिक स्वयं सेवकों का प्रशिक्षण उद्घाटन सत्र का किया गया आयोजन

**ग्रेटर नोएडा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर में नवनियुक्त पराविधिक स्वयं सेवकों के प्रशिक्षण संबंधी ओरिएंटेशन कोर्स का आयोजन गुरुवार को शारदा विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ के चाणक्य सभागार में किया गया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के भूमिका में जिला न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर अशोक कुमार-सप्तम,अपर जिला जज निरंजन कुमार,अपर जिला जज राजीव कुमार वत्स, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ऋचा उपाध्याय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर जयहिंद कुमार सिंह, न्यायिक अधिकारी विकास कुमार वर्मा, शंशाक गुप्ता प्रतिकुलपति शारदा विश्वविद्यालय,वाई के गुप्ता डीन विधि संकाय, प्रदीप कुलश्रेष्ठ एवं सयोजक विधिक सहायता केन्द्र डॉ मानवेन्द्र सिंह सहित चयनित पराविधिक स्वंय सेवकों के साथ अन्य स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

जिला न्यायाधीश अशोक कुमार-सप्तम् ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर ने सामान्यजन से तथा सभी प्रमुख विधिक शिक्षण संस्थानों में से कुल 235 पीएलवी का चयन किया है। इन चयनित पीएलवी को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हिस्से के रूप में शामिल किया जाएगा और जागरुकता व विभिन्न कार्यों में सम्मिलित किया जाएगा। सीजेएम ऋचा उपाध्याय ने कहा कि पीएलवी के रूप में काम करना कानून के छात्रों के लिए एक बड़ा अवसर होगा। धरातल पर काम करने से कानून के क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयहिंद कुमार सिंह ने पीएलवी प्रशिक्षण का सत्र के दौरान उपस्थित पराविधिक स्वंय सेवकों को उनके कर्तव्यों के बाबत जानकारी देते हुये यह बताया कि उन्हें किस तरह से कार्य करना है काम करने के लिए उन्हें जिन स्थितियों का सामना करना होगा उन स्थितियों के बारे में बताया गया। शारदा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति वाई के गुप्ता ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ जुड़कर अत्यंत गौरावान्वित महसूस कर रहें हैं और शारदा विश्वविद्यालय समाज की सेवा करने के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी साझा किया कि वे यह देखकर अत्यन्त प्रसन्न है कि विधि संकाय प्रतिबद्धता और दृढ़ता से लोक कल्याण के लिए कार्य कर रहा है। डीन स्कूल ऑफ लॉ शारदा यूनिवर्सिटी प्रदीप कुलश्रेष्ठ ने बताया कि विधि संकाय शारदा विश्वविद्यालय में पहले से ही व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है कानूनी सहायता की दिशा में उनके पास एक नि:शुल्क हेल्पलाइन नंबर है जिसके माध्यम से वे शिकायतें प्राप्त करते हैं और उन्हें हल करने का प्रयास करते हैं।

## संपादकीय

### भारत के लिए खतरा बन रहे हैं भटके हुए नौजवान, जिम्मेदारी समझकर सही शिक्षा दें धर्मगुरु

भटके हुए यह नौजवान कभी भी भारत या किसी भी देश के लिए बड़ा खतरा बन जाते हैं। इन भटके हुए नौजवानों का कुसूर इतना मात्र होता है कि यह धर्म को लेकर सुनी-सुनाई बातों पर भरोसा कर बैठते हैं। इनको बताया जाता है कि इस्लाम को न मानने वाले काफिर हैं। धर्म एक ऐसा सच है, जो हर इंसान के जीवन में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। धर्म की कई शाखाएं हैं, लेकिन सबकी मंजिल एक है। कोई राम कहे या रहीम, गीता पढ़े या कुरान या फिर यीशु मसीह अथवा गुरु नानक देव जी को माने और बाइबिल एवं गुरुग्रंथ पढ़े। किसी भी धर्म की 'रोशनी' में मानव सभ्यता और देश-दुनिया का भला किया जा सकता है। यह अटल सत्य है, लेकिन इसके उलट सच्चाई यह भी है कि आप जितनी भी धार्मिक प्रवृति के क्यों न हों, लेकिन उसको आप स्वयं की बजाए दूसरों के सहारे समझने की कोशिश करेंगे तो किसी को भी अहमद मुर्तजा (गोरखनाथ मंदिर पर हमले का आरोपी) बनते देर नहीं लगती है। अक्सर ही ऐसे 'मुर्तजाओ' के नाम सुर्खियां बटोरते रहते हैं। ऐसे भटके और गुमराह मुर्तजा कभी लखनऊ में प्रेशर कुकर से बम विस्फोट की साजिश रचने वाले अल कायदा आतंकवादियों मसरुद्दीन और मिनहाज अहमद के रूप में सामने आते हैं तो कभी सहारनपुर जिले के देवबंद से। भटके हुए यह नौजवान कभी भी भारत या किसी भी देश के लिए बड़ा खतरा बन जाते हैं। इन भटके हुए नौजवानों का कुसूर इतना मात्र होता है कि यह धर्म को लेकर सुनी-सुनाई बातों पर भरोसा कर बैठते हैं। इनको बताया जाता है कि इस्लाम को न मानने वाले काफिर हैं। इन लोगों को बताया जाता है कि इस्लाम के लिए जेहाद छेड़ने वालों को जन्नत में तमाम हूरों का साथ मिलता है। ऐसे पथ भ्रष्ट लोगों की गलती इतनी मात्र होती है कि यह यह अपने धर्म को स्वयं पहचानने की बजाए दूसरों के नजरिए से पहचानते हैं। गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा में तैनात सिपाहियों पर जानलेवा हमला करने का आरोपी अहमद मुर्तजा अब्बासी भी इसी गलतफहमी का शिकार था कि हिन्दुस्तान में मुसलमानों के साथ काफी अत्याचार किया जा रहा है। तमाम अधकचरी जानकारियों ने मुर्तजा को इतना खतरनाक बना दिया था कि वह जिहाद की नर्सरी तैयार करने में जुट गया था। पुलिस की गिरफ्त में आने से पहले तक मुर्तजा ने कई बैंक खातों में रुपये भेजकर फंडिंग मुहैया कराई थी। यह तथ्य सामने आने के बाद एजेंसियों ने जांच तेज कर दी है। यह भी पता चला है कि मुर्तजा ने डॉलर से विदेशी सिम खरीदा था, जिसका इस्तेमाल वह प्रतिबंधित वेबसाइट्स को सर्च करने में किया करता था। इस खुलासे के बाद एटीएस टीम गोरखपुर की कोर्ट से वारंट बी और रिमांड हासिल कर मुर्तजा को लेकर लखनऊ आ गई। अब लखनऊ में मुर्तजा से पूछताछ चल रही है। जानकारी के मुताबिक, मुर्तजा के पकड़े जाने के बाद से ही एटीएस, एसटीएफ और पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रतिदिन इसके बारे में चौंकाने वाले तथ्य सामने आ रहे हैं। एटीएस और एसटीएफ के सूत्रों के मुताबिक, जांच में पता चला है कि डॉलर का इस्तेमाल कर मुर्तजा ने विदेशी सिम खरीदा था। इसकी मदद से ही वह प्रतिबंधित वेबसाइट पर सर्च कर जिहादी वीडियो देखा करता था। मुर्तजा के पास से नेपाली करेंसी के साथ डॉलर भी मिला है। यह भी सामने आया है कि कई खातों में वह रुपये भेजा करता था। नौकरी के दौरान जो भी पैसे जुटाए, उसे जिहाद की नर्सरी तैयार करने में ही खर्च कर दिया है। नेपाल के बैंक खातों के जरिए करीब आठ लाख रुपये सीरिया के अलग-अलग बैंक खातों में भेजे गए हैं। नेपाल के अलावा विदेशों में उसके खाते संचालित होने की खबर पर जांच तेज कर दी गई है। गौरतलब है कि तीन अप्रैल को मुर्तजा ने गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा में तैनात सिपाहियों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया था। आरोपी को मौजूद लोगों की मदद से पुलिस ने पकड़ लिया था। उसकी पहचान पार्क रोड, सिविल लाइंस स्थित निवासी मुर्तजा अब्बासी के रूप में हुई थी। कुल मिलाकर यह कहना गलत नहीं होगा कि मुस्लिम समाज के प्रतिष्ठित धर्मगुरु और बुद्धिजीवी समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझें और ऐसे मौलानाओं और जिहादियों के खिलाफ अपनों के बीच जागरूकता फैलाएं ताकि बहकावे में आकर यह लोग ऐसा कोई काम ना करें जिससे उनका तथा उनके परिवार का नुकसान हो।

## नजरिया : कांग्रेस की आखिरी लड़ाई

**पुण्य प्रसून वाजपेयी**

यह कांग्रेस की अपनी लड़ाई है। ताकत बटोरने और दोबारा उठ खड़े होने की लड़ाई। इसमें एक तरफ जी-23 है तो दूसरी तरफ गांधी परिवार के करीबी वे नेता, जिनके हाथ कांग्रेस की कुंजी थमा दी गई है। कांग्रेस के बाहर एक तरफ मोदी-सत्ता है तो दूसरी तरफ बिना किसी योजना के उसे चुनौती देते दिखता गांधी परिवार है। दोनों हालात के केंद्र में गांधी परिवार है। बिना गांधी परिवार न तो कांग्रेस है, न ही मोदी-सत्ता से लड़ने की ताकत। लेकिन पहली बार कांग्रेस इस सवाल से रू-ब-रू है कि जो पार्टी बरसों बरस सत्ता संभालती रही, उसके नेता इतने कमजोर कैसे हो गए? सवाल देश के भीतर बहुराष्ट्रीय कॉरपोरेट का भी है और अंतरराष्ट्रीय ताकतों के साथ संबंध रखने का भी। कांग्रेस ही वह पार्टी है, जिसमें सभी ताकतों के नुमाइंदों की मौजूदगी है। लेकिन कांग्रेस बिखर रही है, बंट रही है। कांग्रेसी उम्मीद खोकर कांग्रेस छोड़ रहे हैं और कांग्रेसी ही पुरानी कांग्रेस को खड़ा करने की मशक्कत में आपस में ही संघर्ष करते दिख रहे हैं। ऐसे में सवाल तीन हैं। एक, राहुल गांधी जिस कांग्रेस को खड़ा करना चाहते हैं, क्या वह ऐसी बड़ी लकीर खींच सकती है जिससे मोदी-सत्ता धराशायी हो जाए? दूसरे, राहुल गांधी की नई कांग्रेस में क्या पुराने अनुभवी कांग्रेसियों की कोई जगह नहीं है? तीसरे, दोनों हालत में कहीं कांग्रेस के आस्तित्व का ही संकट तो नहीं गहराने लगा है? असल सवाल तीसरा है, जिसने पहली बार संकेत दे दिए हैं कि राहुल की बड़ी लकीर से पहले कांग्रेस को एक साथ खड़ा करना जरूरी है। तो, 10 जनपथ का परदा भी हटा है और 24, अकबर रोड के दरवाजे भी खुले हैं। संगठन के पदों से लेकर राज्यवार नए हाथों में नई रणनीति के साथ कांग्रेस को मथना जरूरी है, इसे सोनिया गांधी के अनुभव और राहुल गांधी के तेवर ने स्वीकार कर लिया है। यानी जो वोट बैंक का नेता है, उसे दरकिनार नहीं किया जा सकता। मतलब यह कि गांधी परिवार के करीबी भूपेंद्र सिंह हुड्डा को चुनौती न दें, गुलाम नबी आजाद के अनुभव और आंनद शर्मा की उपयोगिता को खारिज न करें। लेकिन जी-23 की कतार अगर यह सोचे कि गांधी परिवार के चहेतों पर कोई गाज गिर जाएगी और चुनौती देकर वे सब कुछ अपने अनुकूल कर लेंगे तो 24,अकबर रोड से निकलता मैसेज साफ है कि यह संभव नहीं है। सभी को साथ बैठना होगा। कुछ मिटा कर, नया लिखने की फितरत से ऊपर उठना होगा। समूची कांग्रेस के कार्यक्रम को नए सिरे से गढ़ना होगा। मतलब यह कि कांग्रेस के भीतर और बाहर की लड़ाई में अगुआई गांधी परिवार को ही करनी है। अध्यक्ष पद के लिए जैसे ही राहुल गांधी का नाम आएगा, हर नेता खामोश हो जाएगा। लेकिन राहुल गांधी के नाम पर कोई दूसरा अगर कांग्रेस को हांकेगा तो पुराने कांग्रेसी कैसे बर्दाश्त करेंगे? राहुल इस हकीकत से वाकिफ हैं कि जी-23 की पूरी कतार कांग्रेस की सत्ता की प्रतीक है। कोई मुख्यमंत्री रहा है तो कोई कैबिनेट मंत्री। अब कांग्रेस के पास सत्ता नहीं है, उसे संघर्ष की जरूरत है। तो, राहुल गांधी संघर्ष करने वालों के साथ खड़े हों या सत्ता के जरिए पहचान पाने वाले कांग्रेसियों के साथ। 24,अकबर रोड के भीतर और बाहर ये तमाम सवाल हर कोई साफगोई से उठाने से चूकता नहीं लेकिन हल पूछने पर फौरन खामोशी रेंग जाती है। यानी बैठकें हो रही हैं, बैठकें होंगी, जनता से जुड़े नेताओं को महत्व दिया जाएगा, संगठन में बदलाव भी होगा, कांग्रेस के संघर्ष के तरीके भी बदलेंगे, लेकिन अतीत की ठसक छोड़नी होगी। फिर भी बार-बार बात संगठन में चहेतों को हटाने पर आ जाती है और कांग्रेस संकट की असली कहानी भी यहीं से शुरू होती है। इसमें तीन सवाल सबसे बड़े हैं। एक, जी-23 के नेता हर हाल में कांग्रेस कार्यकारिणी यानी सीडब्लूसी पर कब्जा करना चाहते हैं।

# यह असाधारण स्थिति है: मोदी विपक्ष के लिए अपराजेय और पार्टी के लिए अपरिहार्य हो गए हैं

**अवधेश कुमार**

राकांपा प्रमुख शरद पवार का यह बयान वैसे तो सामान्य है कि वे मोदी या भाजपा विरोधी किसी गठबंधन का नेतृत्व नहीं करेंगे लेकिन गठबंधन बनता है तो मदद करेंगे। अनेक विरोधी नेता सत्ता से भाजपा को हटाना चाहते हैं लेकिन नेतृत्व की दावेदारी से बचते हैं। क्यों? उन्हें उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम नरेंद्र मोदी को लेकर जनता की सोच का धीरे-धीरे एहसास हो गया है। चुनाव चाहे केंद्र का हो, राज्य का या स्थानीय निकाय का, मोदी सबसे बड़े मुद्दे के रूप में सर्वत्र उपस्थित हैं। यह असाधारण स्थिति है जो देश में पिछले छह दशकों से ज्यादा समय से नहीं देखा गया। आखिर मोदी में ऐसा क्या है जिससे ऐसी स्थिति पैदा हुई? थोड़ी गहराई से देखें तो नजर आएगा की नरेंद्र मोदी जब केंद्रीय सत्ता की दावेदारी में सामने आए थे तब उनके पक्ष और विपक्ष दोनों में लहर की स्थिति थी। पिछले आठ वर्षों में विरोध की लहर कमजोर हुई और पक्ष की मजबूत। इसका मतलब विपक्ष कमजोर हुआ तथा विरोधियों के एक बड़े समूह की धारणा मोदी को लेकर बदल गई। कुछ वर्ष पहले आप जहां जाते मोदी समर्थकों के साथ विरोधी भी उसी आक्रामकता से सामने आ जाते थे। आज मोदी का विरोध होता है लेकिन उसमें आक्रामकता ही नहीं संख्या बल भी वैसी नजर नहीं आती। ज्यादातर विरोध औपचारिक होकर रह गए हैं। यह स्थिति केवल देश में नहीं विदेशों में भी है।

एक नेता, जिसे देश और विदेश के विरोधियों ने महाखलनायक बना कर पेश किया वह धीरे-धीरे अपने कार्यों और भाषणों से इतनी बड़ी संख्या में लोगों का हृदय बदलने में कामयाब हुआ है तो इसे असाधारण परिवर्तन कहना ही मुनासिब होगा। भाजपा के लिए इसके पहले कोई नेता इस तरह अपरिहार्य नहीं माना गया।

पिछले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में आप जहां भी जाते मोदी का नाम सबसे ज्यादा सुनने को मिलता। ऐसे मतदाताओं की संख्या भी काफी थी जो कह रहे थे कि इस चुनाव में हम भाजपा को वोट नहीं देंगे लेकिन 2024 में मोदी हैं इसलिए उनके समर्थन में वोट जाएगा ही। इसका अर्थ यही है कि विधानसभा चुनाव में अगर भाजपा का ग्राफ किसी राज्य में पहले से कमजोर हुआ है तो उससे 2024 के अंकगणित का आकलन करना नासमझी होगी।

घोर विरोधी भी यह मानने को विवश है कि मोदी को हटा पाना टेढ़ी खीर है। विरोधियों की समस्या है कि वे हमेशा नरेंद्र मोदी का आकलन अपनी एकपक्षीय विचारधारा के चश्मे से करते हैं और यही विफल हो जाते हैं। आप देश के किसी भी आदिवासी मोहल्ले में चले जाइए और पूछिए कि किसे वोट दोगे तो बिना सोचे स्त्री-पुरुष सब बोलेंगे कि मोदी को। उन सबकी आवाज ऐसी मुखर होती है कि जिन्हें मोदी के आविर्भाव के बाद समाज के मनोविज्ञान में आए परिवर्तनों का आभास नहीं हो वे दंग रह जाएंगे। दूसरी ओर आप बुद्धिजीवियों, पेशेवरों, वैज्ञानिकों,



सैनिकों, किसानों, मजदूरों, कारीगरों, टैक्सी चालकों, रिक्शा चालकों आदि के बीच जाएं तो उनके मुंह से भी मोदी समर्थन की आवाज निकलती है। महाविद्यालय - विश्वविद्यालय ही नहीं, स्कूली छात्रों के बीच जाइए तो वहां भी मोदी को लेकर रोमांच भाव दिखाई देता है। उत्तर प्रदेश चुनाव के दौरान यादव समूह मुख्यत: सपा के पक्ष में था। लेकिन उनमें भी ऐसे लोग मिलते थे जो कहते थे कि मैं तो मोदी का समर्थन करना चाहता हूं लेकिन प्रदेश का माहौल ऐसा है कि मेरा वोट माना ही नहीं जाएगा। एक सेना का नौजवान मुझे मिला जिसने कहा कि मैं तो मोदीवादी हूं, क्योंकि मुझे मालूम है कि सेना और रक्षा के लिए उन्होंने क्या किया है लेकिन हमको सपा समर्थक बना दिया गया है। यह उदाहरण बताने के लिए पर्याप्त है कि मोदी किस तरह उन लोगों के दिलों दिमाग पर राज कर रहे हैं जिनकी अपनी कोई निश्चित दलीय निष्ठा या विचारधारा नहीं है।

वास्तव में नरेंद्र मोदी ने अपना बहुआयामी प्रतिभाशाली व्यक्तित्व प्रमाणित किया है। ऐसा नहीं है कि उन्होंने हिंदुत्व और राष्ट्रवाद की विचारधारा से समझौता किया जिससे विरोधी भी समर्थक बने।

इसके उलट हिंदुत्व और राष्ट्रवाद पर पहले की भाजपा सरकारों की नीतियों से ज्यादा स्पष्ट और मुखर होते हुए आम आदमी के कल्याण, विकास की सोच तथा विदेश व रक्षा नीति के बीच मोदी ने अपने कार्यों से संतुलन बनाया है। मोदी को हिंदुत्व का हीरो मानने वाले प्रसन्न और संतुष्ट हैं तो दूसरी ओर उन्हें देश की रक्षा व विकास से लेकर विदेशों में भारत की धाक जमाने की उम्मीद करने वाले भी। कृषि कानून विरोधी आंदोलन के दौरान भले सतह पर दिखाई नहीं दिया लेकिन देश में कहीं चले जाइए आंदोलनकारियों के विरोध में आम किसान भी गुस्से में बोलते मिलते थे और उनके मन में मोदी के प्रति अपार सहानुभूति का भाव झलकता था। जिन्हें विरोध करना है वो भले स्वीकार न करें, देश और विदेश का बहुमत इसे स्वीकार करता है।

जरा सोचिए, विपक्ष यदि महंगाई का मुद्दा उठाता है तो भारी संख्या में लोग कहते हैं कि हम महंगे तेल लेंगे लेकिन वोट मोदी को ही देंगे। ये सारे लोग न तो विक्षिप्त हैं न अज्ञानी और न ही उनकी जेबों पर महंगाई का दबाव नहीं पड़ता। उनका विश्वास है कि देश और हम मोदी के हाथों ज्यादा सुरक्षित हैं। आलोचक कहते हैं कि मोदी भाषण अच्छा देते हैं और लोगों को सम्मोहित कर लेते हैं। थोथे शब्दों से कोई इतने लंबे समय तक जनता का ऐसा विश्वास हासिल नहीं कर सकता। जो देश गुजरात के मुख्यमंत्री रहते मोदी का बहिष्कार कर रहे थे वहां के नेता वैसी प्रशंसा कर रहे हैं जो हमारे यहां उनके समर्थक भी नहीं करते। दुनियाभर में फैले भारतवंशियों के अंदर मोदी का क्रेज अभूतपूर्व है। केवल भाषणों से ऐसा नहीं हो सकता। हालांकि सच यह है कि विरोधियों की तरह मोदी के समर्थकों में भी बहुतायत ऐसे ही लोग हैं जो संपूर्णता में उनका मूल्यांकन नहीं करते। आखिर एक साथ समाज के निचले तबके से लेकर ऊपर तक, अनपढ़ से बुद्धिजीवी, सामान्य कारीगर, रिक्शा चालक से लेकर वैज्ञानिक और नौकरशाह तथा विदेशों के भारतवंशी एवं दूसरे देशों के नागरिक, नेता ..सब मोदी के बारे में इतनी सकारात्मक धारणा क्यों रखते हैं इसका अगर गहराई से अध्ययन किया जाए तो उत्तर मिल जाएंगे। सोचिए इसके पहले किस प्रधानमंत्री ने मन की बात में ऐसे छोटे-छोटे मुद्दों और विषयों को उठाया जो हमारी आपकी जिंदगी से सीधे जुड़ीं हैं?

परीक्षा पर चर्चा करते और छात्रों के प्रश्नों का विस्तार से उत्तर देते हुए कौन नेता देखा गया? उपग्रह प्रक्षेपण के समय अंतरिक्ष केंद्र में उपस्थित रहने का रिकॉर्ड पहले भी है लेकिन विफल हो जाने के बाद वहां जाकर वैज्ञानिकों को साहस व संबल देने का ऐसा कार्यक्रम पहले नहीं देखा गया। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने की योजना से देश में विवेकशील वर्ग सहमत नहीं, पर अनाज होते हुए भी गरीबों को मुफ्त पहुंचा देने का कार्य पहले तो नहीं हुआ।

किसने किसानों के खाते में राशि पहुंचाई? धारा 370 हटाने के कट्टर समर्थक भी कल्पना नहीं करते थे कि उनकी जिंदगी में वे इसे साकार होते देखेंगे।

अयोध्या में मंदिर निर्माण हो ही जाएगा इसकी भी कल्पना नहीं थी। मोदी ने यह नहीं सोचा कि अयोध्या मंदिर निर्माण के फैसले के बाद तुरंत ट्रस्ट बनाकर निर्माण प्रक्रिया शुरू कराने, स्वयं भूमि पूजन में जाने तथा इसी तरह काशी विश्वनाथ का पुनर्निर्माण करने और वहां उद्घाटन में जाने का मुस्लिम देशों की सोच पर क्या प्रभाव होगा। वे यह सब करते हुए भी निकट के मुस्लिम देशों से अच्छा संबंध बनाए हुए हैं। आप काशी विश्वनाथ धाम में चले जाइए आपको अंदर अनेक लोग कहते हुए मिल जाएंगे जियो मोदी ..मोदी जिंदाबाद। अयोध्या श्रीराम के दर्शन कर लौटते समय लोगों के ऐसे ही शब्द आपको सुनने को मिल जाएगा। उनको वोट न देने वाले अनेक मुस्लिम मिल जाएंगे जो कहेंगे कि मोदी के कारण उनका जीवन चल रहा है।

## माखनलाल चतुर्वेदी : जिनकी आत्मा पराधीन भारत की दुर्दशा देखकर चीत्कार करती थी

**ऋषिज संतोष गुरु**

माखनलाल चतुर्वेदी शिक्षक-कवि, निबंधकार-पत्रकार, कई पत्रिकाओं के सम्पादक, क्रांतिकारी अर्थात बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्तित्व थेलेकिन कवि के रूप में इनकी छवि सर्वाधिक प्रसिद्ध है। माखनलाल जी मूल रूप से लेखक-कवि और वरिष्ठ साहित्यकार के अलावा, हृदय में राष्ट्रप्रेम की अनन्य भावना से सराबोर स्वतंत्रता सेनानी भी थे जिनकी आत्मा पराधीन भारत की दुर्दशा देखकर चीत्कार करती थी। त्याग-बलिदान जैसे उच्च गुणों में विश्वास रखने वाले, उन्होंने उस युग की आवश्यकता को पहचानकर अपनी कविताओं में वही भाव रचे और कविताओं के माध्यम से देशवासियों को त्याग और बलिदान का महत्व बताया। राष्ट्रीय भावनाओं से पूर्णतया ओतप्रोत होने के कारण श्रद्धापूर्वक माखनलाल जी भारतीय आत्मा के नाम से भी संबोधित किए जाते हैं।

आज से 133 वर्ष पूर्व, 4 अप्रैल, 1889 को माखनलाल चतुर्वेदी जी का जन्म, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से कुल 33 किमी. दूर माखननगर (पूर्व नाम बाबई) के पटेल मोहल्ले में हुआ था। इनके पिता पंडित नंदलाल चतुर्वेदी अध्यापक थे और माता सुकर बाई गृहणी थीं। उनको बचपन से पढ़ने-लिखने में अत्यधिक रुचि थी, बाल्यकाल में ही उन्होंने रामायण, भगवद्गीता और महाभारत जैसे प्रमुख ग्रंथों-पुराणों का अध्ययन कर लिया था।

माखनलाल जी बचपन से ही हास-परिहास वाली प्रवृत्ति के थे, उन्हें तुकबंदियों में बात करना बहुत पसंद था। जन्मजात आदर्शों के परिणामस्वरूप उन्होंनेस्वाध्याय द्वारा ज्ञान में वृद्धि की क्योंकि उन्हें सदा से ही विभिन्न भाषाओं में निपुण होने का शौक था। हिंदी भाषा तो उनकी आत्मा थी, साथ ही संस्कृत, मराठी, गुजराती, बंगाली और अंग्रेज़ी भाषा पर भी उनका अच्छा अधिकार था। उनके ग्रंथालय में कई भाषाओं का उच्च साहित्य उपलब्ध था, परिणामस्वरूप उन्होंने प्रेरणादायक विषयों पर लिखना आरंभ किया।

माखनलाल जी का व्यक्तित्व, कृतित्व और उनका साहित्य हमेशा आपस में सामंजस्य बनाये रहे। कुछ दिनों तक अध्यापन करने के बाद उन्होंने 'प्रभा' नामक मासिक पत्रिका का संपादन किया। खंडवा से प्रकाशित होने वाली 'कर्मवीर' पत्रिका का 30 वर्ष तक संपादन और प्रकाशन किया। राष्ट्रवादी विषयों पर लिखने के साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय गतिविधियों में भी भरपूर भाग लिया और क्रांतिकारी गतिविधियों में सम्मिलित होने के कारण कई बार बंदी बनाए गए। बतौर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, माखनलाल जी को मार्च 1922 में बिलासपुर केंद्रीय कारागार से जबलपुर कारागार भेजा गया, वहीं वे गणेशशंकर विद्यार्थी जी के संपर्क में आए और विद्यार्थी जी की प्रेरणा से इन्होंने राष्ट्रीय आंदोलन में भाग लिया, अनेकों बार बंदी भी बनाए गये। कारावास में भी इनका लेखन अनवरत चलता रहा और कलम के ये सिपाही कारागार में रहते हुए भी स्वतंत्रता के जोशीले दीवानों का प्रोत्साहित करते रहे। विद्यार्थी जी की मासिक पत्रिका 'प्रताप' के लिए उन्होंने सुप्रसिद्ध रचना 'पुष्प की अभिलाषा' लिखी।




## भारत की पड़ोस और विदेश नीति शांति-उन्मुख रही है

**भारत के पड़ोस में मची सियासी उठापटक और आर्थिक आपातकाल - रूस यूएनएचआरसी से सस्पेंड**

**भारत की पड़ोस व विदेश नीति में शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व व विश्व शांति की झलक मिलती है - एड किशन भावनानी**

गोंदिया - बड़े बुजुर्गों की कहावत है कि जब पड़ोस सुख-शांति हो तो इंसान चैन की नींद सोता है जब पड़ोसी के साथ-साथ हम भी शांति के पक्षधर हो!!! यह बात सिर्फ गली, मोहल्ले, जिले, प्रदेश, देश तक सीमित नहीं है बल्कि अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे देशों पर भी सटीक बैठती है।

साथियों इस कहावत को अंतर्राष्ट्रीय परिपेक्ष में लेकर हमारे देश के पड़ोसियों नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान इत्यादि देशों से के बारे में लें, तो भारत भी पड़ोसी और विदेश नीति शांति-उन्मुख है तथा भारत की पड़ोस और विदेश नीति में शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व व विश्व शांति की झलक मिलती है क्योंकि ऐतिहासिक विरासत के रूप में नीतियां आज अनेक तत्वों को समाहित किए हुए हैं जो कभी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से उपजी थी परंतु एक सच्चाई यह भी है कि ऐसा कोई निश्चित मापदंड नहीं है कि जिसके आधार पर किसी देश के पड़ोसी संबंधोंकी सफ़लता या असफ़लता का निर्णय किया जाए परंतु आज की स्थिति को देखते हुए जब हमारे एक पड़ोसी मुल्क जहां खूब सियासी उठापटक मची हुई है उनके पीएम ने भी भारतीय विदेश नीति की तारीफ़ की जबकि उनसे तालमेल कुछ सुलझे हुए नहीं हैं जो पूरे विश्व ने सुना, तो हम कह सकते हैं कि भारत की पड़ोस और विदेश नीति दोनों पटरी पर हैं।

साथियों बात अगर हम हमारे पड़ोसियों की विपत्तियों में सहायता की करे तो पूरे विश्व ने देखा भारत ने किस तरह वैक्सीन का वितरण अपने पड़ोसी देशों को कर उनके नागरिकों की जान बचाकर मानवता और अच्छे पड़ोसी का परिचय दिया और वर्तमान समय में भी एक पड़ोसी देश की आर्थिक हालत बद से बदतर हो गई है वहां भी भारत पड़ोसी और अच्छे मानवीय नाते के कारण मदद के हाथ बढ़ा रहा है।

साथियों बात अगर हम विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता के मीडिया में आए बयान की करें तो श्रीलंका की अर्थव्यवस्था तेजी से घटते विदेशी मुद्रा भंडार और बढ़ती मुद्रास्फीति की दोहरी चुनौती का सामना कर रही है, जिससे यह दिवालिया होने के कगार पर पहुंच गई है। वह लगातार ऋण स्तरों के साथ सॉल्वेंसी के मुद्दों का भी सामना कर रहा है। विदेशी मुद्रा की अभूतपूर्व कमी के कारण वहां के लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा नहीं किया जा सकता। पेट्रोल पंपों के बाहर बड़ी कतारें हैं, क्योंकि पेट्रोल आयात करने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार नहीं है, फार्मेसियों में दवाएं खत्म हो गई हैं, जबकि अखबारों के घर अखबारी कागज से बाहर हो गए हैं। प्रवक्ता ने कहा, हम अपनी पड़ोस पहले नीति के अनुरूप तेजी से पोस्ट-कोविड आर्थिक सुधार के लिए उनके साथ काम करना जारी रखने के लिए तैयार हैं। हमारी तत्परता, जो भी सहायता हम प्रदान कर सकते हैं, वह अब तक हमारे कार्यों से प्रदर्शित हुई है। मार्च के मध्य से अब तक 2.70 लाख मीट्रिक टन से अधिक खाद्य और तेल उनको को पहुंचाया जा चुका है। इसके अलावा, हाल ही में विस्तारित एक अरब डॉलर की क्रेडिट लाइन के तहत 40 हज़ार टन चावल की आपूर्ति की गई है।

भारत और श्रीलंका के बीच संबंध सहयोग हमारे सभ्यतागत मूल्यों और आकांक्षाओं में निहित हैं। हाल के महीनों में भारत-श्रीलंका संबंध मजबूत हुए हैं।

श्रीलंका में पहले चार अप्रैल को आपातकाल का ऐलान किया गया था, जब आर्थिक संकट की वजह से जगह-जगह हिंसा शुरू हो गई थी, तब राष्ट्रपति ने स्थिति को काबू में करने के लिए इमरजेंसी लगाने का फैसला लिया था, लेकिन अब उसी आपातकाल वाले फैसले को रद्द कर दिया गया है, इसके पीछे के क्या कारण रहे हैं, ये अभी स्पष्ट नहीं है। वैसे अभी भी जमीन पर स्थिति काफी खराब बताई जा रही है।

महंगाई चरम सीमां पर पहुंच चुकी है और लोगों के सब्र का बांध टूट रहा है। डीजल लेने के लिए लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं, केरोसीन के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है और कागज की किल्लत की वजह से बच्चों की परीक्षा रद्द करवा दी गई है। जमीन पर क्या स्थिति? अब ये राजनीतिक उठापटक इतनी तेज इसलिए हो गई है क्योंकि वहां स्थिति आउट ऑफ कंट्रोल होती जाती दिख रही है। वहां लंबे समय तक बिजली कटौती ने देश में संचार नेटवर्क को प्रभावित कर दिया है।

भारी कर्ज और घटते विदेशी भंडार के कारण श्रीलंका ने अब आयात के लिए भुगतान करने में भी असमर्थ हो गया है। यही वजह है कि इससे देश में ईंधन सहित कई सामान की किल्लत हो गई है. इस सब के ऊपर कोविड -19 महामारी ने वहां की अर्थव्यवस्था को भारी झटका दिया। सरकार ने पिछले दो वर्षों में14 बिलियन डॉलर के नुकसान का अनुमान लगाया हैं

साथियों बात अगर हम हमारे एक पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में मची सियासी उठापटक की करें तो वहां की सुप्रीम कोर्ट ने देर रात अपने फ़ैसले में नेशनल असेंबली को बहाल करते हुए डिप्टी स्पीकरके फैसलेको असंवैधानिक करार दिया है। सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की पीठ ने 5-0 से फैसला सुनाते हुए कहा कि राष्ट्रपति का नेशनल असेंबली को भंग करना गलत फैसला था। कोर्ट ने पीएम के साथ उनके मंत्रिमंडल को भी बहाल कर दिया।

राजनीतिक संकट के बीच वहां के सुप्रीम कोर्ट ने माना कि डिप्टी स्पीकर का फैसला असंवैधानिक था। कोर्ट ने कहा है कि पीएम को 9 अप्रैल को सुबह 10 बजे नेशनल असेंबली में अविश्वास प्रस्ताव का सामना करना पड़ेगा। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल असेंबली को बहाल कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि अगर अविश्वास प्रस्ताव सफ़ल होता है तो नए पीएम का चुनाव होना चाहिए। यह सुनवाई डिप्टी स्पीकर के उस आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर हो रही थी, जिसमें केंद्र सरकार के खिलाफ़ आए अविश्वास प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया था। इसके बाद ही पाकिस्तान की संसद को भी भंग कर दिया गया था और 90 दिनों के अंदर चुनाव कराने की मांग हुई थी।

साथियों बात अगर हम वैश्विक स्तरपर भारत के अच्छे संबंधों की करें तो उसमें रूस का भी नाम है जिसका दिनांक 7 अप्रैल 2022 को देर रात्रि, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद से रूस को हटाने पर फैसला करने के लिए वोटिंग हो गई है। इसके लिए न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) का आपातकालीन विशेष सत्र हुआ। भारत ने यूएनएचआरसी से रूस को निलंबित करने के लिए मसौदा प्रस्ताव पर मतदान से परहेज किया।

## स्वाभिमान!

सम्मान मांगो ना, कमाओ,
पैसे मांगो ना, कमाओ,
और कमाना कैसे हैं,
इस गौरवशाली जीवन में,
सीखो और सिखाओ!

खुद के हक का खाओ,
हाथ ना फैलाओ,
अपने स्वाभिमान को बचाओ,
ऊपर वाले पर भरोसा रखकर,
स्वयं के आत्मसम्मान को जगाओ!

अपनी भी कदर करो,
दूसरों पर ना निर्भर हो,
लाचारी जीवन में आने ना पाए,
यह खुशहाल और आजाद जीवन,
खुद्दारी के साथ बिताएं!

स्वयं के निर्णय पर करो यकीन,
अपनी जिंदगी के फैसले लो प्रतिदिन,
निर्णय बदल देता है जिंदगी का अंदाज,
यह दूसरों की नहीं तेरी जिंदगी है,
तुझ में भी है, ताक़त-ए-परवाज़!!

**डॉ. माध्वी बोरसे!**
**(स्वरचित व मौलिक रचना)**



## शार्ट न्यूज

### देवरिया में फसल कटाई के दौरान स्ट्रॉ-रीपर मशीन के प्रयोग पर लगी रोक

देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में किसानों की फसल को आग से बचाने के लिये प्रशासन ने फसल कटाई के दौरान स्ट्रा-रीपर मशीन के प्रयोग पर रोक लगा दी है। जिला प्रशासन की ओर से शुक्रवार को बताया गया कि जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने फसलों को आग से बचाने के लिये गेहूं की फसल की कटाई के दौरान स्ट्रॉ-रीपर मशीन का प्रयोग करने पर 30 अप्रैल तक रोक लगा दी है। इस मशीन के प्रयोग से फसल कटाई के दौरान निकलने वाली चिंगारी से जिले में कुछ जगहों पर आग लगने की घटना सामने आई है। जिलाधिकारी निरंजन ने निर्देश दिया है कि जिले में कहीं पर भी फसल कटाई में स्ट्रॉ-रीपर मशीन का प्रयोग पाया जाता है, तो संबंधित एसडीएम और सीओ उस मशीन को जब्त कर लेंगे। निरंजन ने अग्निशमन विभाग के रिस्पांस टाइम को और त्वरित बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आग लगने के स्थल पर पहुंचना मुश्किल कार्य होता है। कई बार घटनास्थल काफी दूर एवं रास्ते सँकरे होते हैं। ऐसे में जीपीएस तकनीकी का प्रयोग करके घटनास्थल पर कम समय में पहुंचा जा सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन किसानों की फसलें आग में जल गई हैं उन्हें 24 घन्टे के भीतर शासन द्वारा अनुमन्य सहायता उपलब्ध कराई जाये।

### सहारनपुर में दो वर्षीय बच्ची को कुत्ते नोंच-नोंचकर खा गये

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में दिल दहला देने वाली घटना में दो साल की एक बच्ची को आवारा कुत्ते नोंच नोंच कर खा गये। पुलिस की ओर से शुक्रवार को दी गयी जानकारी के मुताबिक जिले के थाना तीतरो के गांव झाड़वन में झोंपड़ी में सो रही दो वर्षीय बच्ची कोयल को देर शाम आवारा कुत्ते खींचकर ले गए और उसे नोंच-नोंचकर खा लिया। बच्ची के अवशेष और कपड़े कुछ दूरी पर पड़े मिले। इससे पहले रविवार को भी चिलकाना में पांच साल की बालिका सिफा को खूंखार कुत्ते नोंच-नोंचकर खा गए थे। पुलिस ने आज बताया कि आवारा कुत्तों का शिकार हुई दो वर्षीय बच्ची कोयल शामली के थाना कैराना के गांव मावी निवासी लोकेंद्र की बेटी थी। लोकेंद्र का परिवार गांव झाड़वन मार्ग पर एक कोल्हू पर काम करता है। लोकेंद्र ने बताया कि कोयल रात अपनी मां सोनिया के साथ कोल्हू के पास बनी झोंपड़ी में सो रही थी। रात में किसी वक्त आवारा कुत्तों का झुंड बच्ची को झोपड़ी से खींच ले गया और बच्ची को मारकर खा गये। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी राजीव सक्सेना का इन घटनाओं पर कहना है कि मांस ना मिलने के कारण कुत्ते बच्चों और कमजोर लोगों पर हमला करते हैं। ऐसे कुत्ते दूध, बिस्कुट, ब्रेड आदि नहीं खाते हैं। पांच दिन के भीतर दो मासूम बच्चे खूंखार कुत्तों का शिकार बने हैं। जिससे पूरे जिले के लोगों में दहशत है।

### आवारा कुत्तों से मासूम की मौत का उच्च न्यायालय ने लिया स्वतः संज्ञान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बीते दिनों आवारा कुत्तों द्वारा दो मासूम बच्चों पर हमला करने की घटना पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने स्वत: संज्ञान लेकर राज्य सरकार और जिला प्रशासन से जवाब तलब किया है। न्यायमूर्ति देवेन्द्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने गुरुवार को इस मामले से जुड़ी मीडिया रिपोर्टों के आधार पर स्वत- संज्ञान लेकर पीड़ित परिवार को मुआवजा देने के विकल्प जिलाधिकारी से पूछे हैं। शहर के ठाकुरगंज इलाके में आवारा कुत्तों के शिकार बने मासूम भाई बहन की घटना को खंडपीठ ने हृदयविदारक बताते हुए केजीएमयू को इस घटना में घायल हुयी बच्ची का समुचित इलाज करने को कहा। गौरतलब है कि आवारा कुत्तों के हमले में पांच साल के बच्चे की मौत हो गई थी जबकि उसकी बहन गंभीर रूप से घायल हो गयी। उसका स्थानीय केजीएमयू अस्पताल में इलाज चल रहा है। अदालत ने कहा कि बच्ची के इलाज का पूरा खर्च सरकार वहन करेगी और केजीएमयू के कुलपति खुद बच्ची के इलाज की निगरानी करेंगे। साथ ही अदालत ने राज्य सरकार, नगर निगम, केजीएमयू और पशुपालन विभाग के अधिकारियों को इस आदेश की कॉपी भेजने का आदेश देते हुए लखनऊ के जिलाधिकारी से पूछा है कि पीड़ित परिवार को किस तरह से क्षतिपूर्ति की जा सकती है।

### लखनऊ : घर बुलाया और फिर नशीला पदार्थ खिलाकर किया गैंगरेप, दोनों दरिंदे गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ के पारा पुलिस ने कैटरिंग सर्विस में काम दिलाने का झांसा देकर युवती के साथ गैंगरेप करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके खिलाफ गुरुवार को पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराया था। इंस्पेक्टर दधिबल तिवारी के मुताबिक बाराबंकी निवासी संदीप मिश्रा और उन्नाव हसनगंज निवासी नावेंद्र कुमार को तेजीखेड़ा के पास से पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को एक युवती थाने आई थी। जिसने बताया था कि संदीप ने कैटरिंग सर्विस में काम दिलाने की बात कह कर उसे घर बुलाया था। जहां संदीप का दोस्त नावेंद्र भी मौजूद था। जिसके जरिए नौकरी लगवाने की बात कही गई थी। बातचीत के दौरान ही आरोपियों ने खाने में नशीला पदार्थ मिला कर दे दिया था। जिसे पीकर युवती बेहोश हो गई थी। इस दौरान आरोपियों ने उसके साथ दुराचार किया था। होश आने पर पीड़िता ने संदीप और नावेंद्र से विरोध दर्ज कराया था। जिस पर दोनों लोगों ने युवती को शिकायत करने पर नुकसान पहुंचाने की धमकी दी थी। इंस्पेक्टर के मुताबिक थाने आई पीड़िता की बात सुन कर तत्काल मुकदमा दर्ज किया गया था। वहीं, युवती को मेडिकल चेकअप के लिए भेजते हुए पुलिस आरोपियों को तलाश रही थी। शुक्रवार सुबह संदीप और नावेंद्र को गिरफ्तार किया गया है।

### पेपर लीक कर पंचायत भवन में लिखी जा रही थी यूपी बोर्ड एग्जाम की कापियां, गाजीपुर में एसटीएफ ने छह को पकड़ा

**गाजीपुर।** स्पेशल टास्क फोर्स ने गाजीपुर में बोर्ड परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह पर बड़ी कार्रवाई की है। एसटीएफ ने 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एक अन्य की तलाश हो रही है। सभी के खिलाफ सैदपुर कोतवाली में केस दर्ज कराया गया है। शासन को भी एसटीएफ की कार्रवाई की सूचना देने के साथ ही कालेज के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी है। केदारनाथ इंटर कॉलेज धुवार्जुन के बाहर स्थित विशुनपुरा पंचायत भवन में सॉल्वरों के माध्यम से कापियां लिखवाने की सूचना एसटीएफ को मिली थी। एसटीएफ निरीक्षक पुनीत परिहार और स्टेटिक मजिस्ट्रेट विजय कुमार सिंह की टीम ने घेराबंदी की तो तीन सॉल्वर इण्टरमीडिएट भौतिक विज्ञान विषय का प्रश्न-पत्र हल करते मिले। जांच में पता चला कि छात्र पीयूष यादव निवासी बहोरवा से 25 हजार रूपये की वसूली की गई थी। एसटीएफ ने विशुनपुरा सैदपुर निवासी प्रधानाध्यापक रविन्द्र राय पुत्र केदारनाथ राय, अशोक कुमार पटेल, रजनीश कुमार कुशवाहा, शैलेन्द्र यादव पुत्र रामसमुज यादव, रवि यादव और सोनभद्र के गौरवॉ पन्नुगंज निवासी पीयूष कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया, वहीं प्रधानाध्यापक रविन्द्र राय के पुत्र आनन्द राय उर्फ सोनू की तलाश जारी है। पुलिस ने केदारनाथ इण्टर कॉलेज, धुवार्जुन के बाहर विशुनपुरा पंचायत भवन से 5 मोबाइल और इण्टरमीडिएट भौतिक विज्ञान की एक कापी बरामद की।

### अवैध होटल को तोड़ने को लेकर हंगामा, बीजेपी विधायक ने रोकवाया ध्वस्तीकरण

लखनऊ। लखनऊ के जानकीपुरम विस्तार नहर रोड पर बने अवैध होटल को तोड़ने पहुंचे एलडीए के दस्ते को शुक्रवार को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। पहले तो इसे बनवाने वाले बिल्डरों तथा उनके गुर्गों ने अधिकारियों को घेर लिया। इसके बाद बीजेपी विधायक नीरज बोरा भी आ गए। उन्होंने भी एलडीए से कार्यवाही रोकने को कहा। काफी देर तक चले हंगामे के बाद प्राधिकरण को कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। भारी दबाव, विरोध को देखते हुए बिल्डिंग से सभी मजदूरों को वापस निकाल लिया गया। हालांकि प्राधिकरण के मजदूरों ने बिल्डिंग के आगे का कुछ हिस्सा व शीशा आदि तोड़ दिया है।

# सहारनपुर में डकैत ध्याना गुर्जर गैंग के पांच डकैत पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में बीती रात डकैतों के साथ पुलिस की दो अलग अलग मुठभेड़ हुईं। इनमें से एक मुठभेड़ में कुख्यात डकैत ध्याना गुर्जर गैंग के पांच डकैत पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद पकड़े गये।



सहारनपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को मध्यरात्रि के बाद थाना सदर बाजार के न्यू आवास विकास कालोनी के पीछे पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम के बीच ध्याना गुर्जर गैंग के छह डकैतों के साथ जबरदस्त मुठभेड़ हुई। डकैतों ने पुलिस द्वारा घेर लिये जाने पर ताबड़तोड़ फायरिंग की जिसमें पुलिस निरीक्षक सदर बाजार हरेंद्र सिंह और क्राइम ब्रांच के मुख्य आरक्षी अमरदीप घायल हो गए।

तोमर ने बताया कि पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, इसमें तीन डकैत गोली लगने से घायल हो गये। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने पांच डकैतों को गिरफ्तार कर लिया। गिरोह का सरगना ध्याना गुर्जर मौके से भाग निकलने में कामयाब रहा। पुलिस उसकी तलाश में लगी है। उन्होंने बताया कि यह गिरोह शहर में आपराधिक वारदात करने के उद्देश्य से बीती रात सहारनपुर में घुसा था। जिसकी पुलिस को सटीक सूचना मिल गई।

पुलिस दल ने एसपी सिटी और सीओ सिटी-द्वितीय की अगुवाई में गिरोह का पीछा किया। रात्रि बारह बजे के बाद यह मुठभेड़ हुई। पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में इलाज के लिये भेज दिया है।

एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उनके गिरोह ने इसी माह तीन अप्रैल को दिन में साढ़े तीन बजे सदर बाजार थाना क्षेत्र के अहमद बाग कालोनी में रहने वाले पेंट कारोबारी सरदार पृथ्वीपाल सिंह के यहां सीबीआई अफसर बनकर डकैती डाली थी। तोमर ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों के पास से तीन लाख 62 हजार रूपए नकद, दो हजार अमेरिकी डालर, डकैती की वारदात में प्रयुक्त दो कारें, पांच अवैध तमंचे और 8 जिंदा कारतूस आदि बरामद हुए हैं।

उन्होंने बताया कि इस मुठभेड़ में शामिल पुलिस टीम के साहस की प्रदेश के एडीजे (कानून व्यवस्था) प्रशांत कुमार और डीजीपी मुकुल गोयल ने सराहना की है। साथ ही प्रदेश के अपर मुख्य सचिव (गृह) अवनीश अवस्थी की ओर से एक लाख रुपये बतौर इनाम दिए जाने की घोषणा की गई।

सहारनपुर के आईजी डा. प्रीतिन्दर सिंह ने पुलिस टीम को 50 हजार रुपये का इनाम और खुद तोमर की ओर से 25 हजार रूपए का इनाम देने की घोषणा की गई। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार डकैतों के गिरोह पर गैंगस्टर एक्ट और रासुका के तहत कार्रवाई की जाएगी।

दूसरी मुठभेड़ के बारे में उन्होंने बताया कि सहारनपुर में बीती रात डकैतों के एक गिरोह के साथ थाना गागलहेड़ी क्षेत्र में वाहन लुटेरों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई। इसमें जिले के टॉप टेन बदमाशों में शुमार शुभम पुत्र सतपाल सिंह और विनीश उर्फ बिन्नी पुत्र सुरेंद्र कुमार निवासी गंगोह थाना क्षेत्र के पैर में गोली लगने से घायल हो गये। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। इस मुठभेड़ में बदमाशों के दो साथी राहुल चौधरी निवासी थाना भवन और अर्जुन पुत्र सतपाल निवासी कुतुबशेर फरार हो गए।

तोमर ने बताया कि ये बदमाश शामली की तरफ से सहारनपुर में घुसे थे। शामली पुलिस की सूचना पर सहारनपुर के थाना कुतुबशेर और थाना गागलहेड़ी की पुलिस ने इन बदमाशों को कल शाम गांव सबदलपुर के पास घेर लिया था। बदमाश और पुलिस की मुठभेड़ में एक सिपाही अभिषेक भी घायल हो गया।

# महिलाओं को लेकर भड़काऊ बयान देने वाले महंत ने दी सफाई

## बताई वायरल वीडियो की सच्चाई

एजेंसी

**सीतापुर।** यूपी के सीतापुर में महिलाओं को लेकर दिए गए भड़काऊ बयान वाला वीडियो वायरल होने के बाद महंत ने उसकी सच्चाई बाते हुए सफाई दी है। महंत बजरंग मुनिदास ने कहा, अगर वे हमारी बेटियों को परेशान करेंगे तो उनकी बेटियां भी सुरक्षित नहीं रहेंगी। मुझे झूठे आरोपों के तहत गढ़ने के लिए वीडियो को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। महंत ने कहा, खैराबाद में 80 प्रतिशत मुसलमान और 20 प्रतिशत हिंदू हैं। ऐसे में हिंदुओं की स्थिति बताने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, हमारी कलश यात्रा के दौरान, वे करौली जैसी घटना को दोहराने के लिए लाठी-पत्थरों से तैयार किए गए थे, लेकिन पुलिस के कारण ऐसा नहीं हुआ।

### ये है पूरा मामला

महर्षि श्री लक्ष्मण दास उदासीन आश्रम के महंत बजरंग मुनि दास ने नवरात्रि और हिंदू नव वर्ष को लेकर सीतापुर में आयोजित शोभा यात्रा के दौरान भड़काऊ भाषण का एक वीडियो वायरल हुआ था।

वीडियो दो अप्रैल का बताया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में बजरंग मुनि दास को कहते सुना जा सकता है कि यदि किसी हिंदू लड़की को समुदाय विशेष से जुड़े लोग छेड़ते हैं तो वह उनकी बहू-बेटियों को घर से निकालकर सरेआम रेप करेंगे। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ऐक्शन में आ गई है। पुलिस ने एसीपी नॉर्थ राजीव दीक्षित को जांच सौंपी है। सीतापुर पुलिस ने ट्वीट करके कहा है कि जांच की जा रही है। प्राप्त तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### महंत का वीडियो वायरल होते ही एक्शन में आया महिला आयोग

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश पुलिस से उस महंत को गिरफ्तार करने को कहा, जिन्होंने कथित तौर पर एक समुदाय की बहू-बेटियों को घर से उठाकर रेप की धमकी दी है। वीडियो सामने आने के बाद जहां पुलिस ने जांच की बात कही है तो वहीं महिला आयोग ने कहा कि पुलिस मूक दर्शक नहीं हो सकती है और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं।

# हिजबुल्लाह या इस्लामिक स्टेट का मेंबर हो सकता है गोरखनाथ मंदिर का हमलावर : पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल

नई दिल्ली। गोरखनाथ मंदिर पर हमला करने की कोशिश करने वाला अहमद मुर्तजा अब्बासी आतंकी संगठन हिजबुल्लाह या फिर इस्लामिक स्टेट का सदस्य हो सकता है। रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल अभय कृष्ण ने यह आशंका जताई है।

उन्होंने कहा कि जिस तरह अहमद मुर्तजा अब्बासी ने चाकू से गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों पर हमला किया था, वह मध्य पूर्व के आतंकी संगठनों का तरीका है। उन्होंने कहा कि इजरायल में इस तरह के हमले हमास जैसे आतंकी संगठन अकसर अंजाम देने की कोशिश करते रहे हैं। ऐसे हमलों में एक से दो लोग ही घटना को अंजाम देते हैं। भारतीय सेना की दक्षिण-पश्चिम, पूर्वी और सेंट्रल कमांड्स के कमांडिंग चीफ रह चुके अभय कृष्ण ने कहा कि अभी यह कहना जल्दबाजी होगा कि मुर्तजा मध्य पूर्व के किसी आतंकी मॉड्यूल का हिस्सा है। लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि भविष्य में आतंकी संगठन ऐसे ट्रेंड को फॉलो कर सकते हैं। इंडिया टुडे से बातचीत में अभय कृष्ण ने कहा, %इस बात की संभावना है कि उसे ऑनलाइन रैडिकलाइज किया गया हो। जैसे इस्लामिक स्टेट या फिर हिजबुल्लाह की ओर से उसकी डिजिटल रिक्रूटमेंट कराई गई हो।% उन्होंने कहा कि इन आतंकी संगठनों के लिए मुर्तजा एक आसान टारगेट हो सकता है।

### भविष्य में भी हो सकते हैं ऐसे आतंकी हमले

उन्होंने कहा कि ये आतंकी संगठन आजकल दहशतगर्दों की ऑनलाइन भर्ती करते हैं और उन्हें वर्चुअल प्लॉटर जैसा नाम दिया जाता है। उन्हें ऑनलाइन ही ट्रेनिंग दी जाती है, उकसाया जाता है और फंडिंग तक की जाती है। उन्होंने कहा कि इस बात की भी संभावना है कि आतंकी संगठनों ने कुछ और लोगों को ऑनलाइन ही प्रभावित किया हो।

# अफसरों को योगी का निर्देश : किसी गरीब की झोपड़ी या दुकान पर नहीं चलेगा बुलडोजर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में भूमाफिया और अपराधियों की अवैध संपत्तियां ढहाने के लिये चलाये जा रहे बुलडोजर का इस्तेमाल किसी गरीब की झोपड़ी या दुकान पर नहीं किये जाने के अधिकारियों को निर्देश देये हैं।



मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार अपराधियों और भूमाफियाओं के खिलाफ योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में भी 'जीरो टॉलरेंस' की नीति को आगे बढ़ाते हुए अवैध कब्जों को लगातार ढहाया जा रहा है। सरकार का दावा है कि बुलडोजर से अपराधियों में व्याप्त भय के कारण ही पिछले एक पखवारे में लगभग 80 अपराधी आत्मसमर्पण कर चुके हैं।

इसी परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि अवैध संपत्तियों को बुलडोजर से ध्वस्त करने की कार्रवाई सिर्फ पेशेवर माफिया और अपराधियों पर हो, लेकिन किसी गरीब की झोपड़ी या दुकान पर बुलडोजर नहीं चलेगा। गौरतलब है कि प्रदेश में अपराधियों द्वारा सरकारी जमीनों पर अवैध रूप से कब्जे कर बनाई गई इमारतों को ध्वस्त करने की कार्यवाई लगातार जारी है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी गरीब की दुकान, मकान या झोपड़ी पर बुलडोजर नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई माफिया की अवैध संपत्ति पर की जाए। उन्होंने यह भी कहा है कि गरीबों की संपत्ति पर कब्जा करने वालों पर त्वरित एक्शन लिया जाये।

# विधान परिषद की 36 सीटों पर आज होगा मतदान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानमंडल के उच्च सदन विधान परिषद के 35 स्थानीय प्राधिकरण क्षेत्रों की 36 सीटों के लिये कल, शनिवार को मतदान होगा।

चुनाव आयोग ने कल सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक होने वाले मतदान के लिये तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतदान के बाद 12 अप्रैल को मतगणना होगी। आयोग के अधिकारियों का कहना है कि विधान परिषद चुनाव में सुरक्षा इंतजामों सहित अन्य व्यवस्थायें मुकम्मल कर ली गयी हैं।

इस चुनाव में लोकसभा सदस्य और विधानसभा सदस्यों के अलावा ग्राम पंचायतों, ब्लॉक एवं नगर निगम सहित सभी प्राधिकरणों के निर्वाचित प्रतिनिधि मतदान करते हैं। सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील समझे गये कुछ क्षेत्रों में मतदान के दौरान केन्द्रीय सुरक्षा बलों को भी तैनात किया गया है।

कल मतदान वाली 36 सीटों में से नौ सीट पर सिर्फ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के ही उम्मीदवार चुनाव मैदान में होने के कारण इनका निर्विरोध चुना जाना तय है। इनमें से मिर्जापुर सोनभद्र सीट पर समाजवादी पार्टी (सपा) के अधिकृत उम्मीदवार रमेश यादव ने चुनाव लड़ने से मना कर दिया। इस सीट पर भाजपा के प्रत्याशी विनीत सिंह का निर्विरोध चुना जाना तय है।

इसी प्रकार बदायूं सीट पर सपा के उम्मीदवार विनोद कुमार शाक्य, गाजीपुर सीट पर भोलानाथ शुक्ला और हरदोई सीट पर सपा के राजिउद्दीन ने अपना नामांकन वापस ले लिया। इस कारण से बदायूं सीट पर भाजपा के प्रत्याशी वागीश पाठक, गाजीपुर सीट पर भाजपा के विशाल सिंह चंदेल और हरदोई में अशोक अग्रवाल का निर्विरोध चुना जाना सुनिश्चित है।

अलीगढ़ हाथरस सीट पर सपा के उम्मीदवार जसवंत सिंह का नामांकन चुनाव आयोग द्वारा जांच में रद्द होने के कारण भाजपा के चौधरी ऋषिपाल सिंह की जीत का रास्ता सुगम हो गया है।

इसी प्रकार लखीमपुर खीरी सीट पर सपा के अनुराग पटेल और मथुरा एटा मैनपुरी क्षेत्र की दोनों सीटों पर सपा के प्रत्याशियों का नामांकन रद्द घोषित हो जाने से इन सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों का निर्विरोध चुना जाना तय है।

बुलंदशहर गौतम बुद्ध नगर सीट पर सपा रालोद ने संयुक्त उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारा था लेकिन अंतिम वक्त में उसने अपना नामांकन वापस लेकर भाजपा की राह को आसान बना दिया। गौरतलब है कि इस चुनाव में विधायक और सांसद भी मतदाता होते हैं इस वजह से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने चुनाव क्षेत्र गोरखपुर में शनिवार को मतदान करेंगे।

मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार योगी शनिवार को सुबह आठ बजे विधान परिषद चुनाव में मतदान करेंगे। वह गोरखपुर के तीन दिवसीय प्रवास पर आज दोपहर बाद लखनऊ से रवाना हो गये।

# महिला तीन घंटे एम्बुलेंस में रही छटपटाती, स्ट्रेचर नहीं मिलने से मौत

लखनऊ। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की नाराजगी के बाद भी केजीएमयू की बदहाल व्यवस्था में सुधार नहीं आया। बदइंतजामी की कीमत सिद्धार्थनगर की महिला को जान गंवाकर चुकानी पड़ी। महिला मरीज तीन घंटे तक एम्बुलेंस में छटपटाती रही।

परेशानहाल भाई बहन की जान बचाने के लिए दौड़ता रहा। उसकी कहीं सुनवाई नहीं हुई। आखिर में महिला की इलाज के अभाव में एम्बुलेंस में ही सांसें थम गईं। सिद्धार्थनगर निवासी रीमा को रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया था। रीढ़ की हड्डी में टीबी भी थी। परिवारीजनों ने स्थानीय कई अस्पतालों में दिखाया। फायदा नहीं हुआ।

बीते सोमवार को मरीज की तबीयत अधिक बिगड़ गई थी। परिवारीजनों ने मरीज को स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां इलाज के बाद मरीज की तबीयत में सुधार नहीं हुआ। परिवारीजन मरीज को लेकर शुक्रवार को केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर पहुंचे।

करीब 10 बजे से परिवारीजन मरीज को भर्ती कराने की जद्दोजहद में लगे रहे। लेकिन कामयाबी नहीं मिली। भाई राम किशन का आरोप है कि काफी देर लाइन में लगने के बाद पर्चा बना। फिर डॉक्टरों ने मरीज को एम्बुलेंस से उतारकर लाने को कहा।

**माता के दर्शन करने जा रहे दोस्तों के बीच हुआ विवाद**

# एक युवक को बस की छत से फेंका, मौत

**अलीगढ़।** अलीगढ़ के थाना अतरौली क्षेत्र में बस की छत से दोस्तों ने एक युवक को फेंक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

शव की शिनाख्त कर परिजनों ने बेटे के दोस्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जिला फिरोजाबाद के गांव नीमखेड़ा निवासी रामभरत (25 वर्षीय) पुत्र गोपीचंद अपने कुछ दोस्तों के साथ बुधवार की रात अलीगढ़ के अतरौली क्षेत्र में बेलोन माता के दर्शन करने बस द्वारा आ रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोस्तों से विवाद हो गया और बस की छत पर बैठे रामभरत को नीचे फेंक दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना पर पहुंची इलाका पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

इधर राम भरत के दोस्त गांव पहुंच गए, लेकिन राम भरत गांव नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसके दोस्तों से पूछा तो उन्होंने साफ इनकार कर दिया। इसी दौरान उन्हें पता चला कि किसी युवक की अतरौली क्षेत्र में लाश मिली है।



परिजन पोस्टमार्टम की मोर्चरी में पहुंचे और वहां उन्होंने मृतक की शिनाख्त राम भरत के रूप में की।

परिजनों का आरोप है कि गांव के ही दोस्त ही बुलाकर बेलोन माता के दर्शन करने के लिए ले गए थे। उन्होंने ही उसे छत से नीचे फेंक दिया। परिजनों ने 5 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी है।

जिसमें से आरोपी निर्मल और धर्मेंद्र को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।युवक की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे पत्नी व एक बेटा को रोते बिलखते छोड़ गया है।

# बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी में बीएससी द्वितीय का पेपर आउट, 32 लोग गिरफ्तार

**झांसी।** बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी की बीएससी द्वितीय वर्ष परीक्षा के पेपर लीक मामले में शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कर्मचारी समेत 32 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बताते हैं कि दो दिन पहले बीएससी द्वितीय वर्ष की फिजिक्स की परीक्षा शुरू होने के 15 मिनट पहले छात्रों के मोबाइल में सॉल्व कॉपी आने से विश्वविद्यालय प्रशासन में हड़कंप मच गया था। आनन-फानन में विश्वविद्यालय प्रशासन ने पूरे मामले की जांच के लिए कमेटी का गठन करने के साथ-साथ मामले की लिखित शिकायत नवाबाद थाने में की थी।





पुलिस जांच सामने आया कि पेपर लीक कांड का मास्टरमाइंड विश्वविद्यालय में ही कार्यरत एक बाबू था जिसने अपनी एक रिश्तेदार छात्रा को पर्चा आउट किया था। इसके बाद छात्रा ने पेपर को अपने अन्य दोस्तों के मोबाइल पर भेज दिया। पुलिस ने इस मामले में अब तक कॉलेज प्रबंधक और बाबू समेत कुल 32 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें चार छात्राएं व 22 छात्र शामिल हैं।

शुक्रवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार बताया कि पेपर लीक मामले में पकड़े गए छात्र अजय भास्कर ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया कि पर्चा उसे अजय निरंजन ने भेजा था। अजय को यह प्रति कुमारी आसमा से और आसमा को मुस्कान से मिली थी। मुस्कान ने बताया कि उसके रिश्तेदार राजदीप यादव जो श्रीराम महाविद्यालय बंगरा में बाबू के पद पर हैं, ने यह पेपर भेजा था।

जांच में पुलिस को पता चला कि इस कांड में राजदीप अकेला नहीं बल्कि प्रबंध समिति के आजाद यादव हंसारी, प्रबंधक चंद्रपाल यादव बूढ़ा सीपरी बाजार, अनूप यादव शिक्षक मोंठ, भगवान दास चपरासी बंगरा, केंद्र व्यवस्थापक/प्राचार्य संजीव श्रीवास्तव, अरविंद यादव अध्यक्ष प्रबंध समिति की भी भूमिका रही।

अजय भास्कर निवासी शिवाजी नगर, शीतल अहिरवार नई पाली पहाड़ी थाना रक्सा, आकाश रैकवार जय एकेडमी के पीछे, सौरभ अहिरवार, सचिन यादव मडोरा, सुरेंद्र प्रताप मातन मोहल्ला राजगढ़, नरेंद्र कुशवाहा तालपुरा, मिथुन अहिरवार डेली रक्सा, आकाश कुमार घाट कोटरा मऊरानीपुर, सुशील कुमार राठ, सक्षम शिवाजी नगर, प्रशांत पांचाल टहरौली, अजय निरंजन महोबा, आलोक यादव सीपरी बाजार, प्रबल यादव सीपरी बाजार, हर्षवर्धन शिवाजी नगर, मुस्कान यादव खाती बाबा, आसमा पुलिया नंबर 9, आदित्य सोनी बड़ा गांव गेटबाहर, श्वेता त्रिपाठी नगरा, अनूप यादव मोठ, संजीव कुशवाहा उल्दन, राजदीप यादव जुगयाना, युवराज सिंह राजपूत कोछाभावर, भगवान दास बगरा, मोहित शर्मा बबीना, रवि महोबा ,विमल खरे समथर , नीतू प्रजापति रक्सा, तेज प्रताप सिंह मऊरानीपुर, आजाद हंसारी और चंद्रपाल सिंह यादव बूढ़ा सीपरी बाजार झांसी भी इसमें शामिल रहे।

# एमएलसी प्रत्याशी कफील खान को परेशान कर रहा प्रशासन, सपा ने की चुनाव आयोग से शिकायत

लखनऊ। यूपी में शुक्रवार को होने जा रहे विधान परिषद (एमएलसी) चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी (सपा) ने चुनाव आयोग से देवरिया सीट पर पार्टी के उम्मीदवार कफील खान को प्रशासन द्वारा परेशान किये जाने की शिकायत की है।

सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने गुरुवार रात में आयोग को भेजे शिकायती पत्र में देवरिया कुशीगनर सीट पर स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा चुनी जाने वाली विधान परिषद की सीट पर सपा उम्मीदवार डा कफील खान को पुलिस द्वारा जांच के नाम पर परेशान करने की शिकायत की है। उन्होंने आयोग से कहा है कि पार्टी के उम्मीदवार को पुलिस भांति भांति प्रकार से परेशान कर प्रताड़ित कर रही है।

उत्तम ने शिकायती पत्र में कहा कि सपा उम्मीदवार को चुनाव प्रचार करने से रोकने के लिये पुलिस उन्हें बार बार जांच के नाम पर रोक रही है।

इसके साथ ही पुलिस भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने का भी मतदाताओं पर दबाव डाल रही है। गौरतलब है कि विधान परिषद के लिए शनिवार को मतदान होना है।

विधान परिषद चुनाव में सुरक्षा इंतजामों सहित अन्य व्यवस्थायें दुरुस्त करने का आयोग ने दावा किया है। इस चुनाव में ग्राम पंचायतों एवं नगर निगम सहित सभी नर्विाचित प्रतिनिधि मतदान करते हैं। सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील समझे गये कुछ क्षेत्रों में केन्द्रीय सुरक्षा बलों को भी तैनात किया गया है।

## शार्ट न्यूज

### शक्कर में पूछपरख, साबूदाना महंगा, खाद्य तेलों में नरमी, दलहनों में गिरावट, दाल-चावल में मांग

**इंदौर।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में पूछपरख रही। साबूदाना महंगा बिका। खाद्य तेलों में नरमी रही। आज सोयाबीन रिफाइंड घटकर बिका। दलहन गिरावट लिए बताए गए। आज मसूर सस्ती बिकी। दालों में ग्राहकी सुधार से भाव ऊंचे बोले गए। चावल में मांग रही। शक्कर में पूछपरख रही। आज शक्कर में कामकाज 3570 से 3620 रुपये के स्तर पर चला। शक्कर में 08 गाड़ी आवक हुई। नारियल में लिवाली से भाव ऊंचे रहे। खोपरा गोला तथा हल्दी में उठाव रहा। साबूदाना में खरीदी से मजबूती बताई गई। खाद्य तेल में नरमी दर्ज की गई। आज सोयाबीन रिफाइंड सस्ता बिका। तिलहन में सोयाबीन में प्लान्टो की लिवाली रही। सरसों में कामकाज बढ़ा बताया गया। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन नरमी लिए रहे। मसूर तथा चना घटकर बिका। आज दालों में लिवाली से भाव बने रहे। चावल में पूछपरख सुधार लिए बताई गई।

### कार्डलैस नगद निकासी की सुविधा अब यूपीआई से जुड़े सभी एटीएम पर

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कार्ड से पैसा निकासी में ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी रोकने के लिए सभी बैंकों को एटीएम से कार्ड लैस नगद निकासी की सुविधा देने की अनुमति देने का फैसला किया है। इस समय यह सुविधा भारत में कुछ ही बैंक दे रहे हैं। वे यह सुविधा केवल अपने ग्राहकों को अपने ही एटीएम नेटवर्क पर देते हैं। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को मुंबई में द्वैमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा के निष्कर्ष जारी करते हुए कहा, अब यह सुविधा सभी बैंकों और यूपीआई नेटवर्क का प्रयोग करने वाले सभी एटीएम पर देने का प्रस्ताव किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे कार्ड क्लोनिंग और कार्ड स्कीमिंग जैसी धोखाधड़ी से बचा जा सकेगा। इस सुविधा में ग्राहकों को यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) का प्रयोग कर कार्डलैस नगद निकासी की छूट होगी।

### मूंगफली, पाम और वनस्पति तेल में नरमी

नई दिल्ली। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में मूंगफली तेल, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव गिर गये। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 90 रिंगिट चढ़कर 6700 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.20 सेंट उतरकर 72.82 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय स्तर पर मूंगफली तेल 147 रुपये, पाम ऑयल 182 रुपये और वनस्पति तेल 146 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हो गया। वहीं, सरसों तेल, सूरजमुखी तेल और सोया रिफाइंड के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़े रहे। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव टिके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में भी लगभग स्थिरता रही। केवल चना 50 रुपये और चना दाल में 50 रुपये प्रति क्विंटल की नरमी रही जबकि अरहर दाल, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव स्थिर रहे।

### वर्ष 2021-22 में प्रत्यक्ष कर संग्रह में 49 प्रतिशत का उछाल: राजस्व सचिव

**नयी दिल्ली।** सरकार का प्रत्यक्ष कर संग्रह अप्रैल-मार्च, 2021-2022 के दौरान 14.10 लाख करोड़ रुपये रहा जो पिछले वित्त वर्ष के बजट अनुमान से 3.02 लाख करोड़ रुपये अधिक है। यह जानकारी वित्त मंत्रालय में राजस्व सचिव तरुन बजाज ने शुक्रवार को संवाददाताओं को दी। बजाज ने बताया कि पिछले वित्त वर्ष के दौरान प्रत्यक्ष कर संग्रह में एक साल पहले की तुलना में 49 प्रतिशत और अप्रत्यक्ष कर संग्रह में 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021-22 में सकल कर वसूली 27.07 लाख करोड़ रुपये रही।

### रुचि सोया के एफपीओ ने शेयर बाजार में लाभ के साथ दी दस्तक

मुंबई। योगगुरु बाबा रामदेव के नेतृत्व वाले पतंजलि समूह की कंपनी 'रुचि इंडस्ट्रीज लिमिटेड' के अनुवर्ती सार्वजनिक शेयर निर्गम (एफपीओ) में जारी शेयर शुक्रवार को बाजार में सूचीबद्ध हुए। यह शेयर आज सुबह मुंबई शेयर बाजार (बीएसई) में 850.00 पर खुला जबकि गुरुवार को बाजार बंद होने के समय इसका भाव 818.85 रुपये प्रति शेयर था। दोपहर 13-17 बजे यह शेयर 7.30 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 878.60 पर चल रहा था। रुचि सोया के एफपीओ की बाजार सूचीबद्धता के समय गुरु रामदेव और उनके सहयोगी तथा अन्य अधिकारी बीएसई में उपस्थित थे।कंपनी ने एफपीओ के जरिए 4300 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी का यह एफपीओ 24-28 मार्च 2022 तक खुला था, जिसका आवेदन मूल्य 615-650 रुपये प्रति शेयर था।

### 4 चुनौतियों के बीच 4 अच्छे संकेत, भारत की वृद्धि दर बढ़ेगी, महंगाई और बेरोजगारी घटेगी

**नई दिल्ली।** ग्लोबल कंसल्टिंग फर्म केपीएमजी के मुताबिक भारत की मौजूदा नीतियां आने वाले सालों में देश की आर्थिक रफ्तार को बढ़ाए रखेंगी। आकलन के मुताबिक देश में इंफ्रास्ट्रक्चर पर किए जा रहे फोकस और निवेश की वजह से न सिर्फ देश की आर्थिक रफ्तार बढ़ेगी बल्कि बेरोजगारी भी घटेगी 2022 में भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में शामिल रहेगा। रिजर्व बैंक ने वित्तवर्ष 2022 में भारत की आर्थिक रफ्तार 9.2 फीसदी और वित्तवर्ष 2023 में 7.8 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। केपीएमजी के मुताबिक सरकारी प्रयासों और तेज कोविड वैक्सीनेशन कार्यक्रम की वजह से भारत तीसरी लहर के असर को रोक पाया है। साथ ही आर्थिक सुधार के मोर्चे पर भी आगे बढ़ रहा है। यही नहीं देश में तमाम मोर्चों- मोबिलिटी इंडेक्स, डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन, बिजली की मांग सभी ऊपर दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। बजट में केंद्र सरकार की तरफ किए गए ऐलान और मिशन गतिशक्ति भी इस रफ्तार को और आगे बढ़ाएंगे। केपीएमजी के भारत के लिए किए गए आकलन के हिसाब से वित्तवर्ष 2021-22 में भारत की जीडीपी 9.2 और वित्तवर्ष 2022-23 में 7.7 फीसदी रह सकती है। केपीएमजी के मुताबिक वर्तमान और आने वाले वित्तवर्ष के दौरान महंगाई क्रमशः 5.4 और 4.5 फीसदी रहने का अनुमान जताया गया है। हालांकि आरबीआई के सामने महंगाई को नियंत्रण में लाने के लिए ज्यादा विकल्प नहीं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक वित्तवर्ष 2021-22 में बेरोजगारी दर घटकर 9.2 फीसदी और उसके अगले वित्तवर्ष में 9.1 रहने की संभावना है। निवेश के अवसर और व्यापार सुगमता बढ़ाकर इस मोर्चे पर कामयाबी पाई जा सकती है। रिपोर्ट में यूक्रेन-रूस के युद्ध से उपजे वैश्विक हालातों की वजह से भारत के लिहाज से देश में बढ़ते पेट्रोल और डीजल के दाम से खुदरा महंगाई में इजाफा पर चिंता जताई गई है। महंगा कच्चा तेल आम आदमी के रोजमर्रा के जीवन पर असर डाल सकता है। कोरोना की वजह से ऑटो उद्योग सेमीकंडक्टर की किल्लत से जूझ रहा था और रूस-यूक्रेन से आने वाले चिप की आपूर्ति रुकने से बड़ा संकट पैदा हो गया है। इससे इस क्षेत्र में नये निवेश और रोजगार सृजन में बड़ी बाधा उत्पन्न हो सकती है। कमोडिटी के बढ़ते दामों को भी औद्योगिक क्षेत्र के लिए चुनौती बताया गया है। भारत की कच्चे तेल, नेचुरल गैस और अन्य कमोडिटी पर आयात निर्भरता की वजह से आपूर्ति संकट गहराने आशंका जाहिर की गई है। भारत को इस मामले में वैकल्पिक मार्ग खोजने होंगे। रिपोर्ट के मुताबिक कोरोना की चौथी लहर की अनिश्चितता को भी भारत की अर्थव्यवस्था की रफ्तार के लिए एक संभावित खतरे के तौर पर देखा जा रहा है। चीन और यूरोप के कई देशों में कोरोना के नए वेरिएंट का लेकर खबरें आ रही हैं। भारत को इसे लेकर सतर्कता बरतनी होगी।

# आरबीआई के नीतिगत दरों को यथावत रखने से बाजार ने भरी उड़ान

एजेंसी

**मुंबई।** रिजर्व बैंक (आरबीआई) के महंगाई को नियंत्रित करने और आर्थिक विकास की गति बनाए रखने के लिए नीतिगत दरों को यथावत रखने से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली से शेयर बाजार पिछले तीन दिनों की गिरावट से उबरते हुए तेजी पर रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 412.23 अंक की उड़ान भरकर 59447.18 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 157.75 अंक की तेजी लेकर 17797.30 अंक पर रहा। बीएसई की छोटी और मझौली कंपनियों के शेयर भी लाभ में रहे। इस दौरान मिडकैप 0.93 प्रतिशत चढ़कर 25,303.39 अंक और स्मॉलकैप 0.99 प्रतिशत मजबूत होकर 29,765.79 अंक पर पहुंच गया।

आरबीआई ने आसमान छूती महंगाई को नियंत्रित करने और आर्थिक विकास दर को तेज बनाये रखने के उद्देश्य से आज रिवर्स रेपो दर में 0.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी को छोड़कर अन्य सभी प्रमुख नीतिगत दरों को यथावत रखा। इससे निवेशकों की निवेश धारणा मजबूत हुई। लिवाली के बल पर बीएसई के 18 समूहों में तेजी रही। इस दौरान बेसिक मैटेरियल्स 1.91, ऊर्जा 1.72, एफएमसीजी 1.93, इंडस्ट्रियल्स 1.32, यूटिलिटीज 1.81, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.25, धातु 1.96, तेल एवं गैस 1.76 और पावर समूह



1.76 प्रतिशत चढ़ गये। इनके अलावा अन्य समूहों में तेजी रही।

वैश्विक बाजार में भी तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.95, जर्मनी का डैक्स 1.27, जापान का निक्केई 0.36, हांगकांग का हैंगसैंग 0.29 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.47 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 222 अंक की तेजी लेकर 59,256.97 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली के दबाव में 58,876.36 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 59,654.44 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 59,034.95 अंक के मुकाबले 0.70 प्रतिशत चढ़कर 59,447.18 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3509 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2290 में लिवाली जबकि 1096 में बिकवाली हुई वहीं 123 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

निफ्टी भी 59 अंक बढ़कर 17,698.15 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 17,600.55 अंक के निचले जबकि 17,842.75 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 17,639.55 अंक की तुलना में 0.82 प्रतिशत चढ़कर 17,784.35 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान एनएसई में 42 कंपनियां हरे जबकि आठ लाल निशान पर रहीं।

इस दौरान बीएसई की 22 दिग्गज कंपनियों में तेजी जबकि आठ में गिरावट रही। आईटीसी ने सबसे अधिक 4.36 प्रतिशत का मुनाफा कमाया वहीं टेक महिंद्रा सबसे अधिक 1.18 प्रतिशत के नुकसान में रही। इनके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.70, रिलायंस 1.75, टाटा स्टील 1.61, आईसीआईसीआई बैंक 0.71, एलटी 0.23 और एसबीआई के शेयर 0.19 प्रतिशत की बढ़त पर रहे।

# बाजार में धन का प्रवाह इस वर्ष से धीरे-धीरे कम किया जाएगा: आरबीआई गवर्नर दास

मुंबई। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक इस समय बैंकिंग प्रणाली में धन के अतिरिक्त प्रवाह को इस साल से धीरे-धीरे कम करेगा और यह प्रक्रिया कई साल में पूरी की जाएगी।

ऐसा अनुमान है कि कोविड महामारी के दौरान अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए कर्ज सुविधा बढ़ाने के उपायों के चलते इस समय बाजार में नगदी प्रवाह जरूरत से करीब 8.5 लाख करोड़ रुपये अधिक है। श्री दास ने मौद्रिक नीति की द्वैमासिक समीक्षा के नतीजों की यहां घोषणा की जिसमें नीतिगत दरों को यथावत रखा है लेकिन बैंकों के लिए अतिरिक्त नगदी जमा करने की एक स्थायी सुविधा (एसडीएफ) शुरू



की है, जिसपर 3.75 प्रतिशत की ब्याज दर देय होगी।

केंद्रीय बैंक ने तरलता समायोजन सुविधा का गलियारा बहाल कर दिया है और नगदी की सीमांत स्थायी सुविधा (एसएसएफ) की ब्याज दर 4.25 प्रतिशत रखी है। बाद में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री दास ने कहा, रिजर्व बैंक ने अपने सामने सारे नीतिगत हथियार तैयार रखे हैं। जब जिसकी जरूरत होगी, उसका उपयोग किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस समय आर्थिक गतिविधियों बमुश्किल कोविड के पहले की स्तर पर पहुंची हैं लेकिन इनमें सुधार बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक बैंकिंग प्रणाली में इस समय प्रवाहित हो रही 8.5 लाख करोड़ रुपये की आवश्यकता से अधिक नगदी को धीरे-धीरे कई वर्षों में वापस लेने के काम में जुटेगा। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया इसी साल से शुरू की जाएगी और इसमें दो से तीन साल लग सकते हैं। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि आगे स्थिति कैसे बनती है। दास ने कहा, प्रणाली में अतिरिक्त नगदी को उस स्तर तक सीमित करना है जो मौद्रिक नीति के वर्तमान रुख के अनुकुल हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आरबीआई तरलता का प्रबंध बहुत बारिकी से करेगा और यह सुनिश्चित करेगा की बैंकों के पास कर्ज देने के लिए पर्याप्त पैसा उपलब्ध रहे।

आरबीआई द्वारा शुरू की गयी एसडीएफ (3.75 प्रतिशत ब्याज वाली) सुविधा से आरबीआई को बैंकों के पास पड़े अतिरिक्त नगद धन को अवशोषित करने में मदद मिलेगी। इस सुविधा के तहत आरबीआई को बैंकों से मिलनेवाले धन के बदले सरकारी प्रतिभूतियां नहीं देनी पड़ेगी।

## आरबीआई ने 2022-23 में मुद्रास्फीति 5.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2022-23 के लिए खुदरा मुद्रास्फीति के अपने अनुमान में परिवर्तन कर 5.7 प्रतिशत कर दिया है। केंद्रीय बैंक ने भूराजनीतिक तनाव और तेल एवं अन्य जिंसों की कीमतों के उछाल के कारण महंगाई दर के अनुमान को संशोधित किया है।

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने नए वित्त वर्ष के दौरान मौद्रिक नीति की पहली समीक्षा की जानकारी देते हुए कहा कि फरवरी (यूक्रेन पर रूस के हमले) से पैदा हालात के बाद पैदा हुए भूराजनीतिक तनाव के चलते मुद्रास्फीति का परिदृश्य काफी गंभीर हो गया है।

उन्होंने कहा कि फरवरी के अंत से कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उछाल से मुद्रास्फीति पर सीधा और




आड़ा असर पड़ने का खतरा बढ़ गया है।

दास ने कहा,वर्ष 2022 में मानसून सामान्य रहने और कच्चे तेल के दाम 100 डालर प्रति बैरल के स्तर रहने की मान्यता के आधार पर वर्ष 2022-23 में मुद्रास्फीति 5.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में मुद्रास्फीति 6.3 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 5.8 प्रतिशत, तीसरी में 5.4 प्रतिशत और चौथी में 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

# अडानी समूह की 3 कंपनियों को मिला बड़ा निवेश, शेयर खरीदने के लिए लग गई होड़

एजेंसी

**नई दिल्ली।** गौतम अडानी समूह की तीन कंपनियों-अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल), अडानी ट्रांसमिशन लिमिटेड (एटीएल) और अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) को बड़ा निवेश मिला है। ये निवेश अबुधाबी स्थित इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी पीजेएससी करेगी। निवेश की रकम 2 अरब डॉलर की होगी।

अबुधाबी की ये कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी में 3,850 करोड़ रुपए, अडानी ट्रांसमिशन में 3,850 करोड़ रुपए और अडानी एंटरप्राइजेज में 7,700 करोड़ का निवेश करेगी। इस निवेश के लिए अडानी समूह की तीनों कंपनियों के बोर्ड ने मंजूरी दे दी है। अब सभी जरूरी अनुमोदन प्राप्त होने के बाद, लेनदेन एक महीने में पूरा होने की उम्मीद है।

### कहां होगा इस्तेमाल

अडानी एंटरप्राइजेज ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया है कि पूंजी का इस्तेमाल संबंधित व्यवसायों के विकास को आगे बढ़ाने, बैलेंस शीट को और मजबूत करने के अलावा सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। कंपनी के मुताबिक निवेश शेयरधारक और नियामक अनुमोदन के अधीन है और सेबी के नियमों का पालन करेगा।

### शेयर की बढ़ी खरीदारी

निवेश की खबर के बीच अडानी समूह की तीनों कंपनियों के शेयर की खरीदारी बढ़ गई। शुक्रवार को दोपहर बाद के कारोबार में अडानी एंटरप्राइजेज के स्टॉक में 3 फीसदी तक की बढ़ोतरी हो गई। शेयर का भाव 2155 रुपए के पार है।

# अडानी समूह में दो अरब डालर का निवेश करेगी अबू धाबी की कंपनी

**हैदराबाद।** अबू धाबी की निवेश कंपनी इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी पीजेएएसी (आईएचसी) अडानी समूह की तीन कंपनियों अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल), अडानी ट्रांसमिशन लिमिटेड (एटीएल) और अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) में दो अरब डालर (15,400 करोड़ रुपये) का निवेश करेगी।

अडानी समूह ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि अबू धाबी की आईएचसी कंपनी एजीईएल में 3,850 करोड़ रुपये, एटीएल में भी 3,850 करोड़ रुपये और एईएल में 7,700 करोड़ रुपये लगाएगी।

यह सौदा आवश्यक मंजूरियां मिलने के बाद एक महीने में पूरा हो जाएगा।

अडानी समूह की कंपनियां इस पूंजी का इस्तेमाल अपने कारोबार के विस्तार में लगाएगी।

अडानी समूह की तीनों कंपनियों के निदेशक मंडलों ने इससे संबंधित प्रस्तावों को आज ही मंजूरी दे दी है।

एजीईएल के कार्यकारी निदेशक सागर अडानी ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक समझौता है और यह अडानी समूह और आईएचसी के बीच विस्तृत संबंध की शुरूआत है। इससे आने वाले समय में संयुक्त अरब अमीरात से भारत में और भी निवेश आकर्षित होगा।

आईएचसी के सीईओ और प्रबंध निदेशक सैयद बसर सुएब ने कहा, यह भारत में हमारी कंपनी का दीर्घकालिक निवेश है। भारत इस समय हरित ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में नवप्रवर्तन के मामले में दुनिया की अगुवाई कर रहा है।

# आरबीआई का महंगाई नियंत्रण और आर्थिक विकास पर फोकस, नीतिगत दरें रखीं यथावत

एजेंसी

**मुंबई।** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आसमान छूती महंगाई को नियंत्रित करने और आर्थिक विकास दर को तेज बनाये रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को रिवर्स रेपो दर में 0.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी को छोड़कर अन्य सभी प्रमुख नीतिगत दरों को यथावत रखा।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने अपनी अध्यक्षता में केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समीति (एमपीसी) की चालू वित्त वर्ष की आज समाप्त पहली द्विमासिक समीक्षा बैठक के बाद कहा, यूरोप में युद्ध की शुरुआत के साथ हम नई और विशाल चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। यूरोप में संघर्ष से वैश्विक अर्थव्यवस्था पटरी से उतर सकती है। ऐसे परिदृश्य में महंगाई को नियंत्रित करने और विकास दर में तेजी बनाए रखने के लिए एमपीसी ने सर्वसम्मति से रेपो दर को चार प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने के लिए मतदान किया। तरलता सुनिश्चित करने के लिए हालांकि रिवर्स रेपो दर में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा अन्य दरों को पूर्व के स्तर पर यथावत रखा गया है।

आरबीआई ने प्रमुख मौद्रिक नीतिगत दर रेपो रेट को चार प्रतिशत, मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी (एमएसएफ) 4.25 प्रतिशत और बैंक दर को 4.25 प्रतिशत पर यथावत रखा है।

गर्वनर ने कहा कि आरबीआई के लिए कोरोना महामारी के दौरान लंबे समय से आपूर्ति का बाधित होना चिंताजनक रहा है। इसने जिंस और वित्तीय बाजारों को झकझोर कर रख दिया है। रिवर्स रेपो दर को 40 आधार अंक बढ़ाकर 3.75 फीसदी कर दिया गया है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई अनुमान फरवरी की मौद्रिक नीति समीक्षा के 4.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.7 प्रतिशत और विकास दर अनुमान 7.8 प्रतिशत से घटाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है।

दास ने कहा कि एमपीसी ने कच्चे तेल की कीमत को 100 डॉलर प्रति बैरल मानते हुए वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 16.2 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 6.2 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 4.1 प्रतिशत और चौथी एवं अंतिम तिमाही में चार प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। खाद्य तेल की कीमतें निकट अवधि में ऊंची रहने की संभावना है। फरवरी के अंत से कच्चे तेल में तेजी महंगाई के बढ़ने का एक प्रमुख कारक रही है।

आरबीआई ने वित्त वर्ष 2022-23 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई दर के 5.7 प्रतिशत पर रहने का अनुमान जताया है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में खुदरा महंगाई 6.3 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 5.0 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 5.4 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 5.1 प्रतिशत रह सकती है।

## 6 दिन में 9 रुपये महंगी हुई सीएनजी, एक महीने में 10वीं बार बढ़े दाम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गुरुवार को सीएनजी के दाम में फिर 2.50 रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि की गई है। बीते एक महीने में सीएनजी के दाम 10वीं बार बढ़ाए गए हैं। नवीनतम वृद्धि ने छह दिनों में सीएनजी को 9 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक महंगा कर दिया है, जिससे बस, कार, टैक्सी और माल वाहक वाहन भाड़ा बढ़ने की आशंका है।

### मई में और सताएगी कच्चे तेल की गर्मी, पेट्रोल-डीजल के सस्ते होने की उम्मीद कम

इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) में सीएनजी की कीमत 69.11 रुपये प्रति किलो हो गई है। आईजीएल राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में सीएनजी और पाइप से रसोई गैस (पीएनजी) की खुदरा बिक्री करती है।

### एक महीने में सीएनजी के दाम 13.1 रुपये बढ़े

कुल मिलाकर बीते एक महीने में सीएनजी के दाम 13.1 रुपये प्रति किलो बढ़ गए हैं। एजेंसी द्वारा एकत्रित आंकड़ों के मुताबिक एक साल में सीएनजी की कीमतों में 25.71 रुपये प्रति किलो या 60 फीसदी की वृद्धि की गई है। हालांकि पाइप से रसोई गैस (पीएनजी) की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिल्ली में इसकी कीमत 41.61 रुपये प्रति घन मीटर है।

# वाहनों का फिटनेस टेस्ट ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशनों में ही कराना होगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अगले दो सालों में चार पहिया व्ययसायिक और निजी वाहनों को ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशनों (एटीएस) में वाहनों की फिटनेस टेस्ट करना अनिवार्य हो जाएगा। केंद्र सरकार ने इस बाबत पांच अप्रैल को अधिसूचना जारी कर दी है। इसमें उल्लेख है कि अप्रैल 2023 से व्यवसायिक व जून 2024 से निजी वाहनों पर यह नियम लागू कर दिया जाएगा। सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि एक अप्रैल, 2023 से एटीएस के जरिये भारी व्यवसायिक वाहनों और भारी यात्री वाहनों के लिए फिटनेस टेस्ट अनिवार्य होगा, जबकि मध्यम आकार के व्यवसायिक ढुलाई वाहनों या मध्यम यात्री व्यवसायिक वाहनों और हल्के मोटर वाहनों (निजी वाहनों) के लिए यह नियम एक जून, 2024 से प्रभावी कर दिया जाएगा। मंत्रालय ने गत दो फरवरी को प्रारूप अधिसूचना जारी कर हितधारकों से सुझाव-आपत्ति मांग थी। इसके पश्चात इसे लागू करने की अंतिम अधिसूचना पांच अप्रैल को जारी कर दी है। केंद्र सरकार कबाड़ नीति के तहत वाहनों की फिटनेस टेस्ट स्टेशन के लिए 10 राज्यों में अत्याधुनिक मॉडल निरीक्षण-प्रमाणीकण (आई एंड सी) सेंटर स्थापित की अधिसूचना गत वर्ष 22 दिसंबर को जारी कर चुकी है।

# लगातार दूसरे दिन पेट्रोल-डीजल के दाम रहे स्थिर



**देश के चार बड़े महानगरों में पेट्रोल और डीजल के दाम**

| महानगर | पेट्रोल | डीजल (रुपये प्रति लीटर) |
|---|---|---|
| दिल्ली | 105.41 | 96.67 |
| कोलकाता | 115.12 | 99.83 |
| मुंबई | 120.51 | 104.77 |
| चेन्नई | 110.85 | 100.94 |

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश में तेल विपणन करने वाली कंपनियों के शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढोत्तरी नहीं किए जाने से लगातार दूसरे दिन ईंधन के दाम स्थिर रहे।

इससे पहले राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बुधवार को पेट्रोल-डीजल के दामों में 80-80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोत्तरी की गयी थी। इस वृद्धि के बाद से दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रूपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रूपये प्रति लीटर बिक रहा है। वहीं, मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रूपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 104.77 रूपए प्रति लीटर पर स्थिर है।

रूस के यूक्रेन पर हमला करने के कारण वैश्विक स्तर पर तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बाधित होने की आशंका के बीच देश में इन दोनों जीवाश्म ईंधनों की कीमतों में उछाल आया है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिनों की स्थिरता के बाद 22 मार्च 2022 से बढ़नी शुरू हुई हैं। कंपनियों पिछले 18 दिनों में 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की है। तब से अब तक इनके दामों करीब 10 रूपए की तेजी आयी हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार उतार-चढाव देखने को मिल रहा है। लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.31 प्रतिशत से गिरकर 100.27 डालर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 95.82 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की नित्य प्रतिदिन समीक्षा होती है और उसके आधार पर प्रतिदिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

## शार्ट न्यूज

### सीएसके के लिए 150वां मैच खेलेंगे जडेजा

मुंबई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान रवींद्र जडेजा शनिवार को यहां डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी स्टेडियम में चेन्नई के लिए अपना 150वां आईपीएल मैच खेलेंगे। चेन्नई शनिवार को 2022 आईपीएल के 17वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैदान में उतरेगी। फिलहाल दोनों ही टीमों ने सीजन में जीत का खाता नहीं खोला है। सीएसके के लिए अब तक केवल दो खिलाड़ियों ने यह उपलब्धि हासिल की है। टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने जहां 217 मैच खेले हैं, वहीं सुरेश रैना ने 200 मैचों में सीएसके का प्रतिनिधित्व किया है। उल्लेखनीय है कि सीएसके के साथ जडेजा की यात्रा 2012 में शुरू हुई थी। पिछले एक दशक के दौरान वह एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी से एक सीनियर खिलाड़ी के रूप में विकसित हुए हैं। सुपर किंग्स के साथ अपनी यात्रा में उन्होंने एक और महत्वपूर्ण कीर्तिमान हासिल किया था, जब धोनी ने आईपीएल 2022 सीजन की शुरुआत से एक दिन पहले उन्हें टीम की कप्तानी सौंपी थीं।

### विश्व क्रिकेट में बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक हैं शुभमन : शास्त्री

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एवं पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल की सराहना करते हुए उन्हें विश्व क्रिकेट की बेहतरीन प्रतिभाओं में से एक बताया है। शास्त्री ने यह भी दावा किया कि शुभमन टी-20 प्रारूप के लिए ही बने हैं, क्योंकि वह कई तरह के शॉट खेल सकते हैं। पूर्व मुख्य कोच ने शुक्रवार को स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम 'क्रिकेट लाइव' पर आईपीएल के शुरुआती दौर में शुभमन के प्रदर्शन के बारे में कहा, सच कहूं तो शुभमन देश और विश्व क्रिकेट में बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक हैं। अगर वह टिक जाते हैं तो बड़ा स्कोर बना सकते हैं। जब वह सेट हो जाएं तो बल्लेबाजी को आसान बना देते हैं। उनके पास समय है और गेंद को मैदान के बाहर भेजने की ताकत भी है। वह क्रिकेट के इसी प्रारूप के लिए बने हैं। उनका शॉट चयन अच्छा है। वह स्ट्राइक रोटेट करते हैं जो उन्हें दबाव को दूर करने में मदद करता है।

### चहल ने साझा किया 2013 आईपीएल का भयावह किस्सा

मुंबई। भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने 2013 आईपीएल की एक भयावह घटना का खुलासा किया है, जब एक खिलाड़ी ने नशे में उन्हें 15वीं मंजिल की बालकनी से लटका दिया था। रविचंद्रन अश्विन और करुण नायर से बातचीत में चहल ने उस भयावह हादसे को याद करते हुए कहा, यह 2013 की बात है, जब मैं मुंबई इंडियंस के साथ था। हमारा बेंगलुरु में एक मैच था और उसके बाद एक बैठक हुई थी। तब एक खिलाड़ी था जो बहुत नशे में था। मैं उसका नाम नहीं लूंगा वह बहुत नशे में था। उसने मुझे एक तरफ बुलाया और वह मुझे बाहर ले गया और उसने मुझे बालकनी से लटका दिया। राजस्थान रॉयल्स द्वारा गुरुवार को पोस्ट किए गए एक वीडियो में चहल ने कहा, मैं अपनी बाहों से उस खिलाड़ी की गर्दन को पकड़ रहा था। अगर मैंने अपनी पकड़ खो दी होती तो पता नहीं क्या होता। हम 15वीं मंजिल पर थे। अचानक वहां मौजूद कई लोग हमारे पास आए और स्थिति को संभाला। मैं बेहोश हो गया था और उन्होंने मुझे पानी दिया। तब मुझे एहसास हुआ कि जब हम कहीं भी जाएं तो हमें कितना जिम्मेदार होना चाहिए। वह एक घटना थी, जहां मैं बाल-बाल बच गया। अगर वहां कोई छोटी सी गलती हो जाती तो मैं नीचे गिर जाता।

### टी-20 प्रारूप के लिए इंग्लैंड की नई किट लॉन्च

लंदन। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बॉर्ड (ईसीबी) ने शुक्रवार को टी-20 प्रारूप के लिए इंग्लैंड क्रिकेट टीम की नई किट का अनावरण किया। विशिष्ट किट डिजाइन के केंद्र में तीन शेर हैं, जिसे आगामी आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2022 और आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2023 में टीमों द्वारा पहना जाएगा। पुरुष, महिला और दिव्यांग क्रिकेट टीमों के प्रमुख खिलाड़ियों ने किट बनाने के लिए निर्माता कैस्टोर के साथ बड़े पैमाने पर सहयोग किया। पुरुष टीम के जोफ्रा आर्चर और जोस बटलर, महिला टीम से केटी जॉर्ज और दिव्यांग टीम से क्रिस एडवर्ड्स डिजाइन प्रक्रिया के महत्वपूर्ण हिस्सा रहे, जिससे डिजाइनरों को ऐसी विशेषताएं और कपड़े चुनने में मदद मिली, जो मैदान पर खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाएगा। स्पोर्ट्सवियर और एथलेटिक कपड़े बनाने वाली ब्रिटिश कंपनी कैस्टोर इग्लैंड पुरुष क्रिकेट टीम के दो जून को लॉर्ड्स में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच से पहले टीम की टेस्ट और वनडे प्रारूप की जर्सी भी लॉन्च करेगी।

### धीमे ओवर रेट के लिए पंत पर 12 लाख रुपए का जुर्माना

मुंबई। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर सात अप्रैल को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 2022 आईपीएल के 15वें मैच में धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की ओर से शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया, चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के तहत धीमे ओवर रेट अपराधों से संबंधित सीजन का टीम का पहला अपराध था, इसलिए दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक की 52 गेंदों पर 80 रन की तूफानी पारी की बदौलत लखनऊ ने दिल्ली को इस मैच में छह विकेट से हरा दिया था।

### डर्बीशायर, नॉर्थम्पटनशायर के खिलाफ टी-20 अभ्यास मैच खेलेगा भारत

लंदन। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवर सीरीज से पहले इंग्लैंड के काउंटी क्रिकेट क्लबों डर्बीशायर और नॉर्थम्पटनशायर के खिलाफ टी-20 अभ्यास मैच खेलेगी। भारत एक जुलाई को डर्बी के इंकोरा काउंटी ग्राउंड पर पहले मैच में डर्बीशायर, जबकि नॉर्थम्पटन के काउंटी ग्राउंड में तीन जुलाई को दूसरे अभ्यास मैच में नॉर्थम्पटनशायर से भिड़ेगा। उल्लेखनीय है कि इंग्लैंड और भारत के बीच तीन मैचों की टी-20 सीरीज की शुरुआत सात जुलाई को द एजेस बाउल में होगी। दूसरा और तीसरा मैच एजबेस्टन और ट्रेंट ब्रिज में क्रमशः नौ और 10 जुलाई को खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमें 12, 14 और 17 जुलाई को क्रमशः किआ ओवल, लॉर्ड्स और ओल्ड ट्रैफर्ड में तीन वनडे मैच खेलेंगी।

### कोरिया को हरा कर भारत महिला जूनियर हॉकी विश्व के सेमीफाइनल में

पोटचेफस्ट्रूम (दक्षिण अफ्रीका)। भारत ने शुक्रवार को यहां नॉर्थ-वेस्ट यूनिवर्सिटी में दो बार के चैंपियन दक्षिण कोरिया को 3-0 से एकतरफा अंदाज में हरा कर 2022 महिला एफआईएच जूनियर हॉकी विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत का रविवार को सेमीफाइनल में नीदरलैंड और मेजबान दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल मैच के विजेता से होगा। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने आखिरी बार 2013 में विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी, जब उसने पोडियम (शीर्ष तीन) पर कांस्य पदक के साथ अभियान समाप्त किया था। भारत ने मैच में शुरुआत से दबदबा बना कर रखा। फॉरवर्ड मुमताज खान के 11वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए और लालरिंदिकी के 15वें मिनट में शानदार फील्ड गोल के जरिए भारत ने पहला क्वार्टर 2-0 से अपने नाम किया। दूसरे क्वार्टर में कड़ी स्पर्धा देखने को मिली। परिणामस्वरूप दूसरा क्वार्टर गोल रहित रहा। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत भी काफी चुनौतीपूर्ण रही। दोनों टीमों ने गोल की पूरी कोशिश की, लेकिन कामयाब हासिल नहीं हुई। एक समय पर तीसरा क्वार्टर भी गोल रहित जाता दिख रहा था, लेकिन संगीता कुमारी ने 41वें मिनट में जबरदस्त फील्ड गोल दाग कर बढ़त को 3-0 कर दिया। तीसरा क्वार्टर इसी स्कोर पर समाप्त हुआ।

# वेड अब भी टी-20 में ऑस्ट्रेलिया के पहली पसंद के विकेटकीपर हैं : बेली

एजेंसी

मेलबोर्न। ऑस्ट्रेलियाई पुरुष क्रिकेट टीम के चयनकर्ता पैनल के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने जोर देकर कहा है कि मैथ्यू वेड अभी भी टी-20 में ऑस्ट्रेलिया की पहली पसंद के विकेटकीपर हैं।

दरअसल वेड को 2022-23 सीजन के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से केंद्रीय अनुबंध की सूची से हटा दिया गया है। उनके बजाय 27 वर्षीय जोश इंग्लिस को अनुबंधित किया गया है। ऐसे में वेड को बाहर रखने के बाद उठ रहे विवाद को लेकर बेली ने यह बयान दिया है।

बेली ने वेड और केंद्रीय अनुबंध से बाहर हुए अन्य खिलाड़ियों के बारे में कहा, हमें पूरी उम्मीद है कि ये सभी खिलाड़ी भविष्य में बहुत जल्द ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलेंगे। पूरी संभावना है कि वे सभी शायद हमारी अगली टूरिंग टीम (दौरा करने वाली टीम) में चुने जाएंगे। वेड अभी भी हमारी टी-20 टीम में हमारी पहली पसंद के विकेटकीपर है और इस साल



होने वाले विश्व कप के लिए एक बड़ा निर्माण हो रहा है। केन रिचर्डसन के साथ भी कुछ ऐसा ही है।

उल्लेखनीय है कि इंग्लिस ने इस साल फरवरी में श्रीलंका के खिलाफ सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में टी-20 मैच के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने हाल ही में पाकिस्तान में एकमात्र टी-20 में विकेट भी लिए रखे।

इस दौरे के लिए वेड टीम में जगह नहीं बना पाए थे। इसे ध्यान में रखते हुए बेली का यह बयान वेड के लिए बहुत अधिक मायने रखता है, जो इस साल के अंत में घर पर होने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप में फिर से विकेटकीपर की भूमिका चाहते हैं।

बेली ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि इंग्लिस ने उन्हें मिले अवसरों को भुनाया है। वह स्पष्ट रूप से हमारे कीपर-इन-वेटिंग हैं, हालांकि मुझे लगता है कि वह टेस्ट और वनडे प्रारूप में एलेक्स कैरी से पीछे हैं और टी-20 प्रारूप में वेड के पीछे कीपर-इन-वेटिंग हैं। वह हमारे हर दौरे का एक बड़ा हिस्सा बनने जा रहे हैं। हम उनके साथ भविष्य में उतना ही निवेश कर रहे हैं, जितना हमने पिछले 12 महीनों में अनुभव किया है।

चयनकर्ता पैनल के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने टी-20 कप्तान आरोन फिंच को भी समर्थन दिया है, जो हाल ही में प्रदर्शन को लेकर सवालों के घेरे में रहे हैं। फिंच ने लाहौर में पाकिस्तान के खिलाफ एकमात्र टी-20 मैच में अर्धशतक लगाया था, लेकिन उससे पहले के महीनों में वह फॉर्म के साथ जूझते दिखे थे।

बेली ने कहा, उन्हें रिलीव नहीं किया गया। हमें हमेशा पता था कि फिंच फॉर्म में आ रहे हैं। फिंच ने खुद कहा है कि वह और अधिक योगदान देना चाहते है तथा और अधिक रन बनाना चाहते हैं।

# डेनरबी ने जॉर्डन के खिलाफ मैत्री मैच से पहले युवाओं को मौका देने पर दिया जोर



एजेंसी

जॉर्डन। भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम के मुख्य कोच थॉमस डेनरबी ने भारत के शनिवार को जॉर्डन के खिलाफ मैत्री मैच से पहले लंबी अवधि के लिए टीम निर्माण के महत्व पर जोर दिया है। भारत ने यहां जार्डन में बुधवार को पहले मैत्री मैच में मिस्र को 1-0 से हराया था और अब वह शनिवार को जरकास में प्रिंस मोहम्मद स्टेडियम में मेजबान जॉर्डन से भिड़ेगा। 62 वर्षीय डेनरबी ने मैच की पूर्वसंध्या पर शुक्रवार को एक बयान में कहा, हम लंबी अवधि के लिए टीम का निर्माण करने की कोशिश कर रहे हैं। हमें युवा खिलाड़ियों को मैच टाइम देना शुरू करना होगा। हमारा परिणामों पर इतना ध्यान नहीं है, हालांकि हम जीतना चाहते हैं। हमारा ज्यादा ध्यान प्रदर्शन और युवा खिलाड़ियों को अवसर देने पर है।

उल्लेखनीय है कि मिस्र के खिलाफ पहले मैत्री मैच में युवाा मिडफीलडर प्रियंका देवी ने अपने पदार्पण मैच में लाइमलाइट हासिल की थी। उनके एकमात्र की वजह से ही भारत यह मैच जीता था।

प्रियंका ने इस बारे में कहा, मिस्र के खिलाफ यह मेरे लिए एक यादगार रात थी। सीनियर टीम के लिए यह मेरा पहला मैच था और मैं अपने देश के लिए गोल करने में भी कामयाब रही, जो इसे और भी खास बनाता है। मैं इस फॉर्म में बने रहने और अपने देश के लिए और बड़े काम करने की उम्मीद करती हूं। कोच डेनरबी ने कहा, यह फिर से मैच खेलना शुरू करने का एक अच्छा तरीका है। एक छोटा तीन-राष्ट्र टूर्नामेंट, इसके पीछे भविष्य के निर्माण के अलावा कोई विशेष कारण नहीं है। उद्देश्य हर खुली फीफा विंडो में मैच खेलना और प्रतियोगिताओं से पहले कुछ अतिरिक्त मैच जोड़ना होना चाहिए। यह सामान्य रूप से पर्याप्त है।

# देश में मधुमेह से पीड़ित लोगों में ओरल हेल्थ के प्रति जागरुकता के लिए कोलगेट से जुड़े अश्विन

**नयी दिल्ली।** भारतीय अनुभवी क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने देश और दुनिया भर में मधुमेह (डायबिटिक) से पीड़ित लोगों में ओरल हेल्थ के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए कोलगेट के साथ भागीदारी की है।

कोलगेट की ओर से इस विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मधुमेह के रोगियों के लिए एक विशेष टूथपेस्ट भी लॉन्च किया है।

उल्लेखनीय है कि अश्विन के पिता भी टाइप दो मधुमेह से पीड़ित हुए थे। ऐसे में इस जागरुकता अभियान में भारतीय वह अपने इस अनुभव को साझा कर रहे हैं। उन्होंने अपने पिता के मधुमेह



की समस्या के समाधान के बाद उन परिवर्तनों के बारे में बताया है जो उनके परिवार को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने पड़े।

अश्विन की ओर से साझा किए गए अनुभव से मधुमेह और ओरल हेल्थ की जटिलताओं के बीच के संबंध के बारे में पता चलता है। जागरुकता अभियान ओरल हेल्थ के प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालता है और मधुमेह के रोगियों के लिए कोलगेट के विशेष ओरल केयर टूथपेस्ट से प्राप्त होने वाले लाभ के विषय में बताता है। कोलगेट इंडिया के उपाध्यक्ष अरविंद चिंतामणि ने अभियान के बारे में कहा, बहुत कम लोगों को यह एहसास होता है कि मधुमेह और ओरल हेल्थ का आपस में गहरा संबंध है।

वास्तव में 10 में से नौ मधुमेह रोगी ओरल हेल्थ समस्याओं से पीड़ित हैं और ये ओरल हेल्थ समस्याएं मधुमेह प्रबंधन को और जटिल बनाती हैं। कोलगेट मधुमेह रोगियों के लिए एक विशेष टूथपेस्ट लेकर आया है और मधुमेह रोगियों को इस संबंध में शिक्षित करने के लिए एक सूचना अभियान शुरू किया है। हम इस शैक्षिक अभियान के साथ देश भर में लाखों लोगों तक पहुंचने और देश भर में मधुमेह रोगियों के लिए कोलगेट टूथपेस्ट उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हिंदी, अंग्रेजी, गुजराती, मराठी, कन्नड़, तेलुगू, तमिल और बंगाली भाषाओं में चलने वाला यह जागरूकता अभियान डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी दिखाया जाएगा।

# सिंधु, श्रीकांत कोरिया ओपन के सेमीफाइनल में

एजेंसी

**सनचियोन।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत ने शुक्रवार को यहां अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मैच जीत कर कोरिया ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

सिंधु ने जहां थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को सीधे गेमों में 21-10, 21-16 से हराया, वहीं श्रीकांत ने दक्षिण कोरिया के सोन वान हो पर 21-12, 18-21, 21-12 से जीत दर्ज की।

बुसानन के खिलाफ 18 मुकाबलों में सिंधु की यह 17वीं जीत थी।

सिंधु ने पिछले महीने स्विस ओपन के फाइनल में थाईलैंड की बुसानन को हरा कर सीजन का अपना दूसरा सुपर 500 खिताब जीता था। विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज सिंधु का सेमीफाइनल में दुनिया की चौथे नंबर की बैडमिंटन खिलाड़ी दक्षिण कोरिया की एन सेयॉन्ग या जापान की साइना कावाकम से सामना होगा।

दूसरी ओर दुनिया के पूर्व नंबर एक श्रीकांत सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी और थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे।

# मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड आतंकी हाफिज सईद को 31 साल की जेल

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की एंटी टेरर कोर्ट ने मुंबई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड और आतंकवादी हाफिज मोहम्मद सईद को टेरर फाइनेंशिंग को लेकर 31 साल कैद की सजा सुनाई है। आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के फाउंडर हाफिज सईद पर कोर्ट ने 3.4 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इसके साथ ही हाफिज सईद की सारी संपत्ति जब्त करने के भी आदेश दिए गए हैं।

जमात उद दावा के प्रमुख को दो मामलों में यह सजा सुनाई गई है।



हालंकि यह सजा मुंबई हमलों के लिए नहीं है। यह रिपोर्ट पाकिस्तानी मीडिया ने दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक हाफिज सईद को इससे पहले फरवरी 2020 में 11 साल और नवंबर 2020 में 10 साल की सजा सुनाई गई थी।

### मुंबई हमले में मारे गए थे 166 लोग

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक टेररिज्म डिपार्टमेंट ने जुलाई 2019 में हाफिज सईद को गिरफ्तार किया था। अमेरिका ने आतंकी हाफिज सईद पर एक करोड़ डॉलर का इनाम रखा हुआ है। यूनाइटेड नेशंस ने भी हाफिज सईद को आतंकी घोषित हुआ हुआ है। मुंबई हमलों के पीछे इसी का हाथ था जिसमें 166 आम लोगों की मौत हो गई थी।

### रूस ने 228 आस्ट्रेलिया नागरिकों पर लगाया प्रतिबंध

मास्को। रूस ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन और रक्षा मंत्री पीटर डटन सहित 228 आस्ट्रेलियन नागरिकों पर प्रतिबंध लगा दिया है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रूस की यह कार्रवाई ऑस्ट्रेलिया की जवाबी कार्रवाई के तौर पर देखा जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, विभाग के मुताबिक, आस्ट्रेलिया के राजधानी कैनबरा ने लापरवाह रसोफोबिक फ्यूज पर प्रतिबंध लगाए, जिससे रूसी संघ के शीर्ष नेता और सभी सांसद प्रभावित हुए हैं।

### यूक्रेन पर हमले ने गरीबों पर भी किया अटैक, अनाज और तेल की कीमतों ने तोड़े रिकॉर्ड

**रोम।** संयुक्त राष्ट्र ने शुक्रवार को कहा कि यूक्रेन पर रूस के हमले और आपूर्ति श्रृंखला में व्यापक रूप से व्यवधान पड़ने के चलते अनाज और वनस्पति तेल जैसे खाद्य वस्तुओं की कीमतें पिछले महीने अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) ने कहा कि वस्तुओं की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में होने वाले मासिक बदलाव से जुड़े खाद्य मूल्य सूचकांक में फरवरी की तुलना में पिछले महीने 12.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उल्लेखनीय है कि फरवरी का सूचकांक 1990 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर था। एफएओ ने कहा कि रूस और यूक्रेन युद्ध गेहूं, जौ और मक्का सहित अन्य अनाज में 17.1 प्रतिशत की वृद्धि के लिए काफी हद तक जिम्मेदार है। रूस और यूक्रेन वैश्विक गेहूं और मक्का का क्रमशः 30 प्रतिशत और 20 प्रतिशत निर्यात करते हैं। एफएओ के बाजार एवं व्यापार डिविजन के उप निदेशक जोसेफ स्कमीधुबर ने कहा, ''खाद्य वस्तुओं की बहुत ऊंची कीमतों को लेकर तत्काल कार्रवाई करने की जरूरत है।''सर्वाधिक मूल्य वृद्धि वनस्पति तेल की कीमत में हुई है, जिसका सूचकांक 23.2 प्रतिशत बढ़ गया है। ऐसा सूरजमुखी के बीज से बने तेल की आपूर्ति प्रभावित होने के चलते हुआ है।

# मैंने तो इमरान खान को 3 महीने पहले इस्तीफा देने कहा था, बोले पाक गृहमंत्री शेख रशीद

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की राजनीति में भूचाल आया हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल असेंबली को बहाल कर दिया है और 9 अप्रैल को सदन में अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग होनी है। इमरान खान 8 अप्रैल को पाकिस्तान की जनता को संबोधित कर सकते हैं। इस बीच पाक गृहमंत्री शेख रशीद ने कहा है कि उन्होंने तीन महीने पहले पीएम इमरान खान को पद से इस्तीफा देने की सलाह दी थी।

### आज भी इस्तीफा देने की सलाह दूंगा, बोले रशीद

मीडिया से बातचीत करते हुए शेख रशीद ने कहा है कि मैंने पहले भी इमरान खान को इस्तीफा देने की सलाह दी थी और मैं अब भी उन्हें



इस्तीफा देने की सलाह दूंगा। पाक मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राशिद ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए अंत तक %चोरों% से लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने कहा है कि इन चोरों के साथ-साथ देश नहीं चलाया जा सकता है। उन्होंने बताया है कि बाहरी शक्तियां पाकिस्तान की आजादी को छीनना चाहती हैं। उन्होंने जानकारी दी कि इमरान खान 8 अप्रैल की शाम देश को संबोधित करेंगे।

### 9 अप्रैल को अविश्वास प्रस्ताव पर होगी वोटिंग

3 अप्रैल को पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने इमरान खान के अनुरोध पर देश की संसद भंग कर दी थी। उन्होंने संसद के डिप्टी स्पीकर कासिम सूरी द्वारा खान में अविश्वास प्रस्ताव को असंवैधानिक बताते हुए खारिज करने के कुछ मिनट बाद प्रस्ताव रखा।

अविश्वास प्रस्ताव के फैसले को विपक्षी दलों ने अदालत में चुनौती दी, जिसमें अदालत ने डिप्टी स्पीकर के फैसले को खारिज कर दिया और नेशनल असेंबली को बहाल कर दिया। इमरान खान को 9 अप्रैल को अविश्वास प्रस्ताव का सामना करना है।

# श्रीलंका में राजनीतिक स्थिरता बहाल करने प्राइवेट सेक्टर का सांसदों से आग्रह

**कोलंबो।** श्रीलंका में प्राइवेट सेक्टर ने देश के सांसदों से यह कहते हुए राजनीतिक स्थिरता बहाल करने का आग्रह किया है कि मौजूदा संकट से अर्थव्यवस्था और अधिक गर्त में जा रही है।

एक अभूतपूर्व प्रयासों के तहत 38 चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने संयुक्त रूप से स्पीकर, सांसदों और पार्टी नेताओं को पत्र लिखकर इस स्थिति से निपटने के लिए आर्थिक संकट को तत्काल हल करने की आवश्यकता पर बल दिया है। निर्यातकों, आयातकों, निर्माताओं, पर्यटन क्षेत्र, शिपिंग और रसद प्रदाताओं का सामूहिक रूप से प्रतिनिधित्व करने वाले चैंबर्स ने अपने पत्र में लिखा है कि अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आपूर्ति श्रृंखला का और तेजी से पतन हो रहा है, जो वित्तीय बाजारों और बैंकिंग प्रणालियों दोनों को गंभीर रूप से बाधित कर सकता है।

### यूक्रेन के रेलवे स्टेशन में रॉकेट हमला, 39 की मौत

कीव। पूर्वी यूक्रेन के क्रामटोर्स्क रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को रूसी सुरक्षा बलों की ओर से दागे गए दो रॉकेट हमले में कम से कम 39 लोगों की मौत हो चुकी है और अन्य 87 घायल हो गए। क्षेत्रीय गवर्नर पावलो क्यारिलेंको ने टेलीग्राम कर कहा कि स्टेशन में काफी विस्थापित लोग थे, जिनमें से कई की हालत गंभीर बनी हुई है। गवर्नर पावलो ने कहा कि रॉकेट हमलों में 39 लोगों की मौत हो गयी है और अन्य 87 घायल हो गए हैं। रूस ने हालांकि हमलों में अपनी संलिप्तता से इन्कार किया है। पत्रकारों से बात करते हुए क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूसी सशस्त्र बलों का आज क्रामटोर्स्क पर किसी तरह का हमला करना निर्धारित नहीं था।

### रूस, अमेरिका की एसटीएआरटी संधि पर नहीं पड़ेगा यूक्रेन की स्थिति का प्रभाव

मॉस्को। रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने कहा है कि यूक्रेन में जारी सैन्य कार्रवाई का रूस और अमेरिका के बीच नयी सामरिक शस्त्र न्यूनीकरण संधि (एसटीएआरटी) को पूरा करने से कोई संबंध नहीं है। हाल ही में अमेरिका के शस्त्र नियंत्रण और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के अवर सचिव बोनी जेनकिंस ने कहा कि वाशिंगटन और मॉस्को वर्तमान में यूक्रेन के घटनाक्रम के संबंध में हथियार नियंत्रण वार्ता करने की स्थिति में नहीं हैं, लेकिन दोनों पक्षों के लिए यह महत्वपूर्ण मुद्दा हैं। रयाबकोव ने कहा,हमें नहीं लगता है कि यूक्रेन में उत्पन्न स्थिति से नयी एसटीएआरटी संधि पर फर्क पड़ेगा। हम इस संधि को हथियारों के नियंत्रण और अमेरिका के साथ अपने संबंधों में रणनीतिक स्थिरता बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में देखते हैं। हम इसके तहत अपने दायित्वों को पूरी सख्ती से पालने कर रहे हैं, हम गहनता से निगरानी कर रहे हैं कि एसटीएआरटी के प्रावधानों को अमेरिका भी पालन करें। उल्लेखनीय है कि यह नयी संधि पांच फरवरी 2011 से प्रभाव में है। इसके तहत दोनों देश धीरे-धीरे अपने परमाणु शस्त्रागार को कुल 700 रॉकेट, 1,550 वारहेड और 800 लॉन्चर तक कम कर देगा।

### ब्रिटेन ने पुतिन की बेटियों पर लगाया प्रतिबंध

लंदन। ब्रिटेन ने शुक्रवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की बेटियों पर प्रतिबंध लगा दिया। सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया,ब्रिटेन ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की बेटियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। बयान में कह गया कि श्री पुतिन की बेटियां कतेरीना व्लादिमीरोवना तिखोनोवा और मारिया व्लादिमीरोवना वोरोत्सोवा तथा श्री लावरोव की बेटी येकातेरिना सर्गेयेवना विनोकुरोवा पर यात्रा प्रतिबंध लगा दिया गया और उनकी संपत्ति फ्रीज कर ली गयी। ब्रिटेन ने कहा कि यूक्रेन पर अवैध रूसी सैन्य अभियान के खिलाफ कार्रवाई पर वैश्विक एकता के रूप में अमेरिका के साथ इन प्रतिबंधों को लागू किया। इससे पहले ब्रिटेन ने 25 मार्च को श्री लावरोव की सौतेली बेटी पोलीना कोवालेवा पर प्रतिबंध लगाया था।

### इमरान सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर आज होगा मतदान

इस्लामबाद। पाकिस्तान की नेशनल एसेंबली में उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव पर शनिवार को मतदान होगा। नेशनल एसेंबली द्वारा सदन में चर्चा के लिए शुक्रवार को जारी किये गये छह सूत्री एजेंडा में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा चौथे नंबर पर है। जियो न्यूज की रिपोर्ट में बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट से नेशनल एसेंबली को भंग करने के सरकार के फैसले और नेशनल एसेंबली में डिप्टी स्पीकर कासिम सूरी के फैसले को असंवैधानिक घोषित करने के एक दिन बाद नेशनल एसेंबली को बहाल करने का निर्देश दिया। उच्चतम न्यायालय ने नेशनल एसेंबली के स्पीकर असद कैसर को प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान शनिवार को सुबह साढे दस बजे कराने के लिए सत्र बुलाने का निर्देश दिया। न्यायालय ने कहा कि एसेंबली हमेशा ही प्रभाव में थी और आगे भी चलती रहेगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

नई दिल्ली
शनिवार 09 अप्रैल 2022
Www.gauravshalibharat.com

# सोनू सूद के साथ दक्षिण अफ्रीका में एमटीवी रोडीज़ जर्नी की शुरुआत

एजेंसी



मुंबई। एडवेंचर रियलिटी शो एमटीवी रोडीज़ ने बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद के साथ अपने नये जर्नी की शुरूआत की।

एमटीवी रोडीज़ का नया सीजन 08 अप्रैल से शुरू होकर, शुक्रवार से रविवार शाम 7 बजे केवल एमटीवी और वूट पर प्रसारित होगा। इस शो को सोनू सूद द्वारा होस्ट किया जायेगा। यह शो पहली बार पूरी तरह से अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्म पर दक्षिण अफ्रीका के उबड़ खाबड़ इलाकों में शूट किया गया है।

दक्षिण अफ्रीका में एमटीवी रोडीज के सफर में नए प्रतियोगियों मुस्कान जट्टाना, अर्शवीर वाही, तनिश घोरपड़े, सिद्धार्थ मनोज, अंगद बवा, नंदिनी, साक्षी शर्मा, सिमी तलसानिया, साउंडस मौफकिर और जशवंत बोपन्ना के साथ पूर्व प्रतियोगी अरुषि चावला, बसीर अली, केविन अलमासिफर, काव्या खुराना, आरुषि दत्ता, सपना मलिक, युक्ति अरोड़ा, आशीष भाटिया, सोहिल सिंह झुट्टी, गौरव अलघ भी शो में वापसी करेंगे।

सोनू सूद ने कहा, मैं एमटीवी रोडीज़ जैसे शैली-परिभाषित शो का हिस्सा बनकर खुश हूं।

यह शो बेहद गहरी युवा भावना को प्रदर्शित करता है जो ऊर्जा से भरे हुए हैं तथा हर मुश्किल से निपटने के लिए हर चुनौती का सामना करने की हिम्मत रखते हैं।

इस नए सीज़न के साथ, मैं सभी प्रशंसकों को आश्वस्त कर सकता हूं कि वे एक ऑल-एक्शन रोलरकोस्टर राइड के लिए तैयार रहें।

मैं दक्षिण अफ्रीका में एमटीवी रोडीज जर्नी के निर्विवाद चैंपियन बनने के प्रतियोगियों की यात्रा का हिस्सा बनकर खुश हूं।

## वन मैन आर्मी में खतरनाक एक्शन सीन करते नजर आयेंगे प्रदीप पांडेय चिन्टू

मुंबई। भोजपुरी सिनेमा के चॉकलेटी स्टार प्रदीप पांडेय चिन्टू अपनी आने वाली फिल्म वन मैन आर्मी में खतरनाक एक्शन सीन करते नजर आयेंगे। प्रदीप पांडेय चिंटू इन दिनों वन मैन आर्मी की शूटिंग नेपाल के मुस्तांग के रमणियों जगहों पर कर रहे हैं। पशुपतिनाथ फ़िल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही इस फिल्म के निर्माता रंजीत सिंह एवं सोनू खत्री है, जबकि फ़िल्म के निर्देशन सोनू खत्री ही कर रहे है। इस फ़िल्म में प्रदीप पांडेय चिंटू खतरनाक एक्शन सीन करते नजर आयेंगे। फिल्म में चिंटू का खतरनाक बाईक चेजिंग स्टंट देखने को मिलेगा इस फिल्म में चिंटू के अपोजिट शिल्पा पोखरेल की जोड़ी बनाई गयी है।

# आईफा अवार्ड्स 2022 में परफॉर्म करने को लेकर रोमांचित है दिव्या खोसला कुमार

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्या खोसला कुमार आईफा अवार्ड्स 2022 में परफॉर्म करने को लेकर रोमांचित है।

आइफा अवार्ड्स 2022 धमाके के साथ वापसी कर रहा है। इस बार 22वें संस्करण का आयोजन यास आइलैंड, अबू धाबी में किया गया है सितारों से सजे इस अवार्ड फंक्शन में बॉलीवुड के कई नामचीन चेहरे परफॉर्म करते हुए नज़र आयेंगे। दिव्या खोसला कुमार पहली बार आईफा के मंच पर परफार्म करती नजर आएंगी।

दिव्या खोसला कुमार ने कहा, आईफा, भारतीय सिनेमा की विशाल पहुंच को रिप्रेजेंट करता है और भारतीय तटों से आगे पहुंचने वाला एक मेजर इंटरनेशनल इवेंट के रूप में देखा जाता है। आईफा ने वास्तव में भारतीय सिनेमा की दुनिया को शानदार शिखर तक पहुंचाया और इसे मौजूदा और नए दर्शक दिए हैं। मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं और अबू धाबी के यास आइलैंड में होने वाले 22वें एडिशन के लिए अपनी परफॉर्मेंस का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। इन अवॉर्ड के साथ आने वाली ग्लिट्ज और ग्लैमर बहुत अकल्पनीय है। दर्शकों और मेरे प्रसंशको के लिए परफॉर्म करना निश्चित रूप से मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मैं इसके लिए बहुत उत्साहित हूं क्योंकि यह पहली बार होगा जब मैं किसी अवॉर्ड शो में परफॉर्म कर रही हूं!



# बिग बी ने ट्रोलर्स को कहा, 'क्या कर लोगे'



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन की नयी फिल्म 'दसवीं' गुरुवार को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गयी। अभिषेक बच्चन के पिता और महानायक अमिताभ बच्चन फिल्म का प्रमोशन सोशल मीडिया पर कर रहे हैं। इस दौरान उनके एक फैंस ने बिग बी से सवाल पूछा जिसके जबाब में उन्होंने कहा, क्या कर लोगे??

अमिताभ बच्चे के ट्रोलर्स को दिए इस जवाब से सभी हैरान हो गए। यह पहली बार है जब बिग बी ने अपने बेटे अभिषेक की प्रशंसा करने में नाकाम रहे हैं। बिना किसी के नाम लिए बगैर 'रनवे 34' के अभिनेता अमिताभ बच्चन ने ट्विट किया, जी हाँ हुजूर, मैं करता हूँ... बधाई, प्रचार, मंगलाचार!! क्या कर लोगे??

इससे पहले दसवीं में उनके कार्य के लिए श्री अमिताभ ने हालांकि, अभिषेक को अपना 'उत्तराधिकारी' बताया था।

अमिताभ बच्चन ने पिछले महीने अपने पिता हरिवंश राय बच्चन को उद्धृत करते हुए ट्विटर पर लिखा, मेरे बेटे तुम मेरे वारिस इस लिए नहीं हो सकते क्योंकि तुम मेरे बेटे हो। मेरा उत्तराधिकारी मेरा पुत्र होगा- हरिवंश राय बच्चन। अभिषेक, तुम मेरे वारिस होगे, मैंने कहा है। अभिषेक बच्चन ने इस प्रशंसा का ट्विटर पर जवाब देते हुए लिखा, लव यू पापा, हमेशा और हमेशा के लिए।

उल्लेखनीय है कि 'दसवीं' एक भ्रष्ट राजनेता पर आधारित समाजिक कॉमेडी फिल्म है, जो भ्रष्ट नेता की कहानी को बताती है, जो जेल में रहते हुए भी दसवीं कक्षा की अपनी परीक्षा देने का फैसला करता है और अपने शिक्षा के अधिकार का प्रयोग करता है।

इस फिल्म का निर्देशन तुषार जलोटा ने किया है तथा इसमें निम्रत कौर और यामी गौतम ने अभिनय किया है। दिनेश विजन ने मैडॉक फिल्म्स, जियो स्टूडियोज और बेक माई केक फिल्म के बैनर तले इसको निर्मित किया है। दसवीं नेटफ्लिक्स इंडिया तथा जियो सिनेमा पर गुरुवार को रिजीज कर दी गयी है।



## तुलसी कुमार का गाना जो मुझे दीवाना कर दे रिलीज़

मुंर्ब। बॉलीवुड की जानी-मानी पार्श्वगायिका तुलसी कुमार का गाना 'जो मुझे दीवाना कर दे' रिलीज़ कर दिया गया है। टी सीरीज का नया गाना 'जो मुझे दीवाना कर दे' रिलीज़ कर दिया गया है। इस गाने के म्यूजिक वीडियो में तुलसी कुमार और रोहित खंडेलवाल नज़र आये। तुलसी कुमार ने अपनी आवाज़ से इस गाने को सजाया है। तुलसी कुमार इस गाने में पहली बार डांस करते हुए नज़र आ रही हैं, और उनके इस डांस स्टेप को डांस मेस्ट्रो गणेश हेगड़े ने कोरियोग्राफ किया है इस गाने का थीम शुगर एंड स्पाइसी एंड ऑल थिंग्स नाइस है।

## हीरोपंती 2 से सिंगिंग डेब्यू करेंगे टाइगर श्राफ

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्राफ अपनी आने वाली फिल्म हीरोपंती 2 से सिंगिंग डेब्यू करने जा रहे हैं।

टाइगर श्राफ इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म हीरोपंती 2 को लेकर चर्चा में हैं।

इस फिल्म में उनके साथ तारा सुतारिया और नवाजउद्दीन सिद्दिकी की भी अहम भूमिका है। साजिद नाडियाडवाला ने टाइगर श्रॉफ को अपनी फिल्म हीरोपंती से बॉलीवुड में लॉन्च किया था। साजिद अब टाइगर को अपनी अपकमिंग फिल्म हीरोपंती 2 में बतौर सिंगर भी लॉन्च करने जा रहें है। इस सॉन्ग का टाइटल मिस हैरान है, जिसका संगीत ए.आर रहमान ने कंपोज किया है और इसके लिरिक्स महबूब के है। वहीं गाने की कोरियोग्राफी अहमद खान और राहुल शेट्टी ने की है और इसे टाइगर श्रॉफ और निसा शेट्टी ने गाया है।

# गर्मियों में खीरा खाने से पहले जान लें ये बात वरना सेहत को होगा भारी नुकसान

प्रिया मिश्रा

**खीरे में बहुत से गुण मौजूद होते हैं, जो हमारी सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। लेकिन खीरा खाने का फायदा तभी होता है जब इसे सही तरीके से खाया जाए। डॉक्टर्स के मुताबिक खीरा खाने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए वरना इससे हमारे स्वास्थ्य को नुकसान हो सकता है।**



गर्मियों का मौसम शुरू होते ही हमारे खाने में एक चीज़ शामिल हो जाती है, और वो है खीरा। खीरे का ठंडा-ठंडा रायता, सलाद, या खीरे की सब्जी या कच्चा खीरा। लोग कई तरीकों से इसे अपने खाने में शामिल करते हैं। चिलचिलाती गर्मी में खीरा ठंडक तो देता ही है, इसके साथ ही यह हमारी सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है।

खीरे में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सिडेंट्स और विटामिन मौजूद होते हैं और इसमें कैलोरी बहुत कम होती है। यही वजह है कि जो लोग वजन कम करना चाहते हैं वे ज़्यादा मात्रा में खीरे का सेवन करते हैं। खीरे में बहुत अधिक मात्रा में पानी होता है इसलिए गर्मियों में खीरे के सेवन से शरीर में पानी की कमी नहीं होती। कुल मिलकर खीरे में बहुत से गुण मौजूद होते हैं, जो हमारी सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं।

लेकिन खीरा खाने का फायदा तभी होता है जब इसे सही तरीके से खाया जाए। डॉक्टर्स के मुताबिक खीरा खाने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए वरना इससे हमारे स्वास्थ्य को नुकसान हो सकता है। आइए जानते हैं कि खीरा खाने से पहले किन बातों का ध्यान रखना चाहिए -

खीरे में बहुत कम मात्रा में कैलोरी होती है इसलिए लोग वेट लॉस के लिए खीरा ज़्यादा खाते हैं। कई लोग रात में डिनर में अधिक मात्रा में खीरा खाते हैं। हालांकि, डॉक्टर्स के मुताबिक, रात में खीरा खाने से पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

लोगों को लगता है कि खीरे में पानी की अधिक मात्रा होती है इसलिए अगर वे रात में खाने की जगह खीरा ज़्यादा मात्रा में खा लेंगे तो इससे उन्हें भूख कम लगेगी और वे वजन जल्दी घटा पाएंगे। हालाँकि, खीरे को पचाना इतना आसान नहीं। इसलिए रात को खीरे का ज़्यादा मात्रा में सेवन नहीं करना चाहिए। इसके साथ ही डॉक्टर्स रात में सोने से 2-3 घंटे पहले खीरा खाने की सलाह देते हैं। रात में ज़्यादा मात्रा में खीरा खाने से अपच और नींद न आने की समस्या हो सकती है।

न्यूट्रिशनिस्ट के मुताबिक, खीरे में कुकुरबिटेसिन नामक तत्व पाया जाता है, जो खीरे की कड़वाहट के लिए भी जिम्मेदार होता है।

डॉक्टर्स के मुताबिक, फूलगोभी और ब्रोकोली की तरह, रात में ज़्यादा मात्रा में खीरा खाने से गैस, पेट फूलना और अपच की समस्या हो सकती है। यह सभी समस्याएं कुकुरबिटेनिस के कारण ही होती हैं।

खीरे में 95 प्रतिशत मात्रा तक पानी होता है इसलिए खीरा खाने के तुरंत बाद पानी नहीं पीना चाहिए। खीरे में कुकुरबिटेसिन, खीरे के छिलके में ज्यादा पाया जाता है इसलिए खीरा को खाने से पहले हमेशा अच्छी तरह धोकर, छीलकर और इसका ऊपरी भाग हटा कर ही खाना चाहिए।

# आंवला की मदद से बनाएं यह फेसपैक और रखें अपनी स्किन का ख्याल

मिताली जैन

**अगर आप स्किन पर होने वाले सनटैन से परेशान हैं और उसे दूर करने का नेचुरल उपाय खोज रहे हैं तो ऐसे में आप आंवला की मदद से बनने वाले इस फेसपैक का इस्तेमाल करें। इस फेस पैक को बनाने के लिए 2 बड़े चम्मच आंवला पाउडर लें और उसमें एक बड़ा चम्मच दही डालकर मिक्स कर लें।**



आंवले का सेवन सेहत के लिए बेहद ही लाभकारी माना गया है। लेकिन यह आपकी सेहत के साथ-साथ स्किन का भी उतनी ही बेहतर तरीके से ख्याल रखता है। दरसअल, आंवले में विटामिन सी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो ना केवल आपकी स्किन को अधिक ब्राइटन बनाता है, बल्कि स्किन को मुक्त कणों के हानिकारक प्रभावों से भी बचा सकता है। साथ ही साथ यह उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करने में भी मदद कर सकता है और इसलिए आपको जवां बना सकता हैं। आप इसे बतौर फेस पैक अपनी स्किन पर अप्लाई कर सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको आंवले की मदद से बनने वाले कुछ अमेजिंग फेस पैक के बारे में बता रहे हैं-

### आंवला और दही का फेस पैक

अगर आप स्किन पर होने वाले सनटैन से परेशान हैं और उसे दूर करने का नेचुरल उपाय खोज रहे हैं तो ऐसे में आप आंवला की मदद से बनने वाले इस फेसपैक का इस्तेमाल करें। इस फेस पैक को बनाने के लिए 2 बड़े चम्मच आंवला पाउडर लें और उसमें एक बड़ा चम्मच दही डालकर मिक्स कर लें। अब, उसमें थोड़ा सा शहद मिलाकर चिकना पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं। इसे सूखने दें और करीबन 15-20 मिनट बाद चेहरे को वॉश कर लें।

### आंवला और हल्दी का फेस पैक

यह फेस पैक ना केवल ऑयली स्किन के लिए अच्छा माना जाता है, बल्कि एक्ने व ब्रेकआउट्स आदि को भी कम करने में मददगार है। दरअसल, हल्दी में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं जो रोम छिद्रों को साफ करने में मदद करते हैं और इस तरह मुंहासों को रोकते हैं। इस फेसपैक को बनाने के लिए एक बाउल में 3 टेबल स्पून आंवला पाउडर, 1 टीस्पून हल्दी पाउडर और 2 टेबलस्पून नींबू का रस मिलाएं। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं और 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। अंत में, गुनगुने पानी की मदद से चेहरे को वॉश कर लें।

### आंवला और पपीता का फेस पैक

आंवला और पपीता दोनों मिलकर त्वचा को साफ करते हैं और पिगमेंटेशन को कम करते हैं। इस पैक को बनाने के लिए दो बड़े चम्मच आंवले का रस लें और उसमे दो बड़े चम्मच मैश किया हुआ पपीता डालकर मिक्स कर लें। अब, रुई की मदद से इसे अपने चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट तक लगा रहने दें। अंत में, ठंडे पानी से धो लें और दो सप्ताह तक हर दूसरे दिन इस फेस पैक का इस्तेमाल करें।

# अर्जुन की छाल से दूर होती हैं ये 5 स्किन प्रॉब्लम्स, जानें इसका फेसपैक बनाने का तरीका

प्रिया मिश्रा

**अर्जुन की छाल से कई तरह की त्वचा संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए प्रयोग किया जाता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट, एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटीमाइक्रोबियल गुण होते हैं जो त्वचा की समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं।**

आयुर्वेद में अर्जुन का पेड़ को औषधीय गुणों का खजाना बताया गया है। अर्जुन के पेड़, फल, पत्तियों और जड़ों का इस्तेमाल आयुर्वेद में कई बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल किया जाता है। आपको बता दें कि अर्जुन की छाल से कई तरह की त्वचा संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए प्रयोग किया जाता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट, एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटीमाइक्रोबियल गुण होते हैं जो त्वचा की समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं। आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे कि अर्जुन की छाल के पाउडर से कौन सी स्किन प्रॉब्लम्स दूर होती हैं -

### ड्राई स्किन

ड्राई स्किन वालों के लिए अर्जुन की छाल एक कारगर औषधि है। इसका अर्क त्वचा में नमी को बरकरार रखने में मदद करता है। इसके साथ ही यह त्वचा में सीबम के उत्पादन को बढ़ाता है। चेहरे पर अर्जुन की छाल से बना फेसपैक लगाने से ड्राई स्किन की समस्या दूर होती है और चेहरे पर रौनक आती है।

### फाइन लाइंस और झुर्रियाँ

चेहरे पर अर्जुन की छाल लगाने से बढ़ती उम्र के लक्षणों को रोकने में मदद मिलती है।

इसमें भरपूर मात्रा में एंटी ऑक्सीडेंट गुण होते हैं जो त्वचा की फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाव करते हैं। अर्जुन की छाल स्किन पर लगाने से त्वचा में कसाव आता है और फाइन लाइंस और झुर्रियों की समस्या दूर होती है।

फुंसी और खुजली

अर्जुन की छाल में एंटी इन्फ्लेमेटरी गुण होते हैं जिससे त्वचा पर सूजन और लालिमा की समस्या दूर होती है। इसके अलावा चेहरे पर फुंसी और खुजली की समस्या में भी अर्जुन की छाल का इस्तेमाल फायदेमंद होता है। इससे त्वचा को ठंडक मिलती है और खुजली की समस्या दूर होती है।

### पिंपल्स

मुंहासों की समस्या में भी अर्जुन की छाल का फेस पैक कारगर घरेलू नुस्खा है। इसमें एंटीमाइक्रोबियल गुण होते हैं जो त्वचा पर मुंहासों और पिंपल्स की समस्या को दूर करते हैं। इस

### दाग-धब्बों

जिन लोगों को चेहरे पर दाग-धब्बों की समस्या होती हैं उनके लिए अर्जुन की छाल का फेसपैक बहुत कारगर है। इसे चेहरे पर लगाने से कील मुहांसों की समस्या दूर होती है। इसके साथ ही चेहरे के काले दाग-धब्बों और टैनिंग को मिटाने के लिए भी अर्जुन की छाल फायदेमंद होती है।

अर्जुन की छाल का फेस पैक बनाने की विधि

अर्जुन की छाल का फेस पैक बनाने के लिए इस पेड़ की छाल का पाउडर लें।

अब इसमें एक चम्मच कच्चा दूध या शहद मिला लें।

अब इस पेस्ट को अपनी त्वचा के प्रभावित स्थान पर लगाएं।

इसके बाद 15-20 मिनट बाद साफ पानी से धो दें।



CMYK CMYK CMYK CMYK